ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 6 जून 2024
वर्ष 34, अंक 130, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मैंने द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर वह नहीं माने 15

सनी लियोनी की 'कोटेशन गैंग' का पोस्टर रिलीज 16

# राजग ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को चुना नेता

## राष्ट्रपति के समक्ष कल पेश कर सकते हैं सरकार बनाने का दावा, तीसरी बार संभालेंगे देश की बागडोर

- सत्तारूढ़ गठबंधन की 7 जून को होगी एक और बैठक
- सप्ताहांत तक हो सकता है नई सरकार का शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, एजेंसी



राजग की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू प्रमुख नीतीश कुमार व शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एकनाथ शिंदे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बुधवार को सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में मोदी ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के एक दिन बाद यहां सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में राजग के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में शामिल सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया और दावा किया कि उनके नेतृत्व में राजग सरकार भारत के गरीब, महिला, युवा, किसान, शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव राजग ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी राजग के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए राजग सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान इस बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के जीतनराम मांझी, जन सेना पार्टी के पवन कल्याण, राकांपा (अजित पवार) के प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे, अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, असम गण परिषद के अतुल बोरा, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के इंद्र हंग सुब्बा, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के सुदेश महतो और जद(यू) के राजीव रंजन सिंह और संजय झा भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा की तरफ से इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह ने बैठक में हिस्सा लिया।

तेदेपा, जद (यू), शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और लोजपा (रामविलास) ने क्रमशः 16, 12, सात और पांच लोकसभा सीट जीती हैं और ये दल सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रस्ताव में कहा गया कि 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। इसमें कहा गया कि बहुत लंबे अंतराल, लगभग छह दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। सूत्रों ने बताया कि 7 जून को राजग की एक और बैठक हो सकती है, जिसके बाद राष्ट्रपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। शपथ ग्रहण की तारीख को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन गठबंधन के कुछ सदस्यों का मानना है कि अगर नई सरकार की रूपरेखा जल्द तैयार हो जाती है, तो यह (शपथ ग्रहण) सप्ताहांत तक हो सकता है।

### फड़णवीस ने की इस्तीफे की पेशकश



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपेक्षा से विपरीत प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए बुधवार को पार्टी हाईकमान के समक्ष सरकार के पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। फडणवीस ने आज यहां मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र के नतीजों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले रहे हैं क्योंकि राज्य में पार्टी का दायित्व उन पर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भाजपा नेतृत्व से अनुरोध करता हूं कि मुझे सरकार की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए ताकि मैं आगामी चुनावों में पार्टी की सफलता के लिए और कड़ी मेहनत कर सकूं। राज्य में विधानसभा के चुनाव इस साल के उत्तरार्ध में होने वाले हैं।

### राष्ट्रपति ने भंग की सत्रहवीं लोकसभा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सत्रहवीं लोकसभा बुधवार को भंग कर दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रपति से सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई थी। राष्ट्रपति ने इस सिफारिश पर अमल करते हुए संविधान के अनुच्छेद 85 के उपबंध (2) के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे पहले दोपहर में मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंपा था।

### महत्वपूर्ण विभागों की मांग कर सकते हैं तेदेपा, जदयू

ऐसी चर्चा है कि सरकार गठन के सिलसिले में तेदेपा और जद(यू) जैसे दलों की ओर से कुछ महत्वपूर्ण विभागों की मांग की जा सकती है, क्योंकि उनका समर्थन सरकार के गठन और अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस बार नई सरकार की सूरत बदली-बदली नजर आने की संभावना है, क्योंकि भाजपा को अपनी बदौलत बहुमत नहीं मिला है और उसे अपने सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ेगा। राजग 293 से अधिक सीट हासिल कर 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के लिए जरूरी 272 के जादुई आंकड़े को पार कर गया है।

## जनादेश मोदी के खिलाफ : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी



इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल राहुल गांधी, अखिलेश व डीएमके नेता स्टालिन।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडी गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक में बुधवार को कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ है, लेकिन वह इसे नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खरगे ने बैठक में अपने संबोधन में कहा कि मैं इंडी गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताक़त से लड़े। आप सबको बधाई। बैठक के बाद कहा कि इंडी गठबंधन सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेगा बल्कि सही समय का इंतजार करेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ख़िलाफ़ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत न देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ़ संदेश दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, व्यक्तिगत रूप से नरेन्द्र मोदी के लिए यह ना सिर्फ़ राजनीतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। उन्होंने दावा किया कि परन्तु, हम सब उनकी आदतों से वाक़िफ़ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खरगे ने कहा कि हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि इंडी गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है, जो भारत के संविधान की प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। बैठक में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के अलावा घटक दलों के तमाम नेता शामिल हुए।



- इंडी गठबंधन की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे



## सेंसेक्स 2,303 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

- चुनाव नतीजों के झटकों से उबरा बाजार
- निवेशकों की 13.22 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

**मुंबई।** चुनाव नतीजों के झटके से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा। लोकसभा चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने के कारण शेयर बाजार में मंगलवार को चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों की सरकार गठन को लेकर बातचीत के बाद बाजार चढ़ा है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,303.19 अंक यानी 3.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735.85 अंक यानी 3.36 प्रतिशत उछलकर 22,620.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 785.9 अंक तक चढ़ गया था। बाजार में आई तेजी से निवेशकों को 13.22 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ।

## राहुल गांधी को सौंपा रायबरेली से जीत का प्रमाण पत्र

### केएल शर्मा ने सोनिया से लिया आशीर्वाद



**अमेठी।** स्मृति ईरानी को हराने वाले कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को दिल्ली आकर गांधी परिवार से मुलाकात की है। किशोरी लाल ने राहुल गांधी को रायबरेली की जीत का प्रमाण पत्र सौंपा और सोनिया गांधी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान सोनिया गांधी ने किशोरी लाल से कहा कि आप जैसे हैं, वैसे ही रहना है। किसी प्रकार का घमंड नहीं करना है। शर्मा ने कहा कि मैं गांधी परिवार की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरूंगा। किशोरी लाल ने कहा कि जीत के साथ जिम्मेदारी भी आती है और वो जिम्मेदारी मैं महसूस कर रहा हूं। अमेठी की जनता के साथ मिलकर मैं काम करूंगा तो निश्चित रूप में सफल होऊंगा। मैं बिना जनता को इन्वॉल्व किए कोई काम नहीं करूंगा। मैं बिना जनता की रजामंदी और सहमति के कोई काम नहीं करूंगा। किशोरी लाल ने स्मृति इरानी को एक लाख 67 हजार वोटों से हराया है।




## एयर कनाडा की फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप

**नई दिल्ली।** एयर कनाडा की टोरंटो जाने वाली उड़ान में उस समय हड़कंप मच गया जब यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को विमान में बम रखे होने की धमकी वाला ईमेल मिला। हालांकि बाद में धमकी फर्जी निकली। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन लिमिटेड के कार्यालय में मंगलवार रात 10:50 बजे एक ईमेल मिला कि दिल्ली से टोरंटो जाने वाली एयर कनाडा की उड़ान में एक बम रखा है।

## 'खटाखट' वाली रकम लेने पहुंचीं महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### कांग्रेस ने महिलाओं को एक लाख देने का किया था वादा



रुपये लेने को परिजनों के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना देने का वादा किया था जिसके तहत बुधवार को काफी संख्या में महिलाएं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गईं और गारंटी कार्ड जमा करने में मांग की। महिलाओं के अचानक पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने महिलाओं को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत किया। अभी सरकार न बनने का तर्क दिया।

कांग्रेस मुख्यालय पर बुधवार को सुबह से ही महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी। दोपहर तक काफी संख्या में महिलाएं एकत्रित हो गईं। इसमें ज्यादातर मुस्लिम थीं। वे गारंटी कार्ड लेने पहुंची थीं। मुख्यालय में पार्टी नेता चुनाव में शानदार प्रदर्शन पर एक-दूसरे को बधाई दे रहे थे। महिलाओं के पहुंच जाने पर सभी सकते में आ गए। मौजूद नेताओं ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया। मालूम हो कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने कई परिवारों को 'गारंटी कार्ड' वितरित किए थे। चुनावी सभाओं में इस घोषणा को लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी का 'खटाखट-खटाखट' खाते में रुपये आने वाला बयान भी खूब चर्चा में रहा था। इस 'खटाखट-खटाखट' की नकल करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना भी साधा था।

- राहुल गांधी ने कहा था, खटाखट रुपये मिलेंगे

### घोषणा पत्र में थी, सरकार बनने पर दी जाएगी रकम की बात

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि घोषणा पत्र में सरकार बनने के बाद गरीब महिलाओं को रकम देने की बात कही गई थी। चुनाव से पहले बड़ी संख्या में यह कार्ड लोगों को बांटे भी गए थे। सभी प्रत्याशियों ने भी अपने क्षेत्रों में गारंटी कार्ड बांटे थे। इस कार्ड में महिला का नाम, पता व नंबर का उल्लेख है।

## पुलिस मुठभेड़ में मारा गया इनामी बदमाश

**नोएडा, एजेंसी :** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुधवार रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2.25 लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। अधिकारियों के मुताबिक, मारा गया गैंगस्टर बिहार के बेगूसराय जिले का रहने वाला था। मुजफ्फरनगर के रतनपुरी इलाके में यूपी और बिहार के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (यूपी एसटीएफ व कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि नीलेश राय के खिलाफ हत्या, लूटपाट और जबरन वसूली सहित 16 मुकदमे दर्ज थे। यह भी बताया कि संयुक्त अभियान में यूपी एसटीएफ की नोएडा इकाई व बिहार एसटीएफ की मुजफ्फरनगर के रतनपुरी थाना क्षेत्र में अपराधियों के साथ मुठभेड़ हुई। जिसमें नीलेश घायल हो गया। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। नीलेश पर बिहार सरकार ने 2.25 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

- अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 तक बढ़ी



- कोर्ट का अंतरिम जमानत देने से भी इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने का आग्रह करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी। अदालत मामले में वैधानिक जमानत का आग्रह करने वाली केजरीवाल की याचिका पर सात जून को सुनवाई कर सकती है।

शनिवार को सुनवाई के दौरान ईडी ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि उन्होंने पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार किया लेकिन अब जब उन्हें आत्मसमर्पण करना है तो वह अचानक बीमार होने का दावा कर रहे हैं।

## उत्तरकाशी के सहस्त्रताल ट्रैक पर नौ ट्रैकर्स की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- 5 ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू किए, 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया
- मौसम खराब होने से रेस्क्यू अभियान में आ रही बाधा

**अमृत विचार** : उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल में ट्रैकिंग पर गया 22 सदस्यीय दल मौसम खराब होने के चलते फंस गया। जिसमें 9 ट्रैकर्स की मौत हो गई, पांच ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू कर लिए गए। 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया है। सेना के साथ एसडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी है, लेकिन खराब मौसम रेस्क्यू में बाधक बन रहा है।

एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा के मुताबिक 22 सदस्यीय दल ट्रैकिंग के लिए 29 मई को रवाना हुआ था। 2 जून तो दल सहस्त्रताल के कोखली टॉप बेस कैंप पहुंचा। 3 जून को वहां खराब मौसम में ट्रैकिंग दल फंस गया। पूरी रात उन्हें ठंड में बितानी पड़ी। अगले दिन दल को ले जाने वाली गढ़वाल माउंटनेरिंग एवं ट्रैकिंग एजेंसी के मालिक को सूचना मिली कि ठंड लगने से चार ट्रैकर की मौत हो गई है जबकि सात की तबियत खराब है और 11 ट्रैकर फंसे हुए हैं। आनन-फानन में रेस्क्यू शुरू किया गया। सेना के जवान रेस्क्यू में जुट गए। बाद में एसडीआरएफ भी मदद को पहुंच गई।

## बुलंदशहर के जिला पूर्ति अधिकारी समेत कई निलंबित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बुलंदशहर में भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से राशन की कालाबाजारी मामले में जांच के बाद जिला पूर्ति अधिकारी सुनील सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी जिया अहमद करीम, विपणन निरीक्षक सुधीर कुमार व पूर्ति निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव को निलम्बित कर दिया है। इसके अलावा परिवहन ठेका फर्म को ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है। खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि डिपो प्रभारी-ब्लॉक प्रेषण प्रभारी शालिनी पचौरी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी इंद्रपाल सिंह व विपणन निरीक्षकों गौरव कुमार, विनोद कुमार दोहरे, मुकेश कुमार, राजीव शर्मा व मनोज कुमार के विरुद्ध खाद्यान्न प्रेषण कार्य में लापरवाही बरतने व अभिलेखों का समुचित रखरखाव न करने के कारण विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**धांधली** शिक्षा के अधिकार अधिनियम को ठेंगा दिखा रहे निजी स्कूल, 50 प्रतिशत बच्चों के अभिभावक प्रबंधकों की परिक्रमा करने को मजबूर

## 300 करोड़ का भुगतान, फिर भी गरीब बच्चे प्रवेश को परेशान

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**अमृत विचार** : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों के लिए सरकार की ओर से पिछले सत्र का करीब 300 करोड़ रुपये फीस भुगतान किया जा चुका है। उसके बाद भी शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए चयनित 50 प्रतिशत बच्चों का प्रवेश लेने में निजी स्कूल आनाकानी कर रहे हैं। जहां प्रवेश लिए जा रहे हैं वहां किसी न किसी मद में भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

आरटीई अधिनियम कहता है कि फीस प्रतिपूर्ति का पैसा सरकार देती है ऐसे में कोई शुल्क निजी स्कूल अभिभावकों से नहीं ले सकते हैं। कई बार बच्चे का साल न बर्बाद हो इस डर से एडमिशन फीस अभिभावक चुका भी देते हैं फिर भी किसी न किसी मद में अवैध धन उगाही जारी है। हालात ये हैं कि गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने वाली हैं और आरटीई के तीन चरणों की लाटरी खुल चुकी है लेकिन 50 प्रतिशत गरीब बच्चों को प्रवेश निजी स्कूलों ने नहीं दिया है। मनमानी के चलते पिछले सत्र में भी हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित रह गए थे। अभिभावकों से स्कूल प्रबंधक आवेदन और फार्म का शुल्क मांग रहै हैं। वार्षिक समारोह- प्रतियोगिताओं के नाम पर भी शुल्क मांगा जा रहा है।

### प्रवेश न मिला तो बाधित होगी बच्चों की पढ़ाई

ग्रीष्मावकाश समाप्त होने वाले हैं। विद्यालय खुलते ही जब अन्य बच्चे पढ़ाई कर रहें होंगे तो आरटीई के तहत चयनित बच्चे एडमिशन के लिए चक्कर लगा रहे होंगे।

### चौथे चरण के लिए जारी किए गए आवेदन पत्र

आरटीई के चौथे चरण में एक जून से 20 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। सत्यापन 21 जून से 27 जून तक होंगे। लॉटरी 28 जून को निकलेगी। प्रवेश की अंतिम तिथि 7 जुलाई है।

### 18 हजार चयनित, प्रवेश सिर्फ 8 हजार को

तीन चरणों में अब तक अकेले लखऊ में 18 हजार बच्चे चयनित हुए लेकिन प्रवेश 8 हजार बच्चों को ही मिल पाया।10 हजार बच्चों के अभिभावक निजी विद्यालयों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं।

### 55 हजार स्कूलों में दो लाख सीटों पर प्रवेश का लक्ष्य

प्रदेश भर के 55 हजार से अधिक निजी स्कूलों में इस बार दो लाख बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। वहीं आरटीई के 3 चरणों में 1,52,993 बच्चों का चयन हुआ है।



आरटीई के तहत सभी निजी विद्यालयों के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को निशुल्क एडमिशन देना अनिवार्य है। यदि कोई विद्यालय प्रबंधन प्रवेश लेने से मना कर रहा है या अभिभावक को परेशान कर रहा है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

–**कंचन वर्मा**, शिक्षा महानिदेशक

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहरः 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



# आईटी चौराहे से निशातगंज को जोड़ने वाले इंदिरा ओवरब्रिज पर करें सफर

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** आईटी चौराहा से निशातगंज को जोड़ने वाला इंदिरा ओवरब्रिज पर आवागमन बुधवार शाम को खुल गया।

डालीगंज, निराला नगर, बादशाहनगर समेत अन्य इलाकों के करीब 50 हजार आबादी को अब आने जाने में राहत मिलेगी। लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी ने मरम्मत कार्य के लिए 23 अप्रैल को पुल बंद किया था।

निशातगंज इंदिरा ओवरब्रिज का निर्माण वर्ष 1978 में हुआ था। पुल से रोजाना 50 हजार से अधिक लोग डालीगंज, निराला नगर, बादशाहनगर समेत अन्य इलाकों में आते जाते हैं। पुल की हालत खराब थी। एक्सपेंशन ज्वाइंट जर्जर हो गए थे। इससे वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोग पुल जर्जर के चलते हिचकोले खाने को विवश थे। जहां शासन के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने ओवरब्रिज के जर्जर एक्सपेंशन ज्वाइंट बदलने के लिए 46 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाया। बजट मंजूर होते ही पीडब्ल्यूडी ने ब्रिज के जर्जर एक्सपेंशन ज्वाइंट बदलने को 23 अप्रैल से एक माह के लिए पुल बंद कर निर्माण कार्य शुरु करा दिया था, लेकिन बाद में रेलवे ने क्रॉसिंग के ऊपर भी मरम्मत कार्य का जिम्मा पीडब्ल्यूडी को दे दिया। रेलवे ने क्रॉसिंग के ऊपर मरम्मत कार्य भी पीडब्ल्यूडी से करवाया। इस काम में 15 अतिरिक्त दिन लगे। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने बुधवार को पुल का निरीक्षण कर दिन में लोगों की बुधबाजार आवागमन सुविधा के लिए पुल खुलवा दिया।

**▸▸ मरम्मत कार्य के लिए 23 अप्रैल से बंद पुल आवागमन के लिए खोल दिया गया है**

### जल्द सड़कों पर उतरेंगी चुनाव में लगी बसें

**अमृत विचार लखनऊ :** रोडवेज के यात्रियों का बसों के लिए घंटों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। लोकसभा चुनाव में भेजी गईं बसें लौटने लगी हैं। 10 जून तक सभी बसें यात्री सेवाओं के लिए सड़क पर आ जाएंगी। परिवहन निगम के जन संपर्क अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए प्रदेश भर से 2300 रोडवेज की बसें लगाई गई थीं। इसमें लखनऊ रीजन की भी 170 बसें शामिल थीं। चुनाव संपन्न हो चुका है। सभी चालकों को 10 जून तक बसें डिपो में पहुंचने का निर्देश दिए गए हैं। अजीत ने बताया कि लखनऊ से रोजाना दो से तीन लाख यात्री सफर करते हैं। बसों की कमी से इन यात्रियों को परेशानी हो रही थी। बसें जल्द निर्धारित रूट पर संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है।



तेज धूप से बच्चे को बचाने के लिए कपड़े में लपेटने के साथ दंपति ने छाते का भी सहारा लिया।

## एक नजर

### नगर निगम में समाधान दिवस कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में शुक्रवार को सुबह 9 से दोपहर 12 :30 बजे तक समाधान दिवस आयोजित होगा। इसमें भवनों के जीआईएस सर्वे के दौरान गृहकर निर्धारण में हुई गड़बड़ी पर भवन स्वामी उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। नगर निगम के अधिकारी व जीआईएस सर्वे कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रबंधक आदित्य कुमार के नेतृत्व में 6 जून अन्तर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस पर अभियान चलाया जाएगा। इसमें रेलवे समपार को पार करने में सावधानियों के बारे में जागरूक किया जाएगा। रेल खंडों पर अनारक्षित समपारों, स्टेशनों के समीपवर्ती गावों में यातायात, इन्जीनियरिंग, यांत्रिक, सिग्नल विभाग के निरीक्षक पर्यवेक्षक, रेलवे सुरक्षा बल की देख-रेख में बैनर, पोस्टर, पम्पलेट और नुक्कड़ नाटक से लोगों को जानकारी देंगे।

# हमारी दुआ से जीता गठबंधन, अब एक लाख की गारंटी दो

## कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं मुस्लिम महिलाओं ने कहा, जीत के लिए भोलेनाथ की पूजा भी की थी



कांग्रेस प्रदेश कार्यालय के बाहर खड़ीं मुस्लिम महिलाएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के अगले ही दिन बुधवार को बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं कांग्रेस का गारंटी कार्ड लेकर कार्यालय पहुंच गईं। इन महिलाओं का कहना था कि कांग्रेस गठबंधन की जीत के लिए नमाज अदा की, दुआ मांगी और भगवान की पूजा भी की। दावा किया कि उन्हीं की दुआ के असर से चुनाव में गठबंधन का इतना अच्छा प्रदर्शन हुआ है। महिलाओं का कहना था कि कई फार्म जमा कर लिए गए हैं लेकिन कोई रसीद नहीं दी गई है।

कांग्रेस कार्यालय पहुंची महिलाओं ने कांग्रेस का गारंटी कार्ड दिखाते हुए एक लाख रुपए की मांग की। कई महिलाओं ने पहले से मिले गारंटी कार्ड पर अपना नाम, पता और नंबर भरकर पार्टी दफ्तर में जमा भी किया।

इन महिलाओं में शामिल जुबैदा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के लिए बड़ी नमाज पढ़ी है, दुआ मांगी, इतना ही नहीं भोलेनाथ के सामने हाथ जोड़कर पूजा भी की है। तस्लीम ने कहा कि गारंटी कार्ड बारे में कांग्रेस कार्यालय की तरफ से कुछ नहीं बताया गया है। कुछ महिलाओं ने कहा कि जिनके पास कार्ड नहीं है उन्हें दोपहर बाद बुलाया गया है।

महिलाओं का कहना था कि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने पैसे देने का वादा किया था। यह भी कहा था कि 5 जून को पैसे लेने आ जाएं। अब इंडी गठबंधन ने अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए हम लोग गांरटी कार्ड जमा करने आए हैं।

# पारा 41.4 डिग्री, कल से चलेगी गर्म हवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ में सुबह से छाए बादल और बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट आई है। दिन का तापमान 41.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक का अनुमान है कि शुक्रवार से लखनऊ और उसके आसपास गर्म हवा चलेगी। पछुवा हवाओं की बढ़ती रफ्तार से तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

शहर के आसमान पर बुधवार सुबह बादल छा गए। करीब साढ़े आठ बजे कुछ देर तक बूंदाबांदी हुई। ऐसे में पछुआ हवाओं की रफ्तार बढ़ गई। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, दिन का अधिकतम तापमान 41.4 और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। एक दिन पहले तापमान करीब डेढ़ डिग्री अधिक था।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि शुक्रवार से पछुवा हवा की रफ्तार बढ़ सकती। गर्म हवाओं की रफ्तार 30-35 किमी तक रहेगी। तापमान में होने वाली बढ़ोतरी एक सप्ताह तक रहेगी। इस दौरान बारिश की संभावना बहुत कम है।

### फतेहपुर जनपद रहा सबसे गर्म

प्रदेश में फतेहपुर जनपद सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 46 .2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आगरा का अधिकतम तापमान 46 डिग्री रहा। झांसी 45 .9 डिग्री सेल्सियस रहा। कानपुर का तापमान 45 .6 डिग्री रहा। प्रयागराज का पारा 45 .4 रिकार्ड किया गया।

# चारबाग स्टेशन पर यात्री को 20 रुपये में बेचा 15 वाला रेल नीर

## स्टेशन पर उतरे यात्री ने डीआरएम से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चारबाग रेलवे स्टेशन पर 15 रुपये वाला रेल नीर 20 रुपये में बेचा जा रहा है। ट्रेनों के एसी में कूलिंग भी नहीं हो रही है। ये शिकायतें रेल यात्रियों ने डीआरएम से की हैं।

वाराणसी से देहरादून जाने वाली जनता एक्सप्रेस बुधवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर रुकी। ट्रेन में यात्रा कर रहे निशांत तिवारी ने प्लेटफॉर्म पर एक स्टॉल से रेलनीर की बोतल खरीदी। उनका आरोप था कि वेंडर ने बोतल के 15 की बजाए 20 रुपये वसूले। स्टेशन पर उन्होंने डीआरएम एस एम शर्मा से इसकी शिकायत की।09405 साबरमती पटना एक्सप्रेस को चारबाग स्टेशन से पहले आउटर पर रोक दिया गया। ट्रेन करीब 45 मिनट खड़ी रही।

इस दौरान यात्री गर्मी में परेशान रहे। सिकंदराबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस की यात्री वर्षा शुक्ला और 14232 मनवर संगम एक्सप्रेस के यात्री अंकुर ने बताया कि थर्ड एसी बोगी वी-1 में एसी कूलिंग नहीं कर रहा है। इन यात्रियों ने भी डीआरएम से समस्या की शिकायत की।

**स्पेशल ट्रेनें लेट, यात्री हुए परेशान :** गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों के लिए मुसीबत बनी हुई है। 05324 छपरा समर स्पेशल, 05034 बटनी गोरखपुर डेमू, 04010 आनंद विहार एक्सप्रेस, 04679 गुवाहाटी वैष्णो देवी स्पेशल व 04255 लखनऊ एक्सप्रेस स्पेशल एक से दो घंटे तक की देरी की शिकार हुई। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### यात्रियों को जाम से जूझते देख भड़के डीआरएम

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर बेहतर यातायात प्रबंधन के रेलवे के दावों की पोल बुधवार डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा के सामने खुल गई। स्टेशन परिसर में यात्रियों को जाम से जूझते देख डीआरएम भड़क गए। उन्होंने परिसर में ऑटो का प्रवेश बंद कराने के निर्देश दिए। स्टेशन परिसर में करीब दो दर्जन ऑटो ने कब्जा कर रखा था। रेलवे कोर्ट के सामने बेतरतीब खड़े ऑटो से जाम लग गया। इससे पैदल निकल रहे यात्री भी परेशान थे। सुबह करीब 10 बजे गंगा गोमती एक्सप्रेस, वाराणसी शटल सुपरफास्ट, गोरखपुर-प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस समेत एक दर्जन ट्रेनें आती हैं इन ट्रेनों से उतरने वाले यात्रियों को लेने के लिए चालक ऑटो लेकर प्लेटफार्म 8 और 9 की ओर लगे एक्सेलेटर और लिफ्ट तक पहुंच जाते हैं। इस कारण ही जाम की समस्या बनती है।

### डीआरएम ने लखनऊ जंक्शन का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊः** ग्रीष्मकाल के दौरान सुरक्षित ट्रेन संचालन को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार ने बुधवार को लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर यात्री सुविधा, संरक्षा, सुरक्षा, रेल लाइनों की क्षमता विस्तार की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान रूट रिले रूम पर इंटर लॉकिग व्यवस्था का निरीक्षण किया। प्वाइंट,क्रासिंग रजिस्टर, सतर्कता आदेश रजिस्टर को देखा। लखनऊ जंक्शन यार्ड में स्वीच एक्सपेंशन ज्वाइंट,प्वाइंट,क्रासिंग का गहन निरीक्षण किया।

# पार्षदों ने एक साथ मांगी वार्ड विकास निधि की चारों किश्तें

**अमृत विचार, लखनऊ :** पार्षदों ने बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह से मुलाकात कर अपने अपने क्षेत्र की समस्याएं। इसके अलावा वार्ड विकास निधि की चारों किश्तें एक साथ जारी करने की मांग की है।

वार्ड के विकास के लिए पार्षदों को प्रत्येक वर्ष जीएसटी काटकर चार किश्तों में 1.25 करोड़ रुपये वार्ड विकास निधि जारी की जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत पार्षदों को वार्ड विकास निधि की एक भी किश्त जारी नहीं हुई है। पार्षदों का कहना है कि निधि जारी न होने से सभी 110 वार्डों में विकास कार्य ठप हैं। बुधवार को पार्षदों ने नगर आयुक्त से मुलाकात कर वित्तीय वर्ष की चारों किश्तें एक साथ जारी करने की मांग की है। उनका कहना था कि समय से किश्त न जारी होने से एक या दो किश्तें लैप्स हो जाती हैं। इस कारण वार्डों में विकास कार्य बाधित होते हैं। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को पार्षदों की समस्याओ के निराकरण करने के आदेश दिए हैं। पार्षदों ने बारिश से पहले नाले और नालियों की सफाई पूरी कराने की मांग भी की। बैठक में पार्षद मुन्ना मिश्रा, संजय राठौर, रामकुमार वर्मा, पंकज पटेल और पूर्व पार्षद संतोष राय उपस्थित रहे।

# 70 दिन बाद फिर शहर में घूमेगा विकास का पहिया

## आज समाप्त हो जाएगी चुनाव आचार संहिता, जल्द निकाले जाएंगे टेंडर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनाव आचार संहिता गुरुवार से खत्म हो रही है। इसके साथ ही 70 दिन से शहर में रुका विकास कार्यों का पहिया फिर घूमने लगेगा। नगर निगम इसी महीने सड़क, नाला, नाली, पार्क निर्माण और सबमर्सिबल पंप लगाने समेत अन्य विकास कार्यों के लिए टेंडर निकालेगा।

आम चुनाव की आचार संहिता 15 मार्च 2024 को लागू हुई। 4 जून को चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसके कारण नगर निगम के प्रस्तावित कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो सके थे। 6 जून को आचार संहिता समाप्त हो जाएगी। 9 जून को नई दिल्ली में नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। इसके बाद नगर निगम कार्यकारिणी बैठक बुलाई जाएगी।

इस बैठक में शहर के विकास को लेकर कई निर्णय लिए जाएंगे। नगर निगम सीएम ग्रिड प्रोजेक्ट के तहत सात सड़कों का निर्माण, नादरगंज में शूटिंग रेंज और किला मोहम्मदी नाले को पक्का करने का काम भी होने हैं।




**▸▸ सड़कें, नाले, पार्क, शूटिंग रेंज का निर्माण होने के साथ सबमर्सिबल पंप भी लगेंगे**

### अगले महीने शुरू होगा निगम के नए भवन का निर्माण

गोमती नगर स्थित केंद्रीय कार्यशाला में पड़ी खाली जमीन पर नगर निगम अपनी चार मंजिला इमारत बनाने जा रहा है। इसका प्रस्ताव नगर निगम सदन में पास हो चुका है। इसी बिल्डिंग में नगर निगम सदन भी बनेगा। मुख्यालय भवन की डीपीआर तैयार होने के बाद इस महीने टेंडर निकाला लाएगा और अगले महीने से भवन निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।


### हरिकंशगढ़ी में बनाई जाएगी कान्हा गोशाला

नादरगंज स्थित कान्हा उपवन गोशाला के बाद नगर निगम अयोध्या रोड स्थित हरिकंशगढ़ी में कान्हा गोशाला बनाने जा रहा है। इसका प्रस्ताव भी नगर निगम सदन से पास हो चुका है। गोशाला में गोवंश को बांधा नहीं जाएगा। टेंडर निकालने की तैयारी चल रही है।

“आचार संहिता लगने के बाद लगभग 70 दिन नए कार्यों के लिए टेंडर नहीं कराए जा सके। रुके हुए कई प्रोजेक्ट पर नगर निगम काम शुरू करेगा। इस महीने टेंडर निकाले जाएंगे। अगले महीने से सभी काम शुरू कर दिये जाएंगे।

–महेश वर्मा, मुख्य अभियंता, लखनऊ नगर निगम

SRMU
SHRI RAMSWAROOP MEMORIAL UNIVERSITY
(Established by UP State Govt. ACT 1 of 2012)
NAAC ACCREDITED
Scan to Apply
UPTO 100% TUITION FEE WAIVERS
For Meritorious Students
APPLY BY
15 JUNE, 2024
OVER 100 UG, INTEGRATED & PG PROGRAMS TO SHAPE YOUR CAREER
NO. 1 CHOICE OF CUET 2024 ASPIRANTS IN THE REGION
TATA MOTORS – ACADEMIC PARTNER
wipro – NODAL CENTRE
IBM – ACCREDITED CAMPUS
JBM – TRAINING & PLACEMENT
SAP – PREFERRED PARTNER
PROGRAMS OFFERED
• Computer Science • Horticulture
• Computer Application • Social Work
• Engineering • Humanities
• Agriculture • Public Health
• Biotechnology • Media Studies
• Pharmacy • Commerce
• Food Technology • Economics
• Management • Natural Science
• Legal Studies • Education
• Microbiology • Polytechnic
2000+ JOB OFFERS GIVEN
250+ TOP COMPANIES VISITED
30 LPA HIGHEST PACKAGE
12000+ GLOBAL STUDENTS
25 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE
100+ GLOBAL & ACADEMIC COLLABORATIONS
875+ RESEARCH PAPERS PUBLISHED
100+ PATENTS GRANTED/ PUBLISHED
2.75 Cr. RESEARCH & CONSULTANCY PROJECTS
University Campus : Village - Hadauri, Post - Tindola, Lucknow - Deva Road.
Ph. : 9838904666, WhatsApp : 9120007948. | E-mail : admissions@srmu.ac.in
Web. : www.srmu.ac.in
For Admission Call:
1800-102-6004



# पति की जिंदगी के लिए केजीएमयू की अव्यवस्थाओं से जुझ रही महिला

## 10 महीने में नहीं मिल पाईं सीएम फंड की दवाएं व ऑपरेशन सामग्री


दवा न मिलने की जानकारी देतीं रीता सिंह। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बीमार पति की जिंदगी बचाने के लिए बहराइच की रीता सिंह करीब 10 महीने से केजीएमयू की अव्यवस्थाओं से लड़ रही हैं। पति का ऑपरेशन होना है, लेकिन सीएम फंड से मिलने वाली दवाएं और ऑपरेशन सामग्री नहीं मिल पा रही है। ऑपरेशन न होने से पति की बीमारी गंभीर होती जा रही है। बुधवार को भी उन्हें बगैर दवा के ही लौटना पड़ा।

बहराइच निवासी रीता सिंह के पति आनंद सिंह (50) के पित्त में पथरी थी। करीब आठ साल पहले लोहिया संस्थान में ऑपरेशन कराया था। रीता का आरोप है कि डॉक्टरों की गलती से ऑपरेशन के समय एक नस क्षतिग्रस्त हो गई थी। उसका ऑपरेशन होना है। पति का किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) से इलाज चल रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण मुख्यमंत्री से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी।

26 जून 2023 को सीएम फंड से दो लाख रुपये स्वीकृत हो गए थे। चार अगस्त को शासन की ओर से अस्पताल के खाते में धनराशि भी भेजी जा चुकी है। रीता ने बताया कि ऑपरेशन में लगने वाले सामान और दवाओं का पर्चा बनवाकर नौ अगस्त को आवेदन कर दिया था, लेकिन दो शिफ्ट में कुछ दवाएं हीं मिली हैं। बुधवार को रीता भी दवा लेने ही आईं थीं, लेकिन पूरी दवाएं और ऑपरेशन का सामान नहीं दिया गया।

### मजदूरी कर पालतीं परिवार, कराती हैं इलाज

रीता सिंह ने बताया कि परिवार में पति ही कमाने वाले थे। उनके बीमार होने के बाद परिवार के सामने संकट खड़ा हो गया। करीब आठ साल से वह खुद परिवार पालने और पति का इलाज कराने के लिए मजदूरी करती हैं। जिस दिन यहां दवा लेने आती हैं, उन दिन और अगले दिन की मजदूरी नहीं कर पाती हैं। महीने में तीन से चार दिन दवा की आस में अस्पताल आती हैं।

- दवा और सामग्री न मिलने से नहीं हो पा रहा है ऑपरेशन
- ऑपरेशन न होने से गंभीर होती जा रही है पति की हालत

> दवा की उपलब्धता को लेकर संस्थान गंभीर है। संबंधित वेंडर से दवाओं की समय से उपलब्धता कराने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही व्यवस्था में सुधार होगा।
> –डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

### दवा और सामग्री न मिलने से नहीं हो पा रहा वृद्धा का ऑपरेशन


आदर्श

बाराबंकी निवासी मजदूर आदर्श कुमार ने बताया कि मां सुनीता (45) के कूल्हे का प्रत्यारोपण केजीएमयू में होना है। नवंबर 2023 में सीएम फंड से तीन लाख रुपये की आर्थिक मदद मिली है। 28 अप्रैल को दवाओं व अन्य सामान के लिए आवेदन कर दिया था, लेकिन आज तक दवाएं नहीं मिल पाई हैं। दवाओं की जानकारी के लिए हर तीसरे दिन अस्पताल आते हैं। आदर्श ने बताया कि मां की तकलीफ बढ़ती जा रही है। वह उठने- चलने में असमर्थ हैं। बहराइच के रामकुमार (20) के फेफड़े में पानी है। उन्हें भी सीएम फंड से 50 हजार रुपये की मदद मिली है। 22 अप्रैल को दवाओं के लिए आवेदन किया गया। उनके पिता अनंत कुमार दवाओं के लिए केजीएमयू के चक्कर काट रहे हैं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : SrDEE-TRD-BSB-2024-25-T03 दि. 04.06.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. :** 01, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पटेरही-मढौरा में छपरा कचहरी-थावे खंड के बीच लेबल-क्रासिंग-15 सी पर कि.मी.-2/167 में सीमित ऊँचाई वाले सबवे (एल.एच.एस.डब्ल्यू.) के प्रावधान के लिए 25 केवी विद्युतीकरण कार्य, **टेंडर रिफरेंश नं. :** SrDEE-TRD-BSB-2024-25-T03, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में :** ₹ 28,88,798.98, **धरोहर राशि रुपया में :** ₹ 57,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में :** शून्य, **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 26.06.2024 upto 14:45 Hrs., **कार्य पूरा करने की अवधि :** 6 माह।

• खुली ई-निविदा दिनांक 26.06.2024 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-56 पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें


# पूर्व, उत्तर और कैंट से मिले मतों ने बचाया राजनाथ का ताज

**लोकसभा चुनाव : लखनऊ सीट**


## पश्चिम से रविदास को मिले ज्यादा वोट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नतीजों ने इस बार सभी को चौंका दिया। 10 वर्षों से लखनऊ के सांसद और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से कराए गए विकास कार्यों के दम पर भाजपा बड़ी जीत के प्रति आश्वस्त थी, बावजूद इसके परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आए और महज 1 लाख 35 हजार 159 मतों से विजय मिल सकी। वे पिछली जीत के मत प्रतिशत को भी हासिल नहीं कर पाए।

पूर्व, उत्तर और कैंट विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने लाज बचाते हुए राजनाथ का ताज कायम रखा। वहीं पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से रविदास ने राजनाथ सिंह से अधिक मत हासिल किए और मध्य विधानसभा क्षेत्र में राजनाथ को हार का मुंह देखना पड़ा। मतदान प्रतिशत में कमी भी इसकी एक मुख्य वजह मानी जा रही है।

### 37 हजार से अधिक वोटों ने संभाला



**लखनऊ कैंट**

इस विधानसभा क्षेत्र को भाजपा का गढ़ माना जाता है। हालांकि इस बार यहां के लोगों ने मतदान में कम रुचि दिखाई। कैंट से राजनाथ को 1 लाख 6 हजार 44 वोट मिले जबकि रविदास को 68 हजार 800 मत मिले। राजनाथ को यहां से 37 हजार 244 मतों से बढ़त मिली। गणना शुरू होने के साथ ही दोनों के बीच कांटे की टक्कर रही। छठे बूथ की गणना से राजनाथ ने बढ़त लेना शुरू किया और फिर बढ़ते चले गए।

### शुरुआत से ही मिलने लगी बढ़त

**लखनऊ पूर्व**

इस क्षेत्र से राजनाथ सिंह को 1,50,403 मत मिले जबकि रविदास मेहरोत्रा को 79,289 वोट मिले। राजनाथ सिंह को 71 हजार 114 मतों की बढ़त दिलाकर उनकी जीत को आसान कर दिया। मतगणना शुरू हुई तो उनको 522 और रविदास को 207 वोट मिले। चार बूथों तक राजनाथ ने बढ़त बनाए रखी। हालांकि पांचवें बूथ में रविदास 24 और छठे बूथ की गणना में 83 वोट से आगे निकल गए। इसके बाद राजनाथ ने वापसी की और मुड़कर नहीं देखा।

### उतार-चढ़ाव के बीच निकले वोट रहे अहम

**लखनऊ उत्तर**

राजनाथ सिंह के हैट्रिक लगाने में इस विधानसभा क्षेत्र से मिले वोटों भी अहम भूमिका अदा की। पहले बूथ की गणना में राजनाथ ने महज 88 मतों से बढ़त ली और दूसरे बूथ की गणना में इसे काम नहीं रख सके। दूसरे बूथ की गणना में रविदास 440 वोटों से आगे निकल गए और इसके बाद दस बूथों की गणना तक रविदास ने राजनाथ को आगे नहीं निकलने दिया और उनके समर्थकों एवं मतगणना केंद्र में मौजूद भाजपा अभिकर्ताओं की सांस को ऊपर नीचे कर दिया। ग्यारहवें बूथ की गणना शुरू होते ही बाजी पलट गई और राजनाथ ने हिसाब बराबर करना शुरू कर दिया। इसके बाद उनकी बढ़त का क्रम जारी रहा। यहां से राजनाथ सिंह को 1 लाख 41 हजार 683 और रविदास को 1 लाख 2 हजार 493 मत मिले। राजनाथ सिंह ने उक्त विधानसभा से 39 हजार 190 वोटों की बढ़त ली।

### बढ़े वोट मगर काम नहीं आए

**लखनऊ पश्चिम**

इस विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोट रविदास को मिले। रविदास को 1 लाख 26 हजार 295 और राजनाथ सिंह को 1 लाख 20 हजार 625 मत मिले। हालांकि पिछले चुनाव में राजनाथ को यहां से 1.08 लाख वोट मिले थे। रविदास ने यहां से 5 हजार 670 मतों से बढ़त बनाई। मतगणना शुरू होने के साथ ही राजनाथ सिंह ने बढ़त बनानी शुरू कर दी थी। पहले बूथ की गणना के बाद राजनाथ को 482 और रविदास को 252 मत मिले। राजनाथ की बढ़त का क्रम सात बूथों की गणना तक जारी रहा। आठवें में रविदास आगे निकले तो फिर राजनाथ को बढ़त मिली। हालांकि दसवें बूथ की गणना के बाद अधिकांश उसमें राजनाथ ही आगे रहे।

### इस बार 44 हजार वोटों का घाटा

**लखनऊ मध्य**

राजनाथ सिंह और रविदास के बीच यहां एक-दूसरे से आगे-पीछे निकलने की होड़ लगी रही। मतगणना शुरू होने के साथ ही राजनाथ ने शुरू में बढ़त बनाए रखी मगर पांचवें बूथ की गणना से सपा कार्यकर्ताओं के चेहरे खिल गए क्योंकि रविदास ने बढ़त लेनी शुरू की। हालांकि यह बहुत देर तक काम नहीं रहा और अगले बूथ की मतगणना के साथ ही राजनाथ फिर आगे निकल गए। राजनाथ सिंह को यहां से 91 हजार 842 तो रविदास को 99 हजार 426 मत मिले। आखिर में बाजी रविदास ने मारी और 7 हजार 584 वोट से आगे रहे। बीते चुनाव में राजनाथ को यहां 1.36 लाख वोट मिले थे। तब उनके दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों को मिलाकर94 हजार वोट मिले थे।

**मोहनलालगंज सीट**

## मलिहाबाद समेत तीन विस सीटों पर कौशल किशोर को मिली हार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में भाजपा को राजधानी की दो सीटों में एक सीट गवांनी पड़ी। मोहनलालगंज सीट(सु.) पर पांच लाख, 97 हजार, 577 वोट पाने वाले केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं प्रत्याशी कौशल किशोर को पूर्व मंत्री सपा प्रत्याशी आरके चौधरी ने करीब 70 हजार, 292 मतों के अंतर से मात दी है।



कौशल किशोर को इस चुनाव में केवल बक्शी का तालाब(बीकेटी) व सरोजनीनगर क्षेत्र में तो बढ़त मिली, लेकिन मलिहाबाद, मोहनलालगंज और सिधौली विधानसभा (विस) के भारी जनादेश ने मंसूबों पर पानी फेर दिया। विधानसभावार मतों पर गौर करें तो कौशल को सबसे ज्यादा नुकसान सिधौली में करना पड़ा। इस क्षेत्र में दो लाख, 41 हजार, 169 मतों में सपा के आरके चौधरी को एक लाख, 36 हजार, 249 मिले, जबकि कौशल किशोर को मात्र 80 हजार, 636 मतों में संतोष करना पड़ा। सिधौली में 1322 लोगों ने नोटा का बटन दबाया है।

- सरोजनीनगर व बीकेटी में मिली बढ़त पाट न सकी मतों का अंतर

### दो सीटों पर मामूली बढ़त

भाजपा के कौशल किशोर को सबसे ज्यादा एक लाख, 67 हजार, 123 मत सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र मिले है, जबकि आरके चौधरी को एक लाख 40 हजार 171 मत मिले हैं, इस सीट पर तीन लाख 28 हजार 124 मतों में सबसे ज्यादा 2332 मत नोटा का समर्पित हुए। इसके अलावा बक्शी का तालाब में तीन लाख, 24 हजार, 453 मतों में कौशल किशोर को एक लाख, 50 हजार 906 मत मिले, जबकि आरके चौधरी को एक लाख, 46 हजार, 683 मत मिले। जबकि 2142 लोगों को कोई प्रत्याशी पसंद नही आया और ईवीएम में नोटा का बटन दबाया है।

इसी तरह मोहनलालगंज में भी दो लाख, 43 हजार, 48 मतों में आरके चौधरी को एक लाख, 28 हजार, 32 मत, जबकि कौशल किशोर को मात्र 96 हजार, 303 मत मिले, 1646 मत नोटा मे पड़े। विधानसभा सीट मलिहाबाद में दो लाख, 37 हजार, 684 मतों में कौशल को एक लाख, एक हजार, 229 मत मिले, जबकि आरके चौधरी को एक लाख,15 हजार, 425 मत मिले।

## 19.71 लाख रुपये गृहकर जमा कराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन आठ कार्यालय ने अभियान चलाकर एसजीपीजीआई और सिंचाई विभाग से कुल 19.71 करोड़ रुपये गृहकर जमा कराया। एसजीपीजीआई से वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 सहित बकाया गृहकर का कुल 19.26 करोड़ रुपये और सिंचाई विभाग से 45 लाख रुपये गृहकर वसूला।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन **"खुली"** ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:- **ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-GS-2024-03 (Two Packet System), **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल बस्तीः- उत्तर प्रदेश के बस्ती स्टेशन पर विश्व-स्तरीय गुड्स शेड का विकास, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 36,52,28,979.14, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 19,76,200.00, **समापन अवधिः** 18 माह। **नोटः** (1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-GS-2024-03 के लिये ई-निविदा दिनांक 26.06.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करे।

मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट
मुजाधि/डब्लू-98 लखनऊ

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:– **निविदा सं:– लजं0–इलेक्ट–जी–जीएस–27, कार्य का विवरण:–** लखनऊ मंडल में अमृत भारत मिशन के अन्तर्गत् आनन्दनगर रेलवे स्टेशन के विकास से सम्बन्धित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:–** रु. 1,35,72,566,80, **बयाना राशि:–** रु. 2,17,900.00, **निविदा मूल्य:–** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि:–** 06 माह, **निविदा सं:– वमंविइ–लजं0–10–2024, कार्य का विवरण:–** गोण्डा स्टेशन पर निर्माण विभाग द्वारा छोड़े गये कार्य और परसा में प्रकाश सुविधा के साथ गुड्स प्लेटफार्म सरफेस व एप्रोच रोड में सुधार से सम्बन्धित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:–** रु. 1,03,07,555.15, **बयाना राशि:–** रु. 2,01,500.00 **निविदा मूल्य:–** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि:–** 04 माह, **निविदा सं:– वमंविइ– लजं0–11–2024, कार्य का विवरण:–** सीतापुर में क्विक वाटरिंग सिस्टम के प्रावधान से मौजूदा इनरुट कैरिज वाटरिंग सिस्टम में सुधार से सम्बन्धित विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:–** रु. 93,18,956.56, **बयाना राशि:–** रु. 1,86,400.00 **निविदा मूल्य:–** रु. 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि:–** 04 माह, **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय – 26.06.2024 को 15:00 बजे। नोट:–** • इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत–55 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## कब्जेदारों के खिलाफ पारा व चिनहट थाने में दी तहरीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम की चिनहट और पारा थाना क्षेत्र में जमीन पर लोगों ने मकान बनाकर कब्जा कर लिया है। नगर निगम के लेखपाल राजू सोनी और अनुपम कुमार ने चिनहट और पारा थाने में कब्जेदारों के खिलाफ शिकायत दी है। कब्जाई गई जमीन का बाजार मूल्य लगभग पांच करोड़ रुपये है।

अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि चिनहट के सराय शेख गांव में खसरा संख्या 487 की .300 हेक्टेयर ऊसर दर्ज भूमि पर रामू, मदनलाल, श्यामू और राजितराम ने दुकान बनाकर कब्जा कर लिया है। चकमल्हौरी गांव की खसरा संख्या 88 व 98 की .417 व .759 हेक्टेयर ऊसर दर्ज भूमि पर ललित रावत और ललित पांडेय ने मकान बनाकर कब्जा कर लिया है। पारा थाना क्षेत्र के सलेमपुर पतौरा गांव की खसरा संख्या 654 की .4930 हेक्टेयर ऊसर में दर्ज भूमि की 2500 वर्ग फीट पर रामू पाल और 3,000 वर्ग फीट भूमि पर सुजीत पाल ने कब्जा कर लिया है।



अर्बन क्रूजर टाइसर के साथ सीईओ संजय पॉल व अन्य।

## सनी टोयोटा ने लॉन्च की अर्बन क्रूजर टाइसर

**अमृत विचारः** सनी टोयोटा ने बुधवार को अपने हजरतगंज स्थित शोरूम पर आल न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टाइसर को लॉन्च किया। यह एक कॉम्पैक्ट एसयूवी है जो अपने बेहतरीन फीचर्स व स्पोर्टी डिजाइन के लिए जानी जाती है। गाड़ी को लॉन्च करते हुए सनी टोयोटा के सीईओ संजय पॉल ने कहा की यह गाड़ी खास तौर पर आजकल के युवा लोगों को ध्यान में रख कर बनाई गयी है जो अपनी लुक्स व परफॉरमेंस के लिए जानी जाती है। इस नए मॉडल में टोयोटा की प्रीमियम गाड़ियों की झलक दिखाई देती है जो की इसे एक युनीक रोड प्रेजन्स देती है।

# अमृत विचार क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMAD RASHID RAZA KHAN पुत्र MOHD RAZA KHAN **निवासी– 1/14/14 हौसिला नगर सिविल लाइन अयोध्या** का रहने वाला हूँ अब मैंने अपना नाम बदल के MOHD RASHID KHAN रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसूचित करना है कि मेरे फ्लैट Excella Kutumb, C2– 101, Sultanpur Road, Lucknow दिनांकित– 20.02.2018 का मूल अलाटमेंट खो गया है. **–विभूति शर्मा पत्नी आलोक शर्मा, ई–98, कूर्माचल नगर, लखनऊ.**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम किसान बही में देवी प्रसाद पुत्र राम लोचन भारत निर्वाचन कार्ड में जग प्रसाद पुत्र राम लोचन तथा आधार कार्ड में दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन दर्ज है। तीनों नाम मेरा ही है। मैंने कोई जाल साजी व धोखाधड़ी नहीं किया है। आधार कार्ड में अपना नाम जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन मिश्रा करवाना चाहता हूं यही मेरा सही नाम है। **–जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा ग्राम पांडे पुरवा मौजा खरगू चांदपुर जिला गोंडा।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शोभनाथ त्रिवेदी पुत्र स्व0 बल्देव त्रिवेदी व श्रीमती रेखा पत्नी श्री शोभनाथ त्रिवेदी, निवासी–ग्राम गोविन्दपुर, थाना– सरेनी तहसील –लालगंज, जिला–रायबरेली,** मेरे 4 पुत्र है। जिनके नाम कमशः 01–कुलदीप कुमार, प्रशान्त कुमार व पवन कुमार त्रिवेदी सभी बच्चे सामाजिक व शान्ति प्रिय है जो अपने माता पिता का कहना मानते है और सम्मान करते है। चौथे पुत्र श्रवण कुमार का चाल चलन ठीक नही है उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी संपूर्ण सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुरेश गुप्ता पुत्र शिवप्रसाद गुप्ता, निवासी– खानपुर, सरेनी, रायबरेली,** सार्वजनिक सूचित करता हूँ कि मेरे आवास विकास वृन्दावन लखनऊ स्थिति प्लाट संख्या 8A/115 की मूल रजिस्ट्री प्रपत्र, आलटमेंट लेटर एवं पाजेशन लेटर वास्तव में खो गये है। मो– 07318236698

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 / 9554377000**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 4143052 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। **–सूरज तिवारी पुत्र श्री अरुण कुमार तिवारी छेदीपुरवा, गोण्डा (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सदाशिव पुत्र तुलसीराम, निवासी–ग्राम– अटकोहना, थाना–शारदानगर, लखीमपुर जिला खीरी,** मेरे 4 पुत्र है। जिनके नाम कमशः 01–सुनील कुमार 02–सतीश कुमार 03–प्रशांन्त कुमार 04 शिवांन्त कुमार पुत्रगण सदाशिव है। जिसमें मेरा मझला पुत्र सतीश कुमार व पुष्पा पत्नी सतीश कुमार, परिवार तथा सामाजिक कार्यो से विपरीत कार्य करते हैं तथा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति है। वह दोनों उसके परिवार के साथ आये दिन मार पीट करते है तथा काफी नुकसान करते है भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटित कर सकते हैं। उनके इन कृत्यों से तंग आकर उन्हें अपनी संपूर्ण सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम **गुड्डा उर्फ सरोज कुमारी पत्नी स्व गयादीन है। मैं ग्राम कडरिया,पोस्ट खेखरुवा जनपद रायबरेली** की रहने वाली हूं, उक्त दोनों नाम मेरे ही है। मुझे दोनो नामों से जाना पहचाना जाता है। मेरे पति ने LIC में बीमा करवाया था जिसमें मेरा नाम सरोज कुमारी अंकित है। जब कि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम गुड्डा दर्ज है

**सूचना**

सूचित हो कि मैं शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) पुत्र कलीमुद्दीन, निवासी– 100 उत्तरटोला पानी टंकी के पास बंकी पर0 व तह0 नवाबगंज, जिला– बाराबंकी, मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स जिसका लाइसेन्स नं0–UP41 20040027455 मेरा नाम शहनवाज (SHAHNAWAJ) लिखा हुआ है तथा आधार कार्ड में शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) लिखा हुआ है मेरा सही नाम शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) है जो सही व सत्य नाम है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स पर मेरा नाम शहनवाज (SHAHNAWAJ) के स्थान पर शाहनवाज कलीम (SHAHNAWAZ KALEEM) अंकित किया जाय।


# क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

## जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK **वाचक आयुर्वेद**®

### आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

**Web : www.vachak.in**

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
**7080239313**
**7570060266**

**आलमबाग**
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सायं 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना




आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि०मी०
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि०मी०
- मटियारी चौराहा – 14 कि०मी०
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि०मी०
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि०मी०

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502


# पानी से तैलीय पदार्थों को सोखने में मदद करेंगे इनसान के बाल

## एकेटीयू के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज ने शोधकर तैयार किया फार्मूला, पेटेंट के लिए किया आवेदन

जीशान कदीर, लखनऊ


**अमृत विचार:** मानव के बाल जल में मिले तैलीय पदार्थों से होने वाले नुकसान में ढाल साबित होंगे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के रिसर्चर की टीम ने यह शोध किया है।

प्रक्रिया को प्रचलन में लाने के लिए पेटेंट अथारिटी ऑफ इंडिया में आवेदन किया गया है। विवि के कुलपति जेपी पाण्डेय का कहना है कि नए शोध से जलीय जंतुओं को असमय मौत से बचाया जा सकेगा।

एकेटीयू के कुलपति ने बताया कि जल में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर नए शोध के लिए विभागों की ओर से सुझाव दिए गए थे। जिस पर संस्थान निदेशक प्रो. वीरेन्द्र पाठक को निर्देशित किया गया। निदेशक ने डीन सहित तीन शोधार्थियों की टीम गठित की।

सेंटर के डीन एकेडमिक्स डॉ. अनुज शर्मा ने बताया कि 2022 में समुद्र में जहाज डूबा था। जिसकी वजह से बड़े पैमाने पर तैलीय पदार्थ पानी में मिलने से जलीय जंतुओं को जान गवानी पड़ी थी। ये पदार्थ इंसानों के लिए भी हानिकारक था। जिसके बाद से जल में घुलने वाले तैलीय पदार्थ को हटाने के लिए वे लोग खोज में लग गए और तीन माह में ही विश्वविद्यालय ने शोध पूरा कर लिया।

**शोध टीम में ये हुए शामिल :** डीन एकेडमिक्स डॉ. अनुज शर्मा, डॉ. सौरभ मिश्रा, एमटेक छात्र उज्जवल



एकेटीयू की प्रयोगशाला में स्पंज द्वारा किया गया परिक्षण।



डॉ. अनुज शर्मा

### क्या है ये उत्पाद

इस उत्पाद को स्पंज नाम दिया गया है। इसको पॉलीमर में मिक्स करके बनाया गया है। इसमें मानव के बालों की राख मिलाई गई है। तीन चरणों में हुए शोध में इसे 50 गुणा 5 मिली मीटर का बनाया गया है। भविष्य में इसका आकार जरूरत के अनुसार ज्यादा या कम किया जा सकता है।

### ऐसे करता है कार्य

डॉ. अनुज ने कहा कि शोध के सहारे तैयार स्पंज पानी में डाला जाता है। ये पानी को ना सोखकर सीधे तेल को सोखता है। कुछ देर बाद स्पंज द्वारा सोखे गए तेल को आसानी से निकाला जा सकता है। बालों की राख मिलाने से स्पंज की तेल को सोखने की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।



लखनऊ विवि में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर व अन्य। अमृत विचार

# लविवि : कैडेट्स को बताई गई एनसीसी की उपयोगिता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के 64 यूपी बटालियन में एडम निरीक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर, 64 यूपी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी व कमॉडिंग ऑफिसर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुरू में समूह कमांडर को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। कमांडिंग अधिकारी पीपीएस चौहान ने बटालियन में पिछले एक वर्ष में कराई गईं गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया।

ग्रुप के कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने कैडेट्स को एनसीसी की उपयोगिता, कैरियर विकास, सेना में ऑफिसर भर्ती की जानकारी दी।

## एक नजर

### बीएड परीक्षा में शामिल होंगे 12,857 परीक्षार्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय बीएड प्रवेश परीक्षा 9 जून को आयोजित कराने जा रहा है। परीक्षा लखनऊ सहित पांच जनपदों में आयोजित होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि प्रवेश परीक्षा लखनऊ के अलावा हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में आयोजित होगी। बीएड प्रवेश परीक्षा 2024 में कुल 12 हजार 857 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इसको लेकर हरदोई और रायबरेली में तीन-तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। लखनऊ में परीक्षा केंद्रों की संख्या 15 है। सीतापुर में दो और लखीमपुर में चार परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### 1 लाख 27 हजार 506 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में परीक्षा का आयोजन किया गया। तीन पालियों में आयोजित परीक्षा में 1 लाख 27 हजार 506 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि पहली पाली में 75 हजार 218 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। दूसरी पाली में 26 हजार 88 उपस्थित रहे। वहीं अंतिम पाली में उपस्थित छात्रों की संख्या 26 हजार 200 रही। 1090 छात्र अनुपस्थित रहे।

### लविविः एमबीए के परीक्षाफल घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमबीए और एमपीएच के परीक्षाफल घोषित किए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया है कि लविवि और सहयुक्त महाविद्यालयों में चतुर्थ सेमेस्टर में शामिल परीक्षार्थियों के परीक्षाफल घोषित कर दिये गए हैं। परीक्षा परिणामों का संपूर्ण विवरण विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# एकेटीयू 286 संस्थानों में शुरू करेगा दो नए कोर्स

## नए कोर्स को लेकर संबद्ध संस्थानों को विवि ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


**अमृत विचार :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने संबद्ध 286 संस्थानों में दो नए कोर्स आगामी सत्र से शुरू करने जा रहा है। एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बताया है कि प्रदेश में विवि से संबद्ध करीब 750 से अधिक संस्थान हैं। इसमें लखनऊ सहित कई अन्य जनपदों के संस्थानों को चिन्हित किया गया है। छात्रों की रुचि और तकनीकी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए 286 संस्थानों में दो नए कोर्स शुरू करने के लिए व्यवस्था तैयार की गई है।

ये कोर्स नई शिक्षा नीति (एनईपी) पर आधारित होंगे। कुलपित ने बताया कि इस बार उन संस्थानों को प्राथमिकता दी गई है, जिनमें फार्मेसी सहित कुछ अन्य कोर्स अभी तक संचालित नहीं हो सके हैं। नए सत्र में अंतः कक्षाओं के साथ वाह्य कक्षाओं का भी संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। सं

**दोनों माध्यमों से होंगी कैरीओवर परीक्षा :** कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय कैरीओवर परीक्षा छात्रों के लिए विशेष सत्र के अंत में आयोजित कराएगा। इस परीक्षा के माध्यम से फेल होने वाले विषय में विद्यार्थियों को अंक सुधारने का मौका मिलेगा। अभी तक ये व्यवस्था ऑनलाइन थी, अब ये परीक्षा ऑफलाइन भी आयोजित कराई जाएगी। विवि की ओर से सभी संबद्ध संस्थानों को परीक्षा संबंधी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। ताकि रिजल्ट समय से उपलब्ध हो सके।

### प्राथमिकता में रहेगा बी फॉर्मा

कुलपति ने बताया कि भौतिक और रसायन विज्ञान के साथ गणित, जैव प्रौद्योगिकी और कम्प्यूटर विज्ञान अथवा जीव विज्ञान से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को प्रथम वर्ष में प्रवेश मिल सकेगा। जिन संस्थानों में कोर्सों के माध्यम से नई व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है, उससे जुड़ी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।



प्रो. जेपी पाण्डेय

### 18 प्रयोगशालाएं बनेंगी मददगार

एकेटीयू में स्थापित 18 प्रयोगशालाएं संबद्ध संस्थानों की मददगार बनने जा रही हैं। कुलपति का कहना है कि विवि में रोबोटिक प्रयोगशाला सहित कई अन्य अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं हैं। लखनऊ के आसपास जनपदों के संस्थानों को बता दिया गया है कि विवि से जानकारी लेकर वे अपने छात्रों को प्रयोगशाला की सहूलियत दे सकते हैं। इससे विद्यार्थियों में ज्ञानार्जन का विस्तार होगा।

## लविवि के 26 छात्रों को मिला रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के 26 छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रोजगार के अवसर मिले हैं। चयन प्रक्रिया जेबीएम ग्रुप की ओर से आयोजित की गई।

लविवि के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट में बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के आठ व बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 18 छात्र-छात्रओं को चयनित किया गया है। कंपनी छात्रों को रोजगार देने के साथ छह माह की ऑन जॉब ट्रेनिंग में 20 हजार रुपये प्रति माह देगी।

इसी के साथ ही कंपनी ने छह माह बाद ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर 3 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है। लखनऊ विवि के छात्रों के बीच बढ़ते रोजगार को लेकर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी है।

# नीट-2024 में आकृति का शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिटी मांटेसरी स्कूल के सर्वाधिक 96 छात्रों ने नीट-2024 में शानदार सफलता लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। वहीं सीएमएस कानपुर रोड कैंपस की छात्रा आकृति सिंह ने कुल 720 में से 701 अंकों के साथ अखिल भारतीय स्तर पर 1597वीं रैंक अर्जित कर अपनी मेधा का परचम लहराया है।

इस वर्ष सीएमएस के 18 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किए हैं जिनमें 9 छात्रों ने 7,300 से ऊपर की नेशनल रैंक अर्जित की है। शेष 9 छात्रों ने 20,000 से ऊपर की रैंक अर्जित की है। इसके अलावा 96 छात्रों ने कट-ऑफ परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किए हैं।

सीएमएस के प्रवक्ता ऋषि खन्ना ने बताया कि नीट-2024 में 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों में आकृति सिंह, मो. अर्यान तारिक, आदर्श प्रताप सिंह, रानेश मौर्या, स्वयं गर्ग, गर्विता सिंह, नौमान अहमद, श्रेया गुप्ता, मदीहा रहमान, प्रतिष्ठा केसरवानी, मानसी मिश्रा, साधिका गोयल, केशव अग्रवाल, जय कुशवाहा, जान्हवी मिश्रा, आदित्य पांडेय, पियूष चंदेरिया एवं आदित्य पांडेय शामिल हैं।

सीएमएस की प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकानाएं दी है।



नीट-2024 में अच्छे अंक पाने वाले छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- सीएमएस के 18 छात्रों के 99 परसेंटाइल से अधिक अंक
- 96 छात्रों ने कट-ऑफ परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किए

### टीशा को मिला 99.7 परसेंटाइल



**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट की परीक्षा में टीसा गुप्ता ने 99.7 परसेंटाइल का स्कोर हासिल किया है। टीशा ने लामार्ट गर्ल्स कॉलेज से 98.5 % अंक इंटर प्राप्त किया था। टीशा ने बताया कि उनके पिता महेश कुमार गुप्ता और मां विनीता गुप्ता की भी इच्छा है मैं डॉक्टर बनूं।

## याद किए गए प्रो. एसजेडएच आबिदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन इंग्लिश लिटरेचर के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. एसजेडएच आबिदी के जीवन व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. आबिदी के समकालीन शिक्षक, छात्र और प्रशासनिक सेवाओं के विभिन्न अधिकारी उपस्थित हुए। विगत अप्रैल माह में प्रो. एसजेडएच आबिदी का निधन हो गया था। कार्यक्रम का संचालन जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की अंग्रेजी शिक्षक डॉ. शूबी आबिदी ने किया। इस अवसर पर आईएएस आदर्श सिंह, शीतल वर्मा, प्रकाश डी सहित अन्य अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



एमिटी विवि में आयोजित पौधरोपण के दौरान उप प्रतिकुलपति सेवानिवृत्त विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार तिवारी व अन्य।

# एमिटी विवि के छात्रों ने निकाली साइकिल रैली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साइकिल रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश
- एमिटी विवि में पौधरोपण कर छात्रों को दिलाई गई शपथ

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर एमिटी विश्वविद्यालय में छात्रों को शपथ दिलाकर पौधरोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप प्रतिकुलपति सेवानिवृत्त विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने 'सेव फ्यूल एंड रिड्यूस पाल्यूशन' की तर्ज पर साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

साइकिल सवार छात्रों ने दो किलोमीटर के क्षेत्र में पर्यावरण जागरूकता का प्रसार करते हुए यात्रा की। रैली समाप्ति कर विवि में लौटे छात्रों ने पौधारोपण किया।

कार्यक्रम में उपस्थित एमिटी लॉ स्कूल के निदेशक डॉ. जेपी यादव ने प्रकृति को पुनः स्थापित करने का आवाहन किया। उप प्रति कुलपति सेवानिवृत्त विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि धरती पर जीवन प्रकृति के साथ अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। इसमें कोई भी बदलाव सब पर असरकारी होता है।

हरियाली फाउंडेशन के सचिव कृष्णेन्दु श्रीवास्तव ने कहा कि हमें हर कार्य के लिए सरकारों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपने पर्यावरण को बचाने और उसे संवारने की जिम्मेदारी हम सभी को उठानी होगी, तभी धरती पर जीवों का अस्तित्व बना रह सकेगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण को बचाने में अपना पूरा योगदान देने की शपथ ली। इस दौरान एमिटी विवि के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# छात्र और शिक्षकों ने लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय सहित अन्य विवि में विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध आयोजन हुए। पौध रोपण के साथ योग अभ्यास कराए गए। विशेषज्ञों की ओर से जागरूकता संबंधी जानकारियां भी साझा की गईं।

**लविवि में छात्राओं को पढ़ाया पर्यावरण का पाठ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पौधरोपण कर छात्राओं को पर्यावरण शुद्ध बनाए रखने के लिए विशेष सावधानियों से अवगत कराया। इस दौरान डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, प्रोवोस्ट प्रो. बबिता जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

**एकेटीयू में पौधरोपण कर बताई विशेषताएं :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की उपस्थिति में आम, अमरूद, चंदन, बेल, जामुन के पौधों को रोपा गया। वित्त अधिकारी सुशील कुमार गुप्ता, डॉ. आरके सिंह, डॉ. डीपी सिंह, एसो. डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, डॉ. आशुतोष द्विवेदी मौजूद रहे।



लखनऊ विवि में पौधरोपण करते कुलपति व अन्य। फोटो : अमृत विचार

**भाषा विवि में संगोष्ठी :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने पौधरोपण कर संगोष्ठी आयोजित की गई। वित्त अधिकारी साजिद आजमी, कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, उप कुलसचिव दीप्ति मिश्रा, प्रो. मसूद आलम, प्रो. फखरे आलम, प्रो. सौबान सईद, प्रो. हैदर अलीउपस्थित रहे।

**बीबीएयू में शिक्षकों को किया गया सम्मानित :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीराम स्वरूप मैमोरियल विवि के पूर्व उप कुलपति प्रो. अजय प्रकाश सहित अन्य उपस्थित रहे।

**पुनर्वास विवि में पौधरोपण को लगे कैंप :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने परिसर के भीतर कैंप लगाकर पौधे लगाए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रज्ञा श्रीवास्तव समेत अन्य उपस्थित रहे।




भाषा विवि में संगोष्ठी के दौरान उपस्थित कुलपति प्रो. एनबी सिंह, साथ में अन्य शिक्षक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप




बैंक ऑफ बड़ौदा के अंचल कार्यालय में पौधरोपण करते महाप्रबंधक समीर रंजन पंडा।

### बैंक ऑफ बडौदा के अंचल कार्यालय में हुआ पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ:** विश्व पर्यावरण दिवस पर गोमतीनगर के विभूति खंड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के अंचल कार्यालय में पौधरोपण किया गया। बैंक के महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख समीर रंजन पंडा ने शुरुआत की। कार्यक्रम में बैंक के सभी अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा लखनऊ अंचल के सभी 14 क्षेत्रीय कार्यालयों में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक समीर रंजन पंडा ने हरित पर्यावरण के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने मौके पर मौजूद बैंक कर्मियों से प्लास्टिक और कागज का उपयोग कम करने और अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा की अपील की।

### यूनियन बैंक के अंचल कार्यालय में हुआ पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल कार्यालय में अंचल प्रमुख राजेश कुमार के मार्गदर्शन में पौधरोपण किया गया। अंचल प्रमुख ने अशोक के पौधों का रोपण करने के बाद स्टाफ के सदस्यों से पर्यावरण संरक्षण एवं पोषण के लिए सचेत रहने को कहा। हा कि हम सब इस पर्यावरण से हैं, पर्यावरण हमसे नहीं परंतु इसके क्षय के हम निश्चित रूप से जिम्मेदार हैं। अगर हम अब भी सचेत नहीं हुए तो इसके परिणाम भयावह होंगे। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का परिणाम सभी के सामने है। हमें इसके लिए किसी विशेष दिवस पर निर्भर नहीं रहना है। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारा हर छोटा योगदान हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की दिशा में सार्थक होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में उप अंचल प्रमुख प्यारेलाल और पीके अवस्थी भी मौजूद रहे।



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यालय में पौधरोपण करते अंचल प्रमुख राजेश कुमार। अमृत विचार

## एक नजर

### कोचिंग गई छात्रा लापता

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज थाना क्षेत्र के गौतमपल्ली में घर से कोचिंग पढ़ने निकली छात्रा लापता हो गई है। पीड़ित परिजन का कहना है कि काफी तलाश के बाद भी छात्रा का पता नहीं चला। परिजन का कहना है कि छात्रा अपने साथ मोबाइल ले गई है, जो कि कॉल करने पर स्विच ऑफ आ रहा है। अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है।

### किशोरी को ले भागा युवक

अमृत विचार, लखनऊ : नाका थाना अन्तर्गत राजेन्द्र नगर क्षेत्र की रहने वाली युवती को पड़ोस का युवक भगाकर ले गया। युवती के परिजन ने आरोप लगाया है कि 19 वर्षीय युवती को पड़ोस के रहने वाले युवक बहला फुसलाकर ले गया है। परिजन को आंशका हैं कि युवती को भगाने में विपक्षी परिवार वालो का भी हाथ है। पांच दिन बीत जाने के बाद भी युवती का कुछ पता नहीं चला है। इससे परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना न घटित हो गई हो। परिजनों ने पुलिस से युवती को ढूंढने की गुहार लगाई है।

### भाई ने भाई को पीटा

अमृत विचार, मलिहाबाद : समाजवादी पार्टी को वोट देने से नाराज एक भाई ने अपने ही सगे भाई की जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बुधवार को ग्राम लालपुर गोसा निवासी धर्मचंद ने अपने भाई हीरालाल से जानकारी की कि तुमने वोट किसको दिया था। जिस पर हीरालाल ने बताया की हमने वोट साइकिल को दिया था। जिससे नाराज धर्मचंद ने अपनी पत्नी साले छोटू व सास फूला के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी।

# पुत्र की लाश के ऊपर पेड़ से फंदे पर लटका मिला मां का शव

## घर से महज दो सौ मीटर दूर बाग में मिले मां-बेटे के शव, बंथरा थाना क्षेत्र के भौकापुर का मामला, लाऊखेड़ा निवासी थे मृतक

लखनऊ/ सरोजनीनगर

अमृत विचार : बंथरा क्षेत्र में बुधवार को संदिग्ध हालात में बाग में 11 वर्षीय बेटे का शव पड़ा मिला, ठीक शव के ऊपर पेड़ की डाल से मां का शव दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। बाग मालिक पहुंचा तो घटना का पता चला। फिलहाल पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि मना करने के बाद भी बेटा तालाब में नहाने चला गया। इसी से गुस्सा होकर डराने के लिये दुपट्टे से गला दबाने से बेटे की मौत होने से सदमे में आकर मां ने भी फंदा लगाकर जान दे दी। पति भी आरोप से इंकार कर रहा है। फिलहाल दोनों की हत्या की गई है या आत्महत्या है, इसकी पुष्टि के लिये पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

इंस्पेक्टर हेमंत राघव के मुताबिक, क्षेत्र के भौकापुर निवासी गिरजा शंकर शुक्ला का गांव के पास में आम का बाग है। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे उनका भाई राजेश शुक्ला बाग की तरफ पहुंचा। जहां आम के पेड़ के नीचे किशोर का शव पड़ा दिखा और ठीक उसके ऊपर पेड़ पर दुपट्टे के फंदे से करीब महिला का शव लटक रहा था। मंजर देख बदहवास राजेश ने गांव पहुंच ग्राम प्रधान व ग्रामीणों को घटना बताई। मौके पर भीड़ जुट गई। प्रधान की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने मृतकों की पहचान पड़ोसी गांव लाऊखेड़ा निवासी मनोज यादव के बेटे निर्पेश (11) और पत्नी अनीता (32) के रूप में की। पुलिस ने मनोज से पूछताछ की तो उसने आरोप से इंकार किया। उसने बेटे का गला कसने के बाद पत्नी के आत्महत्या करने की आशंका जताई। इंस्पेक्टर ने बताया फिलहाल प्रारंभिक जांच में पता चला कि अनीता के मना करने के बाद भी निर्पेश तालाब पर नहाने चला गया था। आशंका है कि इसी से नाराज होकर अनीता ने गुस्से में दुपट्टे से निर्पेश का गला कसा हो, जिससे उसकी मौत हो गयी। इसके बाद अनीता ने भी फंदा लगा लिया।

इंस्पेक्टर ने बताया फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किये हैं। पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे गये हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**जिस तालाब में नहाने जाने की बात, उसमें भी पानी कम:** मनोज के घर से बाग की दूरी करीब दो सौ से तीन सौ मीटर की दूरी पर है। इसके अलावा बाग के पास ही लाऊखेड़ा में प्लाईवुड की फैक्ट्री है। इसी तरह तालाब भी घर से करीब चार सौ मीटर की दूरी पर है। घटना भी करीब 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है। पूरे घटना क्रम को लेकर कई सवालिया निशान उठ रहे हैं।


निर्पेश


अनीता


घटना के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

### सदमे के चलते जान देने की आशंका

ऐसी आशंका भी जताई जा रही है कि मना करने के बाद भी निर्पेश के तालाब पर नहाने जाने से नाराज होकर अनीता गुस्से में पहुंची। डराने की मंशा से गुस्से के कारण दुपट्टे से बेटे का गला कस दिया। अधिक कसाव के कारण बेटे की मौत हो गई। इसके बाद आत्मग्लानि और सदमे के चलते उसने भी उसी दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### मना करने के बाद भी नहाने जाने की कही बात

इंस्पेक्टर ने बताया कि मनोज ने बताया कि वह रात की ड्यूटी करता है। सुबह करीब 7 बजे ड्यूटी से घर लौटने के बाद सोने जा रहा था। करीब 11.30 बजे निर्पेश मवेशी चराकर कर घर लौटा था। वह अनीता से घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब में नहाने जाने की जिद कर रहा था। अनीता ने मना कर दिया था। इसके बाद भी निर्पेश दुपट्टा लेकर तालाब पर नहाने चला गया था। करीब 1 बजे घटना की जानकारी हुई।

### दो बहनों पर इकलौता भाई था निर्पेश

मनोज यादव के मुताबिक, वह लाऊखेड़ा स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता है। परिवार में पत्नी अनीता के अलावा एक बेटा निर्पेश था। जो दो बहनों के बीच एकलौता भाई था। वह पूर्व माध्यमिक स्कूल बेंती में कक्षा सात का छात्र था। सबसे बड़ी बेटी संध्या (15) है और सबसे छोटी बेटी आराध्या (4) है। फिलहाल घटना ने दो बच्चों के सिर से मां का आंचल छीन लिया। दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

### उलझा रहीं पुलिस और मनोज की बातें

एक तरफ पुलिस और पति मनोज कह रहे हैं कि किसी ने मां-बेटे को साथ जाते नहीं देखा। जिस तालाब में नहाने जाने के लिये निर्पेश जिद कर रहा था। हल्का इंचार्ज घीसूराम सरोज का कहना है कि उस तालाब में इतना पानी ही नहीं की कोई नहा सके। इसी तरह मनोज का कहना है कि 7 बजे वह ड्यूटी से लौटा था। 11.30 बजे सोने से पहले उसने मां बेटे की बातें सुनीं थी। बड़ा सवाल यह है कि यदि पत्नी इतने गुस्से में दिखी तो उसे रोका क्यों नहीं। घटना स्थल घर से महज दो सौ मीटर पर है, फिर भी वह मौके पर बिना बुलाये क्यों नहीं पहुंचा।

# शार्ट सर्किट से फर्नीचर गोदाम में लगी आग



अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग क्षेत्र में निशात सिनेमा हॉल के पास बुधवार सुबह फर्नीचर गोदाम में आग लग गई। लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने व्यापारी व दमकल कंट्रोल रूम को सूचना दी। हजरतगंज फायर स्टेशन से पहुंची टीम ने डेढ़ घंटे की मशक्कत में आग पर काबू पा लिया।

एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत के मुताबिक, सरोजिनी नायडू मार्ग निवासी आशीष कात्यात की कैसरबाग स्थित निशात सिनेमा के पास फर्नीचर की दुकान है। दुकान के एक हिस्से में गोदाम भी बना है। बुधवार सुबह करीब 9.30 पर आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं निकलते देख आग लगने की सूचना दी।

एफएसओ ने बताया आनन-फानन मौके पर दमकल की चार गाड़ियां भेजी गईं। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल घटना के समय गोदाम में कोई नहीं था। वहीं गोदाम की बगल में बने घर के लोग डर कर बाहर निकल आये। एफएसओ के मुताबिक शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। दुकानदार नुकसान का आंकलन कर रहा है।

# पहली चोरी में दूसरे दिन धरे गए तीन आरोपी, सरगना जा चुका है जेल

संवाददाता, लखनऊ/ ठाकुरगंज

- आरोपियों की पहचान के लिये खंगाले गए करीब 200 सीसीटीवी कैमरे
- डीसीपी पश्चिमी ने किया खुलासा, ठाकुरगंज क्षेत्र मे 3 जून को हुई थी चोरी

अमृत विचार: ठाकुरगंज कोतवाली क्षेत्र में 3 जून को शटरिंग कारोबारी के घर हुई करीब 10 लाख की चोरी का बुधवार को डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने खुलासा किया। बताया कि गिरोह के मस्टर माइंड समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कब्जे से चोरी के गहने और नकदी बरामद की है। घटना में शामिल तीन आरोपियों ने पहली बार चोरी की थी। जबकि मास्टर माइंड पहले भी चेन लूट में जेल भेजा गया था।

डीसीपी के मुताबिक, फरीदीपुर निवासी शटरिंग कारोबारी अब्दुल तौहीद ने प्रार्थना-पत्र देकर सोमवार को घर में चोरी होने का मामला दर्ज कराया था। चोरी के खुलासे के लिये लगाई गईं टीमों ने घटनास्थल के आसपास के करीब तीन किलोमीटर एरिया में मकानों, दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों में लगे करीब 200 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज से संदेह के आधार पर चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो उन्होने चोरी का जुर्म कुबूल किया। आरोपियों की पहचान ठाकुरगंज के बालागंज निवासी मास्टर माइंड श्याम तिवारी, फरीदीपुर निवासी आशीष गौतम, इकबाल और अनूप सैनी के रूप में हुई। डीसीपी ने बताया श्याम तिवारी पहले भी लूट कर चुका है। जबकि अन्य तीनों आरोपियों ने पहली बार चोरी की थी। जिन्हें कुछ दिन पहले ही जेल से छूट कर आये श्याम तिवारी ने बिना मेहनत मोटा माल कमाने का लालच देकर चोरी के लिये राजी किया था। डीसीपी ने बताया आरोपियों के कब्जे से चोरी के करीब 8 से 10 लाख के गहने और 35 हजार रुपये नकद बरामद किये गये हैं।

### मास्टर माइंड श्याम चेन लूट मामले में जा चुका जेल

एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि गैंग का मास्टर माइंड ई-रिक्शा चालक श्याम तिवारी है। पूर्व में श्याम चेन स्नेचिंग के मामले में जेल भेजा जा चुका है। जेल से रिहा होने के बाद उसने गैंग तैयार किया। सदस्यों के साथ मिलकर चोरी की वारदात अंजाम दी। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि श्याम घूम-घूमकर बंद मकानों की रेकी कर वारदात अंजाम देता था। पूर्व में उसने कौन-कौन सी वारदात अंजाम दी इसकी जानकारी भी की जा रही है। बताया वारदात के बाद आरोपी रुपयों और गहनों को बांट कर पीने-पीने में खर्च करने वाले थे।

# चोरी करते धरे गए युवक-युवती

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग क्षेत्र में संचालित मॉल में चोरी करते युवक-युवती रंगेहाथ पकड़े गये। सुरक्षा गार्ड ने संदेह होने पर तलाशी ली तो करतूत सामने आई। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की है। इंस्पेक्टर एसएस महादेवन के मुताबिक, आलमबाग बस अड्डा स्थित माल के मैनेजर राजीव पीपल ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया माल में चंद्रलोक कॉलोनी निवासी उदय सिंह और आकांक्षा सुरक्षा गार्ड हैं। उनकी ड्यूटी गेट के पास रहती है। 4 मई को संदिग्ध युवक- युवती बिना चेकिंग कराये ही माल से बाहर निकल रहे थे। गार्ड ने जांच कराने की बात कही तो भड़क कर बवाल करने लगे। संदेह होने पर दोनों की तलाशी ली गई तो कपड़ों में छिपाकर रखे टीशर्ट, तौलिया, बिस्किट, चाकलेट, ब्रा समेत करीब 25 सौ रुपये का सामान बरामद हुआ।

# खिड़की तोड़ घर में घुसे चोर, उठा ले गए लाखों के जेवर और नकदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचार : मोहनलालगंज में मकान की खिड़की तोड़कर चोर घर में दाखिल हो गए और लाखों रुपए कीमत के जेवर व नकदी पार कर दिया। चोरों ने उस वक्त वारदात को अंजाम दिया, जब परिवार के लोग छत पर सो रहे थे। घर मालिक ने पड़ोसी पर चोरी की आशंका जाहिर कर मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में चोरों ने दो मकानों में घुसकर लाखों की नकदी व जेवर चोरी कर ले गए।

मोहनलालगंज के मऊ निवासी प्रकाश के मुताबिक बीती 29 मई को खाना खाने के बाद वह परिवार के साथ मकान की छत पर सोने चले गए। सुबह जब वह छत से नीचे आए तो देखा कि मकान की खिड़की टूटी और घर का सामान बिखरा हुआ पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि चोर कमरे में रखी अलमारी से 1.50 लाख रुपए कीमत के जेवर व एक लाख रुपए नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित का कहना है कि उसकी दीवार पडोसी लक्ष्मीना देवी के मकान से सटी है।

पीड़ित ने पड़ोसी पर चोरी की आशंका जाहिर कर मुकदमा दर्ज कराया हैं। वहीं, सरोजनीनगर के रुपखेड़ा गांव निवासी श्रीपाल के मुताबिक मंगलवार रात को परिवार के साथ छत पर सो रहे थे। छत के रास्ते से चोर उनके घर में घुस गए और लाखों रुपये कीमत की नकदी व जेवर चोरी कर ले गए। चोरों ने उनके पड़ोसी रामदयाल के मकान में भी हाथ साफ कर दिया। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही हैं।

## सार-संक्षेप

### मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की चेन लूटी

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की स्कूटी सवार बदमाश चेन लूटकर भाग गया। शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक, थाना क्षेत्र के बाबूखेड़ा कल्ली पश्चिम निवासी विधवा किरण यादव मंगलवार को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया रोज की तरह ही 3 जून की सुबह करीब 5.30 बजे वह घर से मॉर्निंग वाक पर निकली थीं। घर से कुछ दूरी पर पहुंची थीं। इसी बीच पीछे से आये स्कूटी सवार बदमाश ने किरण को धक्का देकर गिरा दिया। वह संभल पातीं इससे पहले ही उनके गले से चेन लूट कर भाग निकला। गिरने से वह चोटिल हो गईं। मदद के लिए शोर मचाने पर जब तक आसपास के लोग पहुंचे बदमाश लापता हो चुका था। किरण ने घर पहुंच आपबीती परिजन को बताई। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बदमाश की तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। इंस्पेक्टर ने बताया घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाश की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

### युवती का मोबाइल लूट कर बाइक सवार बदमाश भागे

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज क्षेत्र में पैदल जा रही युवती का बाइक सवार बदमाश मोबाइल लूट कर भाग निकले। शिकायत पर पुलिस बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी के मुताबिक, क्षेत्र के सेक्टर-एक निवासी टीना पुत्री पवन पाठक ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 28 मई को रात करीब 10 बजे ऑफिस से घर लौट रही थी। घर से कुछ दूरी पर पैदल मोबाइल फोन पर बात करते हुए चल रही थी। इसी बीच पीछे से एक बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद मोबाइल लूट कर भागने लगे। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तब तक बदमाश लापता हो चुके थे। इंस्पेक्टर ने बताया मामला दर्ज कर लिया है। घटना स्थल के आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जायेगा।

### बाइक सवार बदमाशों ने युवती से छीना मोबाइल

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ए ब्लॉक पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिग्री कॉलेज राजाजीपुरम निवासी हरिशंकर शुक्ला की बेटी मान्यता शुक्ला 28 मई को रात्रि के समय राजाजीपुरम की साइड से मार्केट जा रही थी, तभी रास्ते में तीन बाइक सवार बदमाशों ने बेटी मान्यता शुक्ला का मोबाइल हाथ से छीन लिया और युवती को पीछे धकेल दिया। गिर जाने से वह जख्मी हो गई। जब कुछ देर बाद होश आया और उठी तब देखा तो बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। घायल युवती अपने घर गई तो अपने पिता से सारी घटना की जानकारी दी। पिता ने तालकटोरा थाने में मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस से मोबाइल बरामद की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक कैलाश दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कर जल्द पता लगाने की भरोसा दिया है।

### दोस्त के साथ जा रही युवती को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : विकासनगर में दोस्त के साथ जा रही युवती को कुछ युवक रास्ते में रोककर मारपीट की। बहन के साथ मारपीट की सूचना मिलने भाई पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। सबौली निवासी पूजा वर्मा के मुताबिक बीती 2 जून को वह अपने दोस्त के साथ घर जा रही थी। रास्ते में चेतन जनरल स्टोर के पास चंद्रकिशोर और हरिओम उसे रास्ते में रोककर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। बहन के साथ मारपीट होता देख उसके भाई मौके पर पहुंचे, जिसपर आरोपियों ने अपने पांच -छह अन्य साथियों को बुलाकर पीड़िता के भाइयों की लाठी-डंडे से पीटकर कर घायल कर दिया। मारपीट में युवती और उसके बड़े भाई अरुण कुमार, छोटे भाई शिवा को गम्भीर चोटें आई हैं। आरोप है कि पीड़िता ने थाने पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बुधवार को युवती अपने वकील के साथ थाने पहुंची, जिसके बाद पुलिस ने मारपीट, धमकी व बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया हैं।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के गौरी बाजार निवासी कृष्ण कुमार यादव ने शानू तिवारी, राजू तिवारी और एक अन्य अज्ञात के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्ण कुमार का कहना है कि बीते सोमवार को रात करीब 9 बजे वह अपनी दुकान पर था। तभी शानू तिवारी नामक व्यक्ति अपने दो साथियों राजू तिवारी व एक अन्य के साथ आकर घड़ी का सेल मांगने लगा। आरोप है कि सेल देने में देरी हुई तो वह गाली देते हुए दुकान से बाहर जाने लगा। जब पीड़ित ने विरोध किया तो शानू तिवारी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान पीड़ित का मौसेरा भाई अजय कुमार बीच बचाव करने पहुंचा तो शानू ने उसके सिर पर पत्थर से वार कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित का कहना है कि बाद में तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। फिलहाल कृष्ण कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सरोजनीनगर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पैसे मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

अमृत विचार, मलिहाबाद : सुरक्षा गार्ड को जब प्रापर्टी डीलर ने मजदूरी के पैसे नहीं दिये तो उसकी पत्नी के द्वारा पैसे मांगने पर प्रापर्टी डीलर व उसकी पत्नी ने फोन पर गार्ड उसकी पत्नी व बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। जिसकी तहरीर गार्ड की पत्नी ने रहीमाबाद थाने पर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रुसैना निवासिनी किरन बाजपेयी ने थाने में दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसका पति करन बाजपेयी आगरा एक्सप्रेसवे मोहान रोड पर अमित इन्फ्राहाइट प्राइवेट लिमिटेड कमला प्लाजा पर काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम उदितखेड़ा निवासी संजय सिंह यादव के पास सुरक्षा गार्ड की नौकरी 16 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से विगत 24 फरवरी से 23 अप्रैल तक की थी। जिसकी मजदूरी प्रापर्टी डीलर ने सिर्फ 24 हजार रुपये ही दी थी। बार-बार गार्ड के मांगने पर डीलर ने जब पैसे नहीं दिये तो गार्ड की पत्नी किरन बाजपेयी ने 4 जून को फोन कर मजदूरी मांगी। जिसपर प्रापर्टी डीलर संजय सिंह यादव व उसकी पत्नी रेखा सिंह यादव ने गालियां देते हुए पति व बच्चों को जान से मारने की धमकी दे डाली। जिससे परेशान महिला ने रहीमाबाद पुलिस को तहरीर दे न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया मामले की जानकारी नहीं है।

# तेज रफ्तार टेंपो पलटा दबकर फल विक्रेता की मौत

संवाददाता, बीकेटी

- बीकेटी थाना क्षेत्र में लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर हुआ हादसा

अमृत विचार : बीकेटी थाना क्षेत्र में लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर तेज रफ्तार टेंपो पलटने से उसके नीचे दबकर फल विक्रेता की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक टेंपो छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

थाना अंतर्गत गोहना कला गांव निवासी भगवानदीन रावत (55) कस्बा में फल की दुकान लगाते थे। वे बुधवार दोपहर लखनऊ स्थित मंडी से फल खरीदकर टेंपो से दुकान पर लौट रहे थे। रास्ते में हाइवे पर पारस हॉस्पिटल के सामने तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो के नीचे भगवानदीन दब गया। हादसे के बाद चालक टेंपो छोड़कर भाग निकला। आसपास के लोगों ने आनन-फानन टेंपो हटाकर उसे निकाला, लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया टेंपो कब्जे में ले लिया गया है।

# पति समेत ससुरालीजनों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्नी ने पति पर अप्राकृतिक यौन शोषण का लगाया आरोप
- जानकारी के बाद परिजनों ने महिला का कराया इलाज

अमृत विचारः पति लगातार अप्राकृतिक यौन शोषण करता रहा, जिसके कारण पीड़िता की हालत खराब हो गयी। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने बेटी का इलाज कराया। पीड़िता ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ठाकुरगंज निवासी महिला के मुताबिक उसकी वर्ष 2023 में उसकी शादी कानपुर नगर के महाराजपुर निवासी युवक से हुई थी। महिला का कहना है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके पति व ससुराल वाले कोचिंग सेंटर खोलने के लिए पीड़िता को मायके से 5 लाख रुपए और कार की मांग करने के लिए दबाव बनाकर प्रताड़ित करने लगे। वहीं, पति जबरन अप्राकृतिक यौन शोषण करने लगा। पति की हरकतों के चलते महिला की तबीयत खराब हो गयी। जब मायके वालों को पता चला, तो उन्होंने पीड़िता को ससुराल से लाने के बाद उसका इलाज करवाया। महिला के अनुसार इलाज के बाद उसके पिता ससुराल लेकर गए, लेकिन ससुराल वाले उसे घर में घुसने नहीं दिया। आरोप है कि उसने ठाकुरगंज थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। पीड़िता ने डीसीपी मध्य से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति, ससुर, सास व ननद, ननद की बेटी और जेठ व जेठानी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### महिला ने लगाया यौन शोषण का आरोप, एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला के मुताबिक उसका विवाह वर्ष 2022 में इटावा निवासी एक युवक के साथ हुआ था। ससुराल पहुंचने के बाद उसके पति को पता चला कि उसकी पत्नी गर्भवती है, जिसके बाद युवक ने पत्नी को पेट दर्द की दवा बताकर खिला दिया, जिससे उसका गर्भपात हो गया। महिला करीब एक वर्ष तक अपने मायके में रही। पीड़िता के मुताबिक मई 2023 को उसे पता चला कि उसके पति ने दूसरी लड़की के साथ शादी कर ली, जिस पर उसने अपने पति से सारे नाते तोड़ दिया। आरोप है कि कुछ दिन बाद उसके पति ने फोन कर कहा कि उसने घर वालों के दबाव में आकर दूसरी शादी की थी। उसने दूसरी पत्नी को तलाक देने का भरोसा देकर पीड़िता को इटावा में रहने का झांसा दिया। फिर उसके साथ यौन शोषण करने लगा। आरोप है कि पीड़िता ने पति से पेट में तीन माह का गर्भ होने की बात कही, तो उसके पति ने गर्भपात करवाने का दबाव बनाया। कहा कि 10 लाख रुपए लेकर आओ तब दूसरी पत्नी को तलाक दूंगा। पुलिस का कहना है कि दंपति के बीच आपसी विवाद है। मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

# नौतपा : आठ दिन में हुआ 265 शवों का पोस्टमॉर्टम

## सबसे अधिक 31 मई को 46 तो 26 मई को 23 शव मिले, आधे से अधिक की नहीं हो सकी पहचान, कई का पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में बीती 25 मई से 2 जून तक नौतपा के कारण तेज धूप ने लोगों को काफी परेशान किया। वहीं 9 दिनों में कुल 8 दिन काफी दिक्कतों वाले रहे।

इस दौरान 265 लोगों ने दम तोड़ दिया। यह संख्या और भी बढ़ सकती है। पर, इतने शवों को पोस्टमॉर्टम हाउस भेजा गया। इसमें आधे से अधिक की पहचान तक नहीं हो सकी। ऐसे में कई शवों का अंतिम संस्कार पुलिस ने किया। पूरे 9 दिनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो सबसे अधिक 31 मई को 46 और सबसे कम 26 मई को 23 शव पोस्टमॉर्टम हाउस भेजे गए।

पुलिस के मुताबिक, सामान्य दिनों में पोस्टमॉर्टम हाउस में 8-10 शव आते हैं, लेकिन पिछले 8 दिनों में यह संख्या तीन से चार गुना हो गई। हालत यह रही कि शव रखने के लिए भी जगह नहीं बची। आधे से अधिक शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी। इतनी संख्या में हुईं मौतों के पीछे पोस्टमॉर्टम हाउस के चिकित्सक भीषण गर्मी को कारण मान रहे हैं। पिछले चार दिनों में 159 शव पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। इनमें से 35 की शिनाख्त हो सकी।

कुछ इसी तरह का हाल तीन श्मशान घाटों भैंसाकुंड, गुल्लाघाट और वीवीआईपी रोड का भी है। यहां भी सामान्य दिनों की अपेक्षा तीन गुना शव अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे। भैंसाकुंड और गुल्लाघाट पर ज्यादा दिक्कतें नहीं आईं। पर, वीवीआईपी रोड स्थित श्मशान घाट में तीन-चार दिन शव जलाने के लिए प्लेटफार्म पर नहीं मिल पा रहे थे। मजबूरन लोगों ने नीचे ही अंतिम संस्कार किया।

### 26 मई से बढ़ी शवों की संख्या

पोस्टमॉर्टम हाउस पर सामान्य दिनों में 8 से 10 शवों का पोस्टमॉर्टम किया जाता था, लेकिन 26 मई के बाद से यह आंकड़ा तेजी से बढ़ा। इस दिन 23 शवों का पोस्टमॉर्टम कराया गया। वहीं, 27 मई को 25, 28 मई को 27, 29 मई को 30, 30 मई को 45, 31 मई को 46 व 1 जून को 41 और 2 जून को 26 शवों का पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके लिए यहां तैनात चिकित्सकों और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई। जो देर रात 11 बजे तक पोस्टमार्टम करते रहे।

### पुलिस ने कराया कई शवों का अंतिम संस्कार

डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार के मुताबिक ठाकुरगंज के रामनारायण मौर्य की मौत हो गई। उनके आगे-पीछे परिवार में कोई नहीं था। जानकारी होने पर शव का अंतिम संस्कार पुलिस ने कराया। इस तरह के कई शव पोस्टमॉर्टम हाउस में पहुंचे थे। जिनकी शिनाख्त नहीं हुई। तीन दिनों तक इंतजार करने के बाद पुलिस ने अंतिम संस्कार कराया। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि पिछले 8 दिनों से लगातार सिविल अस्पताल में लावारिस शवों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। रोज 1-2 शवों की जगह 6 से 8 शव पहुंचने लगे। कई शवों की शिनाख्त न होने के कारण उनकी टीम ने अंतिम संस्कार कराया।

# वैश्विक तापमान वृद्धि नष्ट कर देगा अनाज का उत्पादन

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एनबीआरआई में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले वैज्ञानिक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्लोबल वार्मिंग से हो रह जलवायु परिवर्तन ने वैश्विक पटल के तापमान में 1.10 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की है। अगर जल्द ही नहीं चेता गया तो तापमान 2 डिग्री तक बढ़ सकता है। इस स्थित में चावल, गेहूं, मक्का और सोयाबीन जैसी फसलें हमेशा के लिए नष्ट हो जाएंगी। नवीनतम आईपीसीसी रिपोर्ट पर बुधवार को राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने इस संबंध में चिंता जाहिर की। उनका कहना है कि पौधरोपण से ही इस समस्या को रोका जा सकता है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर हुए समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. एके शासनी ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए अपनी जीवनशैली में बदलाव करना होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. सोन्ती ने बताया कि तापमान में दो डिग्री की बढ़ोत्तरी से जलवायु अनिश्चित होगी, इसलिए एक ही वर्ष में फसल को बाढ़, सूखे और गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

**पौधरोपण से ही बढ़ते तापमान को रोका जा सकता है : वैज्ञानिक**

सीपीसीबी के क्षेत्रीय निदेशक डीके सोनी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. एमए खालिद, पृथ्वी इनोवेशन की अनुराधा गुप्ता सहित विशेषज्ञों ने बंजर भूमि के पुनर्स्थापन तथा मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए कार्य योजनाओं पर चर्चा की। प्रतिभागियों की ओर से मिशन लाइफ की शपथ दिलाई गई। वृक्ष परिग्रह पहल के तहत प्रतिभागियों को पौधे वितरित किये गये।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों सहित विभिन्न संगठनों के करीब 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उधर, सीएसआईआर के महानिदेशक डॉ. एन कलैसेलवी ने बंथरा स्थित संस्थान के दूरस्थ अनुसंधान केंद्र का निरीक्षण कर नव स्थापित नर्सरी और फ्लोरीकल्चर सेंटर का उद्घाटन किया।

**घोषित हुए पुरस्कार :** कार्यक्रम में वर्ष 2021 और 22 के लिए आईएसईबी फेलोशिप पुरस्कार और युवा वैज्ञानिक पुरस्कार की घोषणा हुई। जो पर्यावरण विज्ञान में व्यक्ति की ओर से किए गए उत्कृष्ट योगदान से जुड़े हुए थे। इस दौरान 20 फेलोशिप पुरस्कारों के साथ 6 युवा वैज्ञानिकों को नामित किया गया।

### नेवी एनसीसी कैडेटों ने किया पौधरोपण, किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय की ओर से नेवी एनसीसी के कैडेटों ने पौधरोपण किया। गोमती रिवर फ्रंट के किनारे इस अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'ग्रो ग्रीन, ब्रीथ क्लीन' के अनुरूप, जल निकायों की स्वच्छता और हरित आवरण को बढ़ावा देने वाले पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत मनाया गया। कैडेटों ने लोगों को जागरूक करने के लिए एक रैली भी निकाली, साथ ही हरित आवरण, जैव विविधता और पारिस्थितिक संरक्षण के महत्व पर भी जोर दिया।

## पर्यावरण को सुरक्षित रखना सबकी जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व पर्यावरण दिवस पर हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने चंदन व शरीफा का पौधा लगाकर पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। मनुष्य का पर्यावरण से बेहतर कोई दोस्त नहीं हो सकता।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के कार्यक्रम में मंडलायुक्त के साथ उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने भी चंदन का पौधा लगाया। इसके बाद ग्रीन बेल्ट में एक साथ आंवला, नीम, पीपल, आम, पिलखन, चंदन, रुद्राक्ष, बेला, चमेली, रात रानी, गंधराज, खजूर, कदम, बॉटल ब्रश, सफेद चांदनी, सीता अशोक, कटहल, जामुन व गुलमोहर आदि प्रजाति के 10 हजार पौधे रोपे गए। इस मौके पर अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, मुख्य अभियन्ता अजय कुमार सिंह, विशेष कार्याधिकारी वन्दना पांडेय, अधिशासी अभियंता नवनीत शर्मा, मनोज सागर, सहायक उद्यान अधिकारी कर्ण सिंह एवं मोहम्मद इमरान रहे।


बसंतकुंज योजना में पौधरोपण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

# महापौर ने गौशाला में किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कान्हा उपवन गौशाला में पौधरोपण करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर नादरगंज अमौसी स्थित कान्हा उपवन गौशाला में महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को आम, बेल और आंवला के पौधों का रोपण किया।

साथ ही बाड़ों का निरीक्षण करके व्यवस्थाएं देखीं। महापौर ने बाड़ों में गौवंश को हरा चारा और गायों को गुड़ खिलाया। इस मौके पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव, पंकज श्रीवास्तव, पार्षद रंजीत सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, सौरभ सिंह, हरीश अवस्थी उपस्थित रहे।

महापौर ने पार्षदों के साथ गोल्फ कार्ट से पूरे परिसर का भ्रमण किया। अमृत योजना के तहत विकसित किए जा रहे राधा तथा कान्हा सरोवर के निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कान्हा उपवन विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों और अध्यापकों से मुलाकात करके बच्चों को मिष्ठान और चॉकलेट वितरण की।

# नुक्कड़ नाटक ने बढ़ाई जागरूकता

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व पर्यावरण दिवस पर नवयुग कन्या महाविद्यालय के छात्राओं ने लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाते हुए पौधों का वितरण किया। एनसीसी कैडटों ने नुक्कड़ नाटक कर पर्यावरण संबंधी जानकारियां भी साझा कीं।

उम्मीद संस्था के साथ मिलकर सीएमएस, एमिटी और स्टडी हॉल स्कूल के छात्र आगे आए। छात्रा नायसा विक्रम सिंह, नव्या, आर्यन सहित अन्य ने दुकानदारों, पुलिसकर्मियों और राहगीरों को तुलसी आदि के पौधे वितरित किये। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय, एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।


ट्रैफिक पुलिसकर्मी को तुलसी का पौधा देती नवयुग कन्या महाविद्यालय की छात्रा।

### छात्राओं को बताया पेड़ पौधों का महत्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोतीनगर स्थित बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज की छात्राओं ने विश्व पर्यावरण दिवस पर औषधीय गुण वाले पौधों का रोपण किया। बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. लीना मिश्र ने पेड़ों का महत्व बताया। कक्षा 11 की सृष्टि सिंह ने आसपास के बच्चों को भी एकत्रित करके उन्हें पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। कक्षा 9 की छात्रा हर्षिता मिश्रा ने खूबसूरत पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। कक्षा 9 की ही कल्पना गौतम ने कविता और स्लोगन लिखा।

# बीमारियों से बचने के लिए लगाएं पौधे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


जुग्गौर स्थित रूरल हेल्थ प्रशिक्षण केंद्र में पौधरोपण करते लोहिया संस्थान के निदेशक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर परिसर में कई तरह के पौधे लगाए। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला समेत सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

**केजीएमयू में जागरूकता रैली निकाली :** केजीएमयू में पर्यावरण विभाग की ओर से पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता रैली निकाली गई। केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानन्द, कुलसचिव अर्चना गहरवार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डी हिमांशु, पर्यावचरण विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. कीर्ति श्रीवास्तव ने लॉन में पौधे लगाए। डब्लूएचओ प्रोजेक्ट के तहत 20 केंद्रों के नोडल आफिसर एवं अन्य स्टाफ का वेस्ट मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया गया।

**बलरामपुर अस्पताल में पौधरोपण और शपथ समारोह :** बलरामपुर अस्पताल में पौधरोपण और शपथ समारोह का आयोजन किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार, सीएमएस डॉ. एनबी सिंह और एमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने अस्पताल परिसर में पौधे लगाए। जागरूकता कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

**लोहिया संस्थान में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश :** लोहिया संस्थान के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से बुधवार को जुग्गौर स्थित रूरल हेल्थ प्रशिक्षण केंद्र में पर्यावरण दिवस पर बच्चों एवं बड़ों ने पौधे लगाने का संकल्प लिया। एमबीबीएस छात्रों ने नुक्कड़ नाटक पेश कर पर्यावरण विषय हमारी धरती, हमारा भविष्य का संदेश दिया। यूपी नेडा और सीड फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाएं।


पौधरोपण करते हुए अस्पताल के निदेशक, एमएस और सीएमएस। अमृत विचार

यूपीनेडा ने परियोजना अधिकारी खुर्शीद फारूक ने पर्यावरण को सौर ऊर्जा से बेहतर बनाने की जानकारी साझा की।। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर सीएमएस डॉ. एकेसिंह, डॉ. एसडी कांडपाल, डॉ.विनीता शुक्ला आदि ने संस्थान के एकेडमिक ब्लॉक परिसर में पौधे लगाए।

**पहल** उपयोगी तरीके बताकर पौधरोपण को बढ़ावा दे रही डॉ. अंजू

# घर की छत को बनाया बगीचा, उगा रहीं सब्जियां-फल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पर्यावरण को बेहतर रखना है तो उसके लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। लेकिन आपके पास जमीन नहीं है तो भी आप पौधरोपण कर सकते हैं और गार्डन बनाकर ताजे फलों का लुत्फ उठा सकते हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है गोमती नगर नेहरू एंक्लेव की निवासी डॉ. अंजू वार्ष्णेय ने।

डॉ. अंजू यहां एक फ्लैट के सबसे ऊपर के हिस्से में रहती हैं। उन्होंने अपने घर की छत को गार्डन बना दिया है। इसमें उन्होंने चीकू, अमरूद, अनार, जामुन, इमली, नारंगी, बैंगन, टमाटर, करी पत्ता, आंवला, सहित दर्जनों पौधों का बगीचा खड़ा कर दिया है। उन्होंने बताया कि बचपन से पेड़ लगाने का शौक है लेकिन पिछले 24 सालों से वह लगातार पौधरोपण अभियान में सक्रिय हैं।



अपने घर की छत पर चीकू के पेड़ को दिखाती डॉ. अंजू, साथ ही पार्क में उनके द्वारा लगाए गए पेड़-पौधे। अमृत विचार

अंजू के इस प्रयास से जहां ताजे फल और सब्जी मिलती है। वहीं दूसरी ओर घर की छत पर गर्मी में तापमान भी कम रहता है। इस कार्य में उनके बेटे अथर्व वार्ष्णेय और उनके पति अरविंद कुमार भी हरसंभव मदद करते हैं।

डॉ. अंजू ने घर के सामने बना पार्क भी संवारा है। अपने रुपयों से काफी संख्या में फल दार पौधे लगाए हैं।

## सार-संक्षेप


बाजारों में पौधे वितरित करते नाका परिक्षेत्र व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन मनोचा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह रोपे गये पौधे

**अमृत विचार, निगोहां :** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बुधवार को जगह-जगह पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर निगोहां के एसएन मांटेसरी स्कूल के प्रबंधक आरपी सिंह ने स्कूल परिसर और आसपास पौधरोपण किया। वहीं नगराम स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली के परिसर में प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने फलदार वृक्षों का रोपण कर ग्रामीणों को पौधे लगाने का संदेश दिया।


आयुर्वेदिक चिकित्सालय में पौधरोपण को लेकर जागरूक करते डॉक्टर।

### आयुर्वेदिक चिकित्सालय में दी गई पौधों की जानकारी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के चंद्रावल स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। अस्पताल की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. बबीता केन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ता प्रदूषण प्रकृति और मनुष्य व सभी जीवों के लिए खतरनाक है। डॉ. बबीता केन ने चिकित्सालय में बनी औषधि वाटिका में लगे औषधीय पौधों की पहचान कराते हुए उनके गुणों को बताने के साथ उन्हें किस रोग में कैसे प्रयोग किया जाए के बारे में जानकारी दी।

### संस्था ने लिया 551 पेड़ लगाने का संकल्प, लगाए 101 पेड़

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर इलाके में लगातार समाजसेवी कार्यों के लिए चर्चित यूनिक इंडियन फाउंडेशन ट्रस्ट ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 101 पेड़ लगाकर 501 पेड़ लगाने का संकल्प लिया। ट्रस्ट ने अटल हरित उपवन में पेड़ लगाए। जिसमें आम, अनार, नींबू, मोरपंख, गुलहड, आंवला, मीठी नीम, बेल इत्यादि कई किस्म के पेड़ लगाकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया।


विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर चौक में सर्राफ विनोद महेश्वरी, ऋतु महेश्वरी सचिन अग्रवाल समेत कई लोग पौधरोपण करते हुए। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


प्रकृति प्रेमियों को नीम का पौधा देते चैतन्य वेल्फेयर फाउंडेशन के पदाधिकारी।

### प्रकृति प्रेमियों को उपहार स्वरूप मिले नीम के पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** चैतन्य वेल्फेयर फाउंडेशन, टुस्को लिमिटेड और रॉयल कैफे के संयुक्त तत्वावधान मेंसहारागंज के सामने प्रकृति प्रेमियों को उपहार स्वरूप नीम के पौधे दिए गए और सभी से इन पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर चैतन्य वेल्फेयर फाउंडेशन से ओम सिंह, रॉयल कैफे से संदीप आहूजा, टुस्को लिमिटेड से धीरेंद्र प्रसाद गैरोला, माधुरी यादव, पुलिस अधिकारी शैलेंद्र सिंह, मानव सिंह और पवन सिंह ने मिलकर पौधे वितरित किए।



जियामऊ पार्किंग में पौधरोपण करते लखनऊ स्वच्छता अभियान के सदस्य।

### लखनऊ स्वच्छता अभियान ने किया पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम की कार्यदायी संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान ने जोन एक के जियामऊ पार्किंग में पौधरोपण किया। प्रोजेक्ट हेड अनुपम मिश्रा, जोनल हेड अभिषेक, यूनिट इंचार्ज सर्वेश और दिगम्बर सहित समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे। इस अवसर पर जामुन, अशोक, पाकड़ आदि के पौध लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए लखनऊवासियों को संदेश दिया।


जनेश्वर मिश्र पार्क में पौधरोपण के दौरान महिला व्यापारी। अमृत विचार

### महिला व्यापारियों ने पौधे रोप किया हरियाली का विस्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ व्यापार मंडल की महिला इकाई की अध्यक्ष निहारिका सिंह ने पर्यावरण दिवस पर सदस्यों के साथ जनेश्वर मिश्र पार्क में गेट नंबर 6 पर पौधरोपण किया। इस दौरान महिला व्यापार मंडल की महामंत्री डॉ. नित्या वर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति आनंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अलका सिंह तोमर, उपाध्यक्ष स्मृति बिष्ट मौजूद रहीं। कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।


पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेतीं एपी सेन गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राएं।

### एपी सेन पीजी कॉलेज की छात्राओं ने लिया संकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। प्रो. मोनिका श्रीवास्तव के निर्देशन में सेमिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव ने छात्राओं को पौधे भेंट किए। लखनऊ विश्वविद्यालय की तीन पालियों की परीक्षा के बीच एपी सेन कॉलेज ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।



एसबीआई प्रधान कार्यालय पर उपस्थित महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक एवं अन्य।

### एसबीआई ने वितरित किए 500 पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय स्टेट बैंक ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रधान कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक शरद स. चांडक ने 500 पौधे वितरित किए। पिछले वर्ष मंडल के 58 जिलों में 1,28,000 पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष भी विगत वर्ष की भांति ही पौधे लगाए जाने का संकल्प है। इसकी शुरुआत परिसर के सभी स्टाफ सदस्यों को एक-एक पौधा देकर किया गया है। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।



माल एवेन्यू में पौधरोपण करते जीवन ज्योति फाउंडेशन के सदस्य। अमृत विचार

### जीवन ज्योति फाउंडेशन ने लगाये औषधीय व छायाकार पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण को समर्पित संस्था जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन ने विश्व पर्यावरण दिवस पर राजधानी के माल एवेन्यू में औषधीय व छायादार पौधों का रोपण किया। फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में जितेन्द्र सिंह, हीरेन्द्र प्रताप सिंह, राम लखन यादव, अनिल गिरि, नरेश कुमार, पवन सिंह, रोहित सिंह और सोनू यादव ने नीम, ब्राह्मी, चिरायता, धृत कुमारी, अशोक, आम और पीपल के पौधों का रोपण किया।

### एसएसबी जवानों ने किया पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) सीमांत मुख्यालय व चतुर्थ वाहिनी के जवानों और अधिकारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया। इस दौरान पौधों को बचाने का भी सकंल्प लिया गया। करीब 500 पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर उप महानिरीक्षक महेश कुमार, एसएसबी सीमांत मुख्यालय के आईजी रत्न संजय, उप महानिरीक्षक महेश कुमार, रजनीश लाम्बा, कमल कांत, डॉ. एनके प्रसाद, कमांडेंट अरविंद कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर

### इब्जा ने जीत की हैट्रिक करने वाले तीन सांसदों को दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) की ओर से लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह, मथुरा सांसद हेमा मालिनी और बुलंदशहर के सांसद भोला सिंह को लगातार तीन जीत दर्ज करने पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। संगठन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की बधाई भी दी।

### आरएम ने लगाया चालक-परिचालक पर अर्थदंड

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सड़क परिवहन निगम लखनऊ परिक्षेत्र के प्रबंधक आर के त्रिपाठी ने बुधवार को अयोध्या रूट पर आधा दर्जन से अधिक बसों में जांच की। बिना वर्दी मिले चालक और परिचालक पर अर्थदंड लगाया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने आलमबाग बस टर्मिनल, कमता बस स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पीने के पानी की व्यवस्था, प्रसाधनों में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चालकों,परिचालकों से कहा कि, वृद्ध यात्रियों का सामान चढ़ाने और उतारने में मदद करें। बसों में यात्री बेहतर सुविधाओं के लिए एआरएम,सेवा प्रबंधक से भी बात की।

### मुख्य अभियंता ने किया उपकेंद्र का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बुधवार को विराजखंड उपकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटरों के रिचार्ज में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर के लोड को मॉनिटर करने के साथ क्षेत्र की पेट्रोलिंग करते रहने के लिए निर्देशित किया है। इससे क्षेत्र में सुचारू बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा सकेगा। नए कनेक्शन सात दिनों में जारी करने और बकायेदारों से राजस्व वसूली के लिए प्लान बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### लो वोल्टेज से जूझे 20 हजार उपभोक्ता

अमृत विचार, लखनऊ : लो वोल्टेज के कारण बुधवार को चार इलाकों के करीब 20 हजार उपभोक्ता परेशान रहे। कूलर, पंखे न चलने से गर्मी से जूझे और टुल्लू पंप न चलने से पानी के लिए भटकना पड़ा। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उपकेंद्र पर फोन करने के बाद भी सुधार नहीं किया गया। सुबह करीब 8 :00 आठ बजे अहिबरनपुर के कर्बला ढाल,न्यू मदेयगंज, मक्कागंज और गंगा कॉलोनी सहित आसपास के इलाकों में वोल्टेज लो हो गया। इन मोहल्ले के लोगों ने बताया कि ज्यादातर घरों के ऊपर से केबल तार गुजर निकले हैं। इनमें फाल्ट होने से आए दिन वोल्टेज लो हो जाता है।

# किशोरी का शव गड्ढे से निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## पिता पर हत्या का आरोप, पोस्टमार्टम रिपोर्ट सुलझाएगी हत्या या आत्महत्या की गुत्थी

लखनऊ/ मोहनलालगंज

अमृत विचार : मोहनलालगंज क्षेत्र में 6 जून की रात पिता द्वारा गड्ढे में दफन किए गए बेटी के शव को एक माह बाद पुलिस ने 5 जून को खोदाई करा कर निकाला। जिलाधिकारी की अनुमति के बाद मजिस्ट्रेट व एडीसीपी पश्चिमी विश्वजीत की मौजूदगी में चौकीदार ने ग्रामीणों की मदद से शव निकाला। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी ने पति पर बेटी की गला दबाकर हत्या कर शव गड्ढे में गाड़ने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

इंस्पेक्टर आलोक श्रीवास्तव के मुताबिक, जिलाधिकारी की अनुमति मिलने के बाद बुधवार दोपहर करीब 3.30 बजे क्षेत्र के सोहराय गांव में पुलिसफोर्स व फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे थे। 14 वर्षीय किशोरी का शव घर के पीछे बने मवेशियों के तबेले में गड्ढा खोद कर पिता ने गाड़ा था। चौकीदार दुखीलाल ने ग्रामीणों की मदद से 20 मिनट में दो फीट मिट्टी हटाई तो शव मिल गया। पुलिस के मुताबिक शव गला नहीं था, सड़ने से तेज दुर्गंध आने लगी थी। पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। उधर, पत्नी ने पति पर बेटी की हत्या कर शव दफनाने का आरोप लगाया है। एडीसीपी ने बताया फॉरेंसिक टीम ने सैंपल लिया है। किशोरी की मौत के मामले में परिवार वालों के साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई है। पिता और मां का व्यवहार बेटी के साथ कैसा था। जानकारी के आधार पर सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।



गड्ढा खोद कर शव निकालते ग्रामीण, मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी अमृत विचार

**आरोपी ने बेटी के फंदा लगाकर आत्महत्या करने की बात कही**

आरोपी की पत्नी 3 मई को मायके चली गई थी। घर पर आरोपी के अलावा 14 वर्षीय बेटी और दो बेटे थे। 2 जून को पत्नी मायके से लौटी तो बेटी नहीं दिखी। पूछने पर आरोपी ने बताया कि वह किसी के साथ भाग गई है। पत्नी को आशंका हुई तो दबाव बनाने के लिये मायके वालों को बुलाकर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंची। जहां पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी ने बेटी के फंदा लगाकर आत्महत्या करने की बात कही। इसके साथ ही जेल जाने के डर से शव गड्ढे में गाड़ना बताया। फिलहाल आशंका है कि किशोरी किसी युवक से बात करती थी। युवक से मेलजोल भी था। जिसकी भनक लगने पर उसने हत्या कर शव दफन कर दिया था। फिलहाल आरोपी पुलिस की हिरासत में है। उसकी मौजूदगी में ही शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।

**अंगुली में अंगूठी और हाथ में बंधा मिला कलावा**

पुलिस के मुताबिक किशोरी के दायें हाथ में अंगूठी और बायें हाथ में कलावा बंधा मिला है। इसके अलावा शरीर पर काले रंग की कुर्ती और काले रंग की लैगी है। माना जा रहा है कि एक महीने में शव कंकाल बन जाता है। फिलहाल शव गला नहीं। इसकी वजह जिस स्थान पर गड्ढा खोदकर शव गाड़ा गया था। उसके बगल से नाली निकली है। ऐसे में नमी की वजह से शव गला नहीं गया।

# बीआरडी में ईएमओ की कमी सीएमओ को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय (बीआरडी) में ईएमओ की कमी है। इससे डॉक्टरों को छुट्टी के दिन भी ड्यूटी देनी पड़ती है। अस्पताल की ओर से सीएमओ को पत्र लिख कर ईएमओ मांगे गए हैं।

अस्पताल में 10 बेड की क्षमता वाली इमरजेंसी संचालित होती है। इमरजेंसी ओपीडी में रोजाना 300 के करीब मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में ईएमओ केवल दो हैं, मजबूरी में डॉक्टरों की ड्यूटी इमरजेंसी में लगानी पड़ती है। इसके अलावा रविवार को भी डॉक्टर इमरजेंसी में ड्यूटी दे रहे हैं। अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया ईएमओ की कमी को लेकर स्वास्थ्य विभाग से कई बार पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। लेकिन चुनाव शुरू हो जाने के कारण अब तक ईएमओ नहीं मिल सके हैं।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# जालसाजों ने महिला समेत दो लोगों से 45 हजार ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» पारा और वजीरगंज क्षेत्र का मामला, दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : जालसाजों ने महिला समेत दो लोगों को झांसे में लेकर बैंक खाते से रुपये पार कर दिये। पीड़ितों ने संबंधित थाने में प्रार्थना-पत्र देकर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पारा क्षेत्र के राम विहार कॉलोनी निवासी सर्वेश वर्मा के मुताबिक सोमवार को मोहल्ले में दो युवक पप्पू निजामी और आसिफ निजामी कॉस्मेटिक और साड़ियां कम रेट पर बेच रहे थे। सर्वेश की पत्नी ने पूछा तो कहा कि कम्पनी का पुराना स्टॉक है, जो कम कीमत पर बेचा जा रहा है। दंपति ने घर बुलाकर करीब 40 हजार का सामान खरीदा। नकद न होने पर सर्वेश से यूपीआई से पेमेंट की कोशिश की, लेकिन रुपये ट्रांसफर नहीं हो सके। इस पर सर्वेश ने अपना मोबाइल पप्पू को थमा दिया, तब भी पेमेंट नहीं होने पर आरोपी सामान वापस लेकर चले गये। इसके कुछ देर बाद सर्वेश के खाते से 20 हजार रुपये कटने का मैसेज आया, तब ठगी का पता चला।

उधर, वजीरगंज थाना अंतर्गत पांडेयगंज गल्ला मंडी निवासी रक्षा चौधरी के पास अनजान नंबर से कॉल आई। जालसाज ने वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर 25 हजार रुपये हड़प लिये। पुलिस आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

### बेटी को जान से मारने की धमकी

अमृत विचार, ठाकुरगंज : ठाकुरगंज थाना अंतर्गत किशोरी को बहला-फुसलाकर युवक भगा ले गया। किशोरी की मां ने आरोपी से फोन पर संपर्क किया तो धमकाते हुये कहा कि हम लोगों ने निकाह कर लिया है, पुलिस से शिकायत की तो बेटी को जान से मार दूंगा। मामले में पीड़ित मां ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक, क्षेत्र निवासी महिला ने मुफ्तीगंज कर्बला निवासी अब्बास उर्फ मोहम्मद के खिलाफ प्रार्थना-पत्र दिया। इंस्पेक्टर ने बताया सर्विलांस की मदद से युवक की लोकेशन ट्रेस कर किशोरी को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बीएसएनएल को क्षति पहुंचाने में पांच वर्ष की सजा

अमृत विचार, लखनऊ: कम्प्यूटर हैक कर विदेशों में अवैध रूप से कॉल करके बीएसएनएल को 3.41 करोड़ रुपये की क्षति पहुंचाने के आरोपी बीएसएनएल बरेली के डिविजनल इंजीनियर सहित पांच लोगों को सीबीआई की विशेष अदालत ने 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 2.59 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

सीबीआई ने 30 मई 2014 को आरोपी प्रमोद कुमार गंगवार के अलावा महफूज अली, एजाज आलम उर्फ मोहम्मद एजाज खान उर्फ गुड्डू, शाहनवाज आलम उर्फ शाहनवाज खान उर्फ मिक्की, मोहम्मद कादिर एवं मोहम्मद नायाब के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमे के विचारण के उपरांत अदालत ने छठे आरोपी मोहम्मद नायाब को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है। अन्य सभी पांचों आरोपियों को कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया है।

# बेटी को दफनाया, बेटों को चाकू दिखा जान से मारने की धमकी दी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» गड्ढे पर पुआल बिछाकर सोता था, बदबू न आये इसलिये लगाता था अगरबत्ती

» बच्चों ने बताई हकीकत जिसे सुनकर ग्रामीणों के रोंगटे खड़े हो गए

अमृत विचार: जिसे गड्ढे में बेटी का शव दफन किया था आरोपी पिता, उसी गड्ढे के ऊपर पुआल पिछाकर एक माह से सोता था। बदबू न आये इसके लिये अगरबत्ती जलाता था। वहीं बेटी के शव की तरह घटना को भी दफन करने के लिये दोनों मासूम बेटों को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया था। बुधवार को पुलिस ने गड्ढे से शव निकलवाया तो डरे बच्चों ने यह कहानी बयां की। जिसे सुनकर ग्रामीणों के रोंगटे खड़े हो गये।

आरोपी की पत्नी मायके गयी थी। इसी बीच 6 मई की रात आरोपी ने बेटी का शव घर के पीछे तबेले में गड्ढा खोदकर दफन किया था। बेटी सबसे बड़ी थी, जबकि उससे छोटे दो बेटे करीब 10 और 12 वर्ष के हैं। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने दोनों बच्चों से घटना को लेकर जानकारी ली। दोनों बेटों के मुताबिक घटना के अगले दिन सुबह पिता ने दोनों भाइयों को जगाया।

बच्चों ने बताया कि बहन ने इसी कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी है। इसके साथ ही चाकू दिखाकर धमकी दी कि घटना के बारे में किसी को बताया तो दोनों को जान से मार देंगे। इसके बाद पूरा दिन शव को कमरे में रख ऊपर से चारपाई डाल दी। इसके साथ ही शव को भूसे से ढक दिया। देर शाम जब हम लोग टीवी देख रहे थे। पापा ने भैंस के बांधने की जगह छप्पर के नीचे गड्ढा खोदकर बहन का शव गाड़ दिया। इसके बाद से पापा रोज रात में जिस गड्ढे में दीदी को गाड़ा था, उसी के ऊपर पुआल बिछाकर सोते थे। इस दौरान अगरबत्ती भी जलाते थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हरिहरपुर, वि.खं. मानधाता,प्रतापगढ़।**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024 – 25 दिनांक – 05.06.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग योजनांतर्गत वर्ष 2024 –25 में स्वीकृत एवं अनुमोदित निम्न कार्य हेतु ग्राम पंचायत हरिहरपुर में पंजीकृत फर्मो द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक – 07.06.2024 से 08.06.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 08.06.2024 को दिन में 2.00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जाएगी। फर्मो का टिन नम्बर,पैन नम्बर एवं जीएसटी नम्बर होना अनिवार्य है। निविदा स्वीकृत/स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु.लागत |
|---|---|---|
| 1 | शौकत के घर से कब्रिस्तान तक खड़ंजा निर्माण | 2.53 लाख रूपये |

जरीना बेगम, ग्राम प्रधान
आर०एस० यादव, जे0ई0एम0आई
रूचि वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत–हरिहरपुर, वि.खं.– मानधाता जनपद– प्रतापगढ़

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# लेनदेन के विवाद में पुलिस चौकी पर महिलाओं का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» सा थाने लाए गए दोनों पक्ष, बाद में समझौता होने पर पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

अमृत विचार : गुडम्बा क्षेत्र की छुइयापुरवा पुलिस चौकी पर बुधवार देर रात रुपयों के लेन-देन को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष की महिलाओं ने हंगामा काट दिया। सभी को थाने ले जाया गया। जहां दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया।

बंथरा के हसनखेड़ा निवासी अरुण यादव की ग्रीन ट्रेडर्स के नाम से सैलून की दुकान है। जहां कानपुर नगर के वैष्णोनगर निवासी शांतनु और मऊ निवासी मो. आलम काम करता है। बुधवार को रुपयों के लेन-देन को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्ष छुइयापुरवा चौकी पर थे। इस बीच अरुण के पक्ष की चार महिलाएं चौकी पर पहुंच गईं। आरोप है कि पुलिसकर्मी पीड़ित पर दबाव बनाने लगे, इस पर महिलाओं ने हंगामा शुरू कर दिया। इसकी सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। जहां से सभी को थाने ले आया गया। इंस्पेक्टर नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है।

# किशोरी से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर बेटे से करा दी शादी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

» बेटे को जन्म देने के बाद किशोरी को घर से भगाया पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

अमृत विचार : वजीरगंज पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म कर गर्भवती होने पर अपने बेटे से शादी कराने वाले आरोपी फल विक्रेता को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक, आरोपी राजेंद्रनगर रोजाबाग निवासी पूरन कश्यप शरबत का ठेला लगाता है। उसने अपने रिश्तेदार के पड़ोस में रहने वाली किशोरी से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। गर्भवती होने पर किशोरी के पिता को मामला पता चला। इस पर आरोपी ने किशोरी की शादी मरी माता मंदिर में अपने बेटे आयुष से करा दी थी। इसके बाद किशोरी राजेंद्र नगर स्थित ससुराल में रहने लगी। जहां एक माह पहले उसने एक बेटे को जन्म दिया था। इसके बाद पूरन ने पीड़िता को घर से भगा दिया।

# प्रख्यात कार्टूनिस्ट गणेश चन्द्र डे का निधन



प्रख्यात कार्टूनिस्ट गणेश चन्द्र डे

अमृत विचार, लखनऊ : देश के प्रख्यात कार्टूनिस्ट गणेश चन्द्र डे का निधन हो गया। पश्चिम बंगाल के बांकुरा में रहने वाले डे ने किसी भी कला संस्थान से कोई प्रशिक्षण नहीं लिया। बचपन से ही वह रेखांकन करने लगे थे। जीवन यापन के लिए पान की दुकान चलाते थे। रेखांकन देख कला मनीषियों ने उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके बाद वह अंतिम सांस तक कार्टून बनाते रहे। डे सोशल मीडिया पर बहुत सक्रिय रहते थे। 26 मई को उन्होंने कार्टून बनाते हुए अपनी आखिरी पोस्ट की थी। 27 मई से 4 जून तक उनकी वाल पर कुछ भी पोस्ट नहीं हुआ। बेटी शुभ्रा डे ने 5 जून को उनकी वाल पर दो जून को निधन की सूचना दी। लखनऊ के कलाकार भूपेन्द्र अस्थाना ने बताया कि डे ने 1989 से 1994 तक कई पत्र-पत्रिकाओं में रेखांकन किया। 1996 से 98 तक लखनऊ में रहकर कई अखबारों से जुड़े रहे। इसके बाद उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में रेखांकन का बहुत काम किया। खासियत यह थी कि वह बहुत कम शब्दों का प्रयोग करते थे। 5 अक्टूबर 1953 को पैदा हुए डे संघर्ष के विभिन्न पडावों से गुजरे, लेकिन कभी हार नहीं मानी। लखनऊ में हीवेट रोड पर बंगाली क्लब के सामने पत्नी के साथ रहते थे। उनके कार्टूनिस्ट समाज की दशा और दिशा को चुनौती देने वाले होते थे।

# युवराज और आयुष्मान सेमीफाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : शीर्ष वरीयता युवराज सिंह और तीसरी वरीयता प्राप्त आयुष्मान ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-12 आइटा टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। युवराज ने 8वीं वरीयता प्राप्त अर्नव श्रीवास्तव को 4-2, 4-0 और आयुष्मान ने तेजस शर्मा को 5-4 (5), 5-4 (3) से हराया। ला-मार्टीनियर स्थित एसडीएस टेनिस अकादमी में खेली जा रही प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में अंतिम चार की तस्वीर साफ हो गई। वहीं बालक एकल के खेले गए मुकाबले में तीसरे क्वार्टर फाइनल में 5वीं वरीयता प्राप्त एम रवि ने अथर्व गोयल को 4-1, 4-1 और चौथे क्वार्टर फाइनल में अधिनायक सोनी ने प्रणव शर्मा को 5-3, 4-0 से हराया।

**बालिका वर्ग के मुकाबले :** दूसरी वरीयता प्राप्त सिद्धि सिंह ने छठवीं वरीयता प्राप्त सुरभि रंजन को 4-0, 4-2 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त लावण्या सिंह ने पांचवीं वरीयता प्राप्त आशी किरन को 4-2, 2-4, 4-1 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त सौंदर्या जायसवाल ने आठवीं वरीयता प्राप्त सुचिता त्रिपाठी को आसानी से 4-0, 4-0 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त अदिति सिंह ने हिया चौहान को 4-1, 4-1 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

**कार्यालय नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी**

पत्रांकः 90 / दा0खा0 / आपत्ति / न0पं0रा0 / 2024 दिनॉक – 03 जून, 2024

**नामान्तरण हेतु प्रस्तुत आवेदनो का विवरण**

नगर पंचायत रामनगर जनपद बाराबंकी में निम्नलिखित प्रकरणो में नामान्तरण (दाखिल–खारिज ) की कार्यवाही प्रस्तावित है, किसी भी प्रकरण में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित रूप से इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, वाद मुद्दत समाप्ति के उपरान्त प्राप्त हुए किसी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा नियमानुसार नामान्तरण (दा0खा0) की कार्यवाही कर दी जायेगी। **प्रस्तावित प्रकरण की सूची निम्न प्रकार है।**

**पंजीकत बैनामा / दानपत्र / वसीयतनामा / वरासत के आधार पर**

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति के स्वामी का नाम व पता | जिसके नाम नामान्तरित होना है, का नाम व पता | भवन/प्लाट जहाँ स्थित है। | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बृजपाल सिंह पुत्र स्व0 रमेश बख्श सिंह नि0ग्राम कजियापुर, पो0 सूरतगंज, परगना मोहम्मदपुर, तहसील रामनगर, बाराबंकी। | श्रीमती बिन्दू पत्नी विकास तिवारी नि0मो0 कादिराबाद (केसरीपुर) कस्बा व पोस्ट व परगना रामनगर, व तहसील रामनगर, बाराबंकी | गाटा सं0–1438मि0 /0.379 हे0 मे से 0. 0078 हे0 स्थिति रामनगर खास मो0 धमेडी–2. नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी । | पूरब–प्लाट दीगर पश्चिम– प्लाट नीलम यादव उत्तर– कच्चा रास्ता दक्षिण– खेत प्रमोद आदि ( जरिये बैनामा) |
| 2 | दुर्गाशंकर शुक्ल पुत्र शिवगोविन्द शुक्ल व कान्ती शुक्ला पत्नी स्व0 दुगाशंकर शुक्ल नि0मो0 धमेडी–3, न0पं0 रामनगर, बाराबंकी । | संजय शुक्ल व अजय शुक्ल पुत्रगण स्व0 दुर्गाशंकर शुक्ल नि0 वार्ड धमेडी–3 न0पं0 रामनगर, बाराबंकी । | मकान सं0–63,44, 45 / बी0 स्थिति मो0 रामनगर व मकान सं0– 18 स्थिति मो0 कादिराबाद न0पं0 रामनगर, बाराबंकी | जरिये वरासत । |
| 3 | राजेन्द्र सिंह रैकवार पुत्र स्व0 विजय सिंह नि0 अमरसदन, कस्बा व परगना व तहसील रामनगर, बाराबंकी अस्थायी पता अलकनन्दा सी0–3, 4फ्लोर, 16ए, नापअन सी रोड कैटगरा हाउस समोर, नापेअन सी रोड मुम्बई महाराष्ट्र | वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामअवतार नि0मो0 रामनगर–3 नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी। | गाटा सं0–377 / 0.284 हे0 मे से0 0. 0076 हे0 स्थिति रामनगर खास मो0 तिपडिया पंचायत रामनगर, बाराबंकी । | पूरब–प्लाट आशा देवी पश्चिम– कच्चा रास्ता 21 फिट उत्तर– प्लाट प्रथम पक्ष दक्षिण– प्लाट राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ( जरिये बैनामा) |
| 4 | नूरजहाँ पत्नी स्व0 सफात नि0मो0 रामनगर–3, न0पं0 रामनगर, बाराबंकी। | मो0 अहमद व शमशाद अहमद पुत्रगण सफात अली रामनगर, नि0मो0 रामनगर–3, नं0पं0 रामनगर, बाराबंकी। | मकान सं0–308 स्थिति मो0 / वार्ड रामनगर –3,नं0पं0 रामनगर बाराबंकी । | जरिये वरासत |

**अधिशासी अधिकारी,** नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### बार एसोसिएशन रुदौली का चुनाव आज

रुदौली अयोध्या। अमृत विचार : बार एसोसिएशन रुदौली का चुनाव आज गुरुवार को संपन्न होगा। शांति व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकार आशीष निगम, कोतवाल रुदौली देवेंद्र सिंह ने बुधवार को तहसील पहुंचकर चुनावी गतिविधि का जायजा लिया। एल्डर्स कमेटी के चेयर मैन साहब सरन वर्मा व चुनाव अधिकारी हरिनारायण यादव ने बताया कि अधिवक्ता समिति के चुनाव के लिए विभिन्न पदों के लिए कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। आज बृहस्पतिवार को सुबह नौ बजे से दोपहर बजे तक मतदान होगा।

### मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट

रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार : रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के शुक्लनपुरवा मजरे हथौंधा निवासी रंजीत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए फेसबुक पर पोस्ट डाली। इसकी शिकायत चौकी हथौंधा प्रभारी से की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### एचबीटीयू कुलपति को मिला दूसरा कार्यकाल

कानपुर, अमृत विचार : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रोफेसर समशेर को बुधवार को दूसरा कार्यकाल मिल गया है। प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रोफेसर समशेर को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्ष तक के लिए कुलपति नियुक्त करने का आदेश दिया है। प्रोफेसर समशेर का पिछला कार्यकाल 19 अप्रैल को समाप्त हो गया था।

# सुलतानपुर में गैंगरेप के दोषियों को 20 साल की सजा

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** करौंदीकला के एक गांव में तीन साल पूर्व एक किशोरी से दुष्कर्म व हत्या की धमकी देने के दोषियों को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने 20 साल कारावास की सजा सुनाई। दोषियों पर 50 हजार अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। एडीजीसी रवींद्र प्रताप सिंह के मुताबिक 5 मई 2022 को किशोरी सुबह चार बजे शौच के लिए गई थी। दोषी रवि हरिजन और शिवनाथ ने उसे जबरन गांव के स्कूल में ले जाकर दुराचार की वारदात को अंजाम दिया तथा किसी को बताने पर हत्या की धमकी दी थी ।

### टेंट व्यवसायी हत्याकांड में जमानत खारिज

कादीपुर थानाक्षेत्र के कादीपुर खुर्द निवासी टेंट व्यवसायी हेमंत मिश्र की वेदूपारा में हत्या करने के प्रतापगढ़ के सरुआरपुर थाना आसपुर देवसरा निवासी आरोपी मीनू सिंह की जमानत जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने आरोपों को गंभीर पाते हुए बुधवार को खारिज कर दी है।

### भाजपा की पूर्व विधायक के मामले में दरोगा तलब

सुलतानपुर : भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन केस में गवाह तत्कालीन दरोगा अनिल कुमार को कोर्ट ने 20 जून को तलब किया है। अमेठी के गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता उल्लंघन केस में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन केस में मुकदमा दर्ज कराया था।

# गोंडा में महाकाल–रेनबो के बाद छोटी सेना गैंग सक्रिय

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचारः** गोंडा में महाकाल व रेनबो गैंग के बाद अब छोटी सेना गैंग सक्रिय है। इस गैंग के सदस्य आए दिन लूट, छिनैती, मारपीट व चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बुधवार को धानेपुर पुलिस के हत्थे चढ़े गिरोह के तीन सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद यह खुलासा हुआ है। एसपी विनीत जायसवाल का कहना है कि ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे लोगों की पुलिस जांच कर रही है।


विनीत जायसवाल

धानेपुर पुलिस व एसओजी टीम ने जिन तीन युवकों सुमित तिवारी, शौर्य कश्यप उर्फ हरसू व फैज अहमद को गिरफ्तार किया है उनकी उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच है। आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वह गैंग बनाकर घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। आनंद यादव नाम का युवक इसका लीडर बताया जा रहा है। पुलिस की मानें तो यह गैंग जिले में सक्रिय है और धानेपुर समेत नवाबगंज, मोतीगंज व देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में लूट की घटना कर चुका है। पुलिस लगातार ऐसे लोगों की डिटेल खंगाल रही है। हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है जब इस तरह के गैंग का नाम सामने आया है। इसके पहले भी जिले में महाकाल और रेनबो गैंग के नाम सामने आ चुके है। करीब छह वर्ष पहले नगर कोतवाली क्षेत्र के गायत्री पुरम चौराहे पर हुए नृशंस हत्याकांड के बाद महाकाल गैंग का नाम सामने आया था। उस समय पुलिस ने इस गिरोह के सदस्यों पर कार्रवाई करने का दावा किया था लेकिन यह गिरोह अब भी शहर में सक्रिय है। इसी तरह तीन माह पूर्व छपिया थाना क्षेत्र में हुए प्रधानाचार्य हत्याकांड में रेनबो गैंग का नाम सामने आया। इस पर भी पुलिस ने कार्रवाई की बात तो की लेकिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला गया।

### दबंग गीतों पर रील बनाने वालों पर है पुलिस की नजर

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल का कहना है कि अक्सर देखने में आ रहा है कि जिले का युवा सोशल मीडिया साइट्स पर रील बनाने में लगा हुआ है। दूसरों पर धाक जमाने की नीयत से दबंगई वाले गीत इन रील्स में लगाए जाते हैं और फिर उन्हे फेसबुक व इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया जाता है। अब पुलिस इन पर नजर रख रही है। जल्द ही इस तरह के लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई होगी।

### युवाओं का अपराध की तरफ बढ़ना चिंताजनकः एसपी

एसपी विनीत जायसवाल का कहना है कि पढ़ने लिखने की उम्र में युवाओं का अपराध की तरफ उन्मुख होना चिंताजनक है। जिस छोटी सेना गैंग का नाम सामने आ रहा है उनमें शामिल युवा कम उम्र के ही हैं। ऐसे लोग अगर अपराध करते हैं तो पुलिस को इन पर जल्दी शक नहीं होता। इसी का लाभ इन्हे मिलता है लेकिन अब इन पर प्रभावी कार्रवाई की तैयारी है। जल्द ही इसका परिणाम दिखाई देगा।

## 10 माह से सीडीपीओ को नहीं मिला वेतन

**बहराइच, अमृत विचारः** जिले के 14 विकास खंड में तैनात सीडीपीओ को 10 माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे इनके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होती होती जा रही है। विभाग के मुताबिक सरकार की ओर से रिनीवल पत्र न आने से वेतन नहीं मिल पा रहा है। प्रतिवर्ष इनका रिनीवल किया जाता है, लेकिन इस वर्ष अभी तक रिनीवल का कागज ही नहीं आया है। जिले के बाल पुष्टाहार विभाग में सीपीडीओ की तैनाती संविदा पर हुई थी। सभी ब्लॉक में तैनात एक एक सीडीपीओ का प्रतिवर्ष रिनीवल पत्र भरा जाता है। लेकिन बीते सत्र में सरकार की ओर से रिनीवल के लिए कोई आदेश जारी नहीं किया गया है।

# हरदोई व मिश्रिख दोनों सीटों पर नरेश फैक्टर रहा कामयाब

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले की दोनों सीटों पर भाजपा ने अपना जीत का परचम लहराया है। जहां जयप्रकाश रावत सदर सीट से पांचवीं बार तो वहीं अशोक रावत चौथी बार संसद पहुंचे हैं। इस बार इन दोनों ही सीटों पर कद्दावर नेता नरेश अग्रवाल का सेक्टर एक बार फिर रंग लाया है।

सदर सीट की बात की जाए तो यहां की सीट पर 24000 से अधिक मतों से भाजपा को बढ़त हासिल हुई है। बीते पांच दशकों से राजनीति की पुरोधा के रूप में कद्दावर नेता नरेश अग्रवाल


नरेश अग्रवाल।

भाजपा के दोनों सांसदों की जीत में निभाया अहम रोल

माने जाते हैं और केवल लोगों का मानना ही नहीं बल्कि समय-समय पर श्री अग्रवाल यह साबित भी करते रहे हैं।

चाहे पक्ष हो या विपक्ष हो हर समय पर श्री अग्रवाल ने अपना रुतबा कायम रखा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में सदर सीट जिस प्रकार से भाजपा नेता नरेश अग्रवाल व बेटे मंत्री नितिन अग्रवाल ने चुनावी जनसभाएं की और चुनाव को बेहतर ढंग से लड़ा। उसी का नतीजा यह है कि सदर सीट से सांसद जयप्रकाश रावत को जीत का परचम लहराया है। अग्रवाल ने सदैव चुनाव को चाहे वह स्वयं लड़ा हो चाहे किसी को लड़ाया हो अपना पूरा दमखम दिखाया है और पूरे दमखम के साथ ही उन्होंने चुनावी समर में कड़ी आजमाइश की है। इसी का नतीजा सकारात्मक आया है सदर सीट पर भाजपा को मिली बढ़त ने उन्हें इस कामयाबी का ताज दिलाया है।

## विश्वविद्यालय की परीक्षा में सात नकलची दबोचे

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा में बुधवार को तीन पालियों में 75875 परीक्षार्थियों में से 1043 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं प्रथम पाली की परीक्षा में सचलदल की सघन तलाशी अभियान में सात परीक्षार्थी नकल करते हुए धरे गए। इन छात्रों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम पाली में 23307, द्वितीय पाली में 24212 व तृतीय पाली में 28356 परीक्षार्थी शामिल रहे। जिनमें क्रमशः 161, 315 एवं 567 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

# दो माह में दिखेगा राम जन्मभूमि परिसर का बदला स्वरूप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दो महीने पहले अयोध्या में आया था। आज मंदिर निर्माण कार्य को देखने के लिए आया हूं। मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। अगले दो महीने में बहुत कुछ बदला स्वरूप नजर आएगा।


ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय से मुलाकात कर कार्यशाला से बाहर खड़े विश्व तीर्थ प्रसन्नआचार्य।

ये बातें बुधवार को श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य और उडुपी पीठाधीश्वर विश्व तीर्थ प्रसन्नआचार्य ने कहीं। वो राम जन्मभूमि परिसर में हो रहे मंदिरों के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने राम मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन भी किया। इसके बाद रामघाट क्षेत्र स्थित ट्रस्ट कार्यालय में महासचिव चंपत राय से मुलाकात कर आगामी तैयारी की जानकारी भी ली।

# रायबरेली में बेटे ने मां को गड़ासे से काटकर शव पेट्रोल से जलाया

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**दुस्साहस**

▶▶ पुलिस ने अधजले शव को कब्जे में लेकर शुरू की कार्रवाई

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के पूरे ठकुराइन मजरे उसरैना गांव में दिल दहला देने वाली घटना हुई है। एक बेटे ने अपनी मां को गड़ासे से काटकर शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधजले शव को कब्जे में लिया है। यह सनसनीखेज वारदात बुधवार की दोपहर उस समय हुई, जब गांव के लोग तेज धूप और गर्मी के कारण अपने-अपने घरों में थे।

पुलिस के अनुसार ठकुराइन मजरे उसरैना गांव निवासी लवकुश कुमार अपने छोटे बेटे संदीप कुमार के साथ किसी काम से सलोन गए थे। घर में उनकी पत्नी सुशीला देवी (45) और उनका बड़ा बेटा कुलदीप कुमार घर में थे। ग्रामीणों का कहना है कि कुलदीप गांव में कहीं गया हुआ था। कुछ समय बाद वह घर लौटा तो उसने आपा खो दिया और घर में रखे गड़ासे से अपनी मां को काट डाला, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद वह शव को अपने घर के पीछे ले गया और शव के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। जब शव जलने लगा तब ग्रामीणों को जानकारी हुई। उसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण जब एकत्र हुए तो मौका पाकर कुलदीप भाग गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बेटे ने मां की हत्या करके शव जलाने का प्रयास किया है। घटना के कारण का पता लगाया जा रहा है। आरोपी बेटे की तलाश की जा रही है कि आखिर उसने अपनी मां को क्यूं मार डाला।

# सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 20 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचारः न्यायालय ने सामूहिक दुष्कर्म के दो अभियुक्तों को बुधवार को 20-20 साल की कैद व 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। दो वर्ष पूर्व थाना जैदपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने जैदपुर थाना क्षेत्र के निवासी मोहित व धीरेन्द्र के खिलाफ मारने-पीटने व दुष्कर्म का वीडियो बनाकर वायरल करने की तहरीर जैदपुर थाने में देकर केस दर्ज कराया था। विवेचक ने आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने दोषियों को 20-20 साल की कैद व 20-20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को चार साल की कैद

बाराबंकी, अमृत विचार : न्यायालय ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के अभियुक्त को चार साल की कैद व 14 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। लगभग साढ़े पांच साल पहले पिता ने पुत्री के साथ छेड़छाड़ मारपीट व गाली गलौज करने पर बदोसराय थाने में तहरीर देकर बदोसराय थाना क्षेत्र के कटोरा निवासी मारुति नन्दन पुत्र वंशीलाल के खिलाफ तहरीर देकर पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। उस समय विवेचक रहे उपनिरीक्षक जवाहर लाल द्विवेदी ने मामले की जांच कर रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की।

# प्रतापगढ़ में सई नदी में डूबने से 3 की मौत

## मां के साथ गर्मी की छुट्टी मनाने ननिहाल आए थे तीनों किशोर

संवाददाता, रानीगंज, प्रतापगढ़।

**अमृत विचार :** सई नदी में नहाने गए बुधवार दोपहर दो सगे व एक मौसेरे भाइयों समेत तीन किशोरों की मौत हो गई। गर्मी की छुट्टी मनाने ननिहाल आये तीन बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हृदय विदारक हुई घटना से परिजन रो - रो कर बेहाल रहे। बच्चों के ननिहाल व गांव में मातमी सन्नाटा रहा।

लालगंज क्षेत्र के अजगरा रानीगंज,बहुंचरा गांव निवासिनी सीमा दुबे पत्नी धीरज दुबे अपने बेटे आदर्श दुबे (14) व आदित्य दुबे (12) के साथ अपने मायके रानीगंज के मऊ डंडियां गांव संजय कुमार तिवारी के घर सोमवार को आई थी। वहीं, किशुनगंज कांपा निवासी शिवा पांडेय (16) पुत्र संतोष पाण्डेय भी अपनी मां संगीता पांडेय के साथ मंगलवार को नाना के घर गर्मी की छुट्टी बिताने आया था। बुधवार दोपहर आदर्श दुबे अपने भाई आदित्य दुबे और मौसी के बेटे शिवा पांडेय के साथ बाग में घूमने निकल गया। इसके बाद मऊ डंडियां गांव में सई नदी के मऊ घाट पर तीनों नहाने लगे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए। डूबने से दो सगे भाई सहित तीनों किशोरों की मौत हो गई। इधर, तीनों बच्चों के घर न पहुंचने पर मां व ननिहाल के लोग खोजबीन शुरू किए। ढूंढते-ढूंढते नदी के किनारे पहुंचे। वहां पर तीनों बच्चों के कपड़े रखे देखकर आंशका पर नदी में तलाश शुरू की गई। दोपहर करीब तीन बजे सई नदी के मऊडंड़िया घाट पर दोनों भाई आदर्श व आदित्य का शव पानी में उतराता दिखाई दिया तो हड़कंप मच गया। इसके बाद गोताखोरों व स्थानीय लोगों की मदद से शिवा पांडेय का भी शव खोजकर बाहर निकाला गया। इसके बाद दोनों परिवार के लोग कोहराम मच गया। घटना को लेकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# फतेहपुर-हैदरगढ़ में ओवरब्रिज का निर्माण प्राथमिकताः तनुज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करने वाले गठबंधन प्रत्याशी व कांग्रेस के युवा नेता तनुज पुनिया से अमृत विचार की टीम ने उनकी प्राथमिकता के बारे में पूछा। इस पर उन्होंने बेबाकी से अपनी मंशा जाहिर की और जिले में विकास कार्य को प्राथमिकता देने की बात कही।

नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने बताया कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास रहेगा। सबसे पहले बंकी रेलवे क्रॉसिंग के साथ ही फतेहपुर और हैदरगढ़ क्रॉसिंग पर भी ओवरब्रिज का निर्माण और जिले में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना प्राथमिकता में है। जनता की हर समस्या का समाधान करने की पूरी कोशिश रहेगी। रही बात उनके उपलब्धता की तो प्रत्येक सप्ताह शनिवार और रविवार को वह जनता के लिए विशेष रूप से मौजूद रहेंगे बाकी दिनों में भी जनता की समस्याएं उन तक पहुंचेंगी इसकी भी व्यवस्था करेंगे। जनता ने जो भरोसा जताया है, उस पर वह खरे उतरेंगे। इसके अलावा तनुज पुनिया ने किसानों के लिए मेंथा की फसल को वरीयता दिलाने की बात कही। आवास पर बधाई देने वालों का लगा तांताः अभूतपूर्व जीत के बाद तनुज पुनिया को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

**कुशाग्र हत्याकांड**

## फाइल ट्रांसफर 13 को सुनवाई

**कानपुर, अमृत विचारः** कुशाग्र की हत्या के मामले की फाइल बुधवार को एडीजे 17 की कोर्ट में ट्रांसफर हो गई। आगे की सुनवाई इसी कोर्ट में होगी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 13 जून की तिथि निर्धारित की। आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के 16 वर्षीय बेटे कुशाग्र की बीते 30 अक्टूबर को अपहरण कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले में पुलिस ने कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रेमी प्रभात शुक्ला व दोस्त शिवा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।



# जनप्रतिनिधि भी नहीं बचा पाए अयोध्या की साख

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचारः** भाजपा का कुनबा बड़ा है। संगठन मजबूत है। ज्यादा जनप्रतिनिधि है लेकिन सब मिलकर भी अयोध्या की साख नहीं बचा पाए। अब किरकिरी हो रही है। अयोध्या में समाजवादी पार्टी के जीत की राह बीकापुर और रुदौली विधानसभा क्षेत्रों से निकली। खास बात यह भी रही कि इतने बड़े सिस्टम के बावजूद भाजपा को इस चुनाव में विधानसभा चुनाव की अपेक्षा हर विधानसभा क्षेत्र में कम वोट मिले। अयोध्या छोड़ सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा हारी। अयोध्या में भी ग्राफ खासा गिर गया। चुनाव में पार्टी का हार नहीं बचा पाए।



▶▶ बीकापुर और रुदौली से निकली सपा के जीत की राह

▶▶ सभी विधानसभा क्षेत्रों में गिरा भाजपा का ग्राफ

लोकसभा क्षेत्र के चार विधानसभा क्षेत्रो अयोध्या, बीकापुर, रुदौली और दरियाबाद में भाजपा के विधायक है। एक महापौर के साथ नगर पंचायतों में अध्यक्ष, कई ब्लॉक प्रमुख, पार्षद, सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारी, प्रधान और दूसरे जनप्रतिनिधि हैं। एक मात्र मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में सपा से विधायक है। साथ ही सपा के कुछ ब्लॉक प्रमुख और दूसरे छोटे जनप्रतिनिधि हैं। सब मिलाकर बड़े जनप्रतिनिधियों में सपा, भाजपा से पीछे है। इन सब के बावजूद इस चुनाव में भाजपा की हालत पस्त हो गई।

बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधायक है, लेकिन यहां इस चुनाव में भाजपा को 2022 के विधानसभा चुनाव से 14409 वोट कम मिले। भाजपा के गढ़ अयोध्या में 8743 वोट कम हो गए। कहा गया कि चुनाव में कम वोट के कारण ऐसा हुआ। मिल्कीपुर में पहले की तुलना में 2688 वोट कम मिले। यहां अंतर थोड़ा कम इसलिए हो गया कि भाकपा प्रत्याशी ने सपा की राह रोकी। दरियाबाद में विधानसभा चुनाव से 7036 वोट कम मिले। जबकि यहां से विधायक प्रदेश सरकार के मंत्री भी हैं। रुदौली में पिछले विधानसभा चुनाव से 1621 वोट कम मिले। लेकिन सपा का ग्राफ यहां खासा बढ़ गया। बड़े संगठन और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता पर सवाल स्वाभाविक है। सभी यह जानते हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री तक की सीधी नजर अयोध्या पर है। अति उत्साह कहा जाए या फिर गोलबंदी का प्रभाव, किसी भी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नही कहा जा रहा है। सपा प्रत्याशी के जीत की राह बीकापुर और रुदौली से निकली। दोनों में भाजपा के ही विधायक है।

## तीन के खिलाफ अपहरण का केस

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ के एक युवक के अपहरण का मामला सामने आया है। इस मामले में गुमशुदगी दर्ज हुई थी मगर अब पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र के पलका गांव निवासी खुशनुमा बानो ने मंगलवार को देवा पुलिस को तहरीर देकर अपने पति जसीम खान के लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस गुमशुदगी लिख कर मामले की जांच कर रही थी। लेकिन महिला ने बुधवार को पति के अपहरण की तहरीर दे दी। महिला के मुताबिक उसका पति जसीम बीते तीन मई को सुबह 11 बजे देवा कोतवाली क्षेत्र के मित्तई गांव गया था।

**विश्व पर्यावरण दिवस** — उत्तर पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों एवं यूनिटों में किया गया पौधरोपण

# अधिकारियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में पर्यावरण दिवस पर भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा नियंत्रण विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय रेलवे में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक जल संसाधनों को पुनर्जीवित एवं जीर्णोद्धार करने एवं रेलवे द्वारा उत्सर्जित कार्बन फुटप्रिंट को कम कर हरित पर्यावरण में अपनी मुख्य भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। विश्व पर्यावरण दिवस पर सेमिनार में उपस्थित अधिकारियों को पर्यावरण


उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में आयोजित सेमिनार में मौजूद अधिकारी।

संरक्षण की शपथ दिलवाई गई। साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों एवं यूनिटों में पौधरोपण, पर्यावरण जागरूकता अभियान जैसे- प्रभात फेरी एवं ड्राइंग कम्पटीशन इत्यादि का आयोजन किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार, मुख्य वक्ता भारतीय रेलवे मैकेनिकल सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अजय सिंह ने जल संरक्षण के क्षेत्र मे रेलवे द्वारा किये गये प्रयासों को साझा किया। महाप्रबंधक अमिताभ ने कहा कि जल संरक्षण का उत्तरदायित्व आज व्यक्ति विशेष का न होकर सभी का हो गया है।

कैप्टन शशि किरण बताया कि महाप्रबंधक अमिताभ के नेतृत्व में उत्तर पश्चिम रेलवे अपने प्रयासों को गति प्रदान कर प्रदूषणरहित पर्यावरण की मुहिम को बढ़ाने के साथ राजस्व की भी बचत कर रहा है। विगत समय में सौर ऊर्जा पर काफी कार्य किये गये हैं। इस रेलवे पर कुल 9813kWpक्षमता के सोलर पैनल स्थापित किये गये है। इनसे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ लगभग 5 करोड़ के राजस्व की बचत भी प्रतिवर्ष हो रही है।

## ट्रैफिक ब्लाक के कारण दो ट्रेनें रद

**संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचारः** दिल्ली डिवीजन पर ट्रैफिक ब्लॉक के कारण ट्रेनें रद की गयी हैं। दिल्ली डिवीजन पर जींद-पानीपत खंड पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ लीवर फ्रेम के उन्नयन और प्रतिस्थापन के संबंध में जींद सिटी स्टेशन पर बिजली और यातायात ब्लॉक के कारण, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार अस्थायी रूप से रद रहेंगी।

ट्रेन नं. 04973 रोहतक-जींद स्पेशल जेसीओ 5 से 9 जून तक रद रहेगी। ट्रेन नं. 04972 जींद-रोहतक स्पेशल जेसीओ 7 से 10 जून रद रहेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

# रसोई घर में मृत मिले बुजुर्ग दंपति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र के श्रीनगर इलाके में उस समय सनसनी फैल गई जब सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी और उनकी पत्नी का रसोई घर में मृत मिले। सुबह जब बुजुर्ग दंपति घर के बाहर नहीं आए तो मोहल्ले वालों ने आपस में चर्चा की। जिस पर कुछ लोग दंपति के घर गए और दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद दूसरे की छत के रास्ते मकान में दरवाजे तोड़कर घुसे लोगों ने रसोईघर में दंपति के शव पड़े देखे तो उन लोगों के होश उड़ गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। डीसीपी और एसीपी ने भी जांच की।

प्लॉट नंबर पांच में रहने वाले बुजुर्ग दंपति 70 वर्षीय छैल बिहारी लाल और उनकी पत्नी 68 वर्षीय सुष्मा का शव मकान के पहली मंजिल पर बने रसोईघर में पड़ा मिला। पड़ोसी की सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम, एसीपी श्वेता कुमारी सर्किल के फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम के अनुसार दंपति की मौत मंगलवार देर रात करीब एक बजे के आसपास हुई है। जिसके चलते शव डिकम्पोज होना शुरु हो गया था। मुंह से खून निकला है। मुरादाबाद में रहने वाले भतीजे शरद बिहारी लाल ने बताया कि यह मकान उन लोगों का पुश्तैनी है। चाचा छैल बिहारी रेलवे में ब्वॉयलर का काम करते थे। 10 साल पहले वह मुरादाबाद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह अपनी पत्नी सुषमा के साथ चमनगंज के श्रीनगर स्थित दो मंजिला मकान के प्रथम तल पर रहते थे। ग्राउंड फ्लोर पर दुर्गा मंदिर बना रखा था। उनकी कोई औलाद नहीं थी। उनके बड़े भाई परिवार के साथ मुरादाबाद में ही रहते हैं। बुधवार सुबह से शाम तक मंदिर में पूजा पाठ न होता और हॉकर के अखबार डालने के बाद भी न उठाने पर उनके पड़ोसी गेट के पास पहुंचे। रिश्तेदार जितेंद्र पड़ोसी की छत के रास्ते उनके मकान की छत पर पहुंचे तो वहां भी दरवाजा बंद मिला। जितेंद्र ने जानकारी मुरादाबाद निवासी भतीजे शरद बिहारी को दी। इसके बाद पुलिस दरवाजा तोड़कर जब भीतर दाखिल हुई तो दंपति को शव रसोईघर में पड़ा मिला।

बुद्धयो भयं प्रणुदति तपसा विन्दते महत्।
गुरुशुश्रूषया ज्ञानं शान्तिं योगेन विन्दति ॥

ज्ञान द्वारा मनुष्य का डर दूर होता है, तप द्वारा उसे ऊंचा पद मिलता है, गुरु की सेवा द्वारा विद्या प्राप्त होती है तथा योग द्वारा शांति प्राप्त होती है।

## संपादकीय

# गठबंधन की राजनीति

लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के वरिष्ठ नेताओं ने सरकार गठन के मुद्दे पर एक बैठक में मंथन किया। बैठक में नरेंद्र मोदी राजग के नेता चुने गए। चुनाव परिणाम में राजग को बहुमत मिलने के साथ ही नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया था। साथ ही 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में सरकार गठन की संभावनाओं और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। अठारहवीं लोकसभा के लिए किसी भी एक दल को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला है। चुनाव परिणाम ने संदेश दिया है कि गठबंधन की राजनीति खत्म नहीं हुई है। भारतीय लोकतंत्र की जमीनी सच्चाई देश को गठबंधन की राजनीति की ओर ले जा रही है। यानि एक बार फिर देश में गठबंधन सरकार की वापसी हो रही है। गौरतलब है कि भारत में गठबंधन व्यवस्था राजनीतिक अस्थिरता का प्रमुख कारण रही है। परंतु गत वर्षों में भारत की राजनीति में जो नया मोड़ आया है उसमें गठबंधन की सरकार को नकारा भी नहीं जा सकता। राष्ट्रीय स्तर पर सर्वप्रथम गठबंधन सरकार की शुरुआत 1977 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार के गठन के साथ मानी जाती है। परंतु जनता पार्टी के घटक दल जनसाधारण के विकास एवं स्वयं के दलीय आधार को सुदृढ़ करने की अपेक्षा गठबंधन के भीतर अपने महत्व को लेकर अधिक संघर्षरत रहे, जिससे जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप पार्टी और सत्ता दोनों की अकाल मृत्यु हो गई। 1979,1989, 1990 और 1991, 1996 व 1997 में गठबंधन की सरकार बनी जो कार्यकाल पूरा करने से पूर्व की गिर गईं। कहा जा सकता है कि क्षेत्रीय दलों की भरमार ने देश को राजनैतिक अस्थिरता के दौर में पहुंचा दिया था।

2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा को अकेले ही बहुमत हासिल था और आसानी से दस साल तक सरकार चला पाई और अपने एजेंडे को लागू करती रही लेकिन अब गठबंधन की सरकार होगी। चुनावी नतीजे इशारा तो कर रहे हैं कि तीसरी बार भाजपा को सरकार चलाने में उतनी सुविधा नहीं होगी। इसके चलते भाजपा को अपनी प्राथमिकताओं से भी समझौता करना पड़ सकता है, क्योंकि उसे अपने एजेंडे को लागू करने के लिए सहयोगी दलों पर निर्भर रहना होगा। क्षेत्रीय दल स्थानीय मुद्दों को बहुत ही प्रमुख स्थान देते हैं और सरकार की गलत नीतियों एवं मनमानी पर रोक लगाते हैं। मिली-जुली सरकार की सफलता के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक दल अहंवादी व्यक्तित्व और अनुशासनहीनता का त्याग कर सार्वजनिक नैतिकता के भाव को ग्रहण करें।

# बचना है तो बचा लो हिमालय



प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक चमोली

कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है, उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है, जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा।

पर्यावरण का संकट 21 वीं सदी में मानवता के लिए सबसे बड़ा संकट बनकर उभर रहा है। हालांकि पर्यावरण का यह संकट इससे पहले की सभ्यताओं के आगे भी उनके अस्तित्व का सवाल खड़ा कर चुका है। हम जानते हैं कि हमारी सिंधु घाटी सभ्यता और मिस्र की नील घाटी सभ्यता तथा मेसोपोटामिया की दजला-फरात नदियों की सभ्यता, जो कि ईसा पूर्व लगभग 3000 वर्ष पूर्व अपनी उच्चता के शिखर को प्राप्त थी, जहां आज की नगरीय सभ्यता के समान सभ्यता मौजूद थी। जिसने वहां संसाधनों के अधिक दोहन, वृक्षों के अधिक कटान के परिणाम स्वरूप प्रकृति का संतुलन बिगाड़ा। परिणामस्वरूप बाढ़ आदि कारणों से यह विकसित सभ्यताएं नष्ट हो गई। पर्यावरण के महत्व का यह पहला सबक था।

इसी सबक का परिणाम हुआ सिंधु घाटी सभ्यता के बाद भारत में विकसित वैदिक सभ्यता ने प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रकृति को ही अपना देवता बना लिया। भारत ही नहीं पूरी दुनिया ने बीते लगभग ढाई हजार सालों में प्रकृति का संरक्षण कर, अपनी सभ्यताओं का विकास किया। पशुपालन और कृषि सभ्यताओं में पर्यावरण के साथ एक बेहतर ताल-मेल बना रहा, लेकिन औद्योगिक क्रांति के बाद विकास का जो मॉडल सामने आया, रासायनिक गैसों का जो स्राव हुआ, उसने मात्र 100 साल के भीतर ही पर्यावरण का संकट खड़ा कर दिया। 5 जून 1974 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का संकल्प लिया, ताकि पर्यावरण के प्रति वैश्विक चेतना को विकसित किया जा सके, लेकिन बीते 50 वर्ष में पर्यावरण के वैश्विक हालात दिन पर दिन चिंताजनक होते गए हैं। पर्यावरण पर दो प्रकार का संकट है। एक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन का जिसका सीधा संबंध औद्योगिक विकास से है और दूसरा पारिस्थितिकी पर मार।

बीते सालों में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के सवाल पर सरकारों के मध्य सहमति भी बनी है। इसमें 1992 में रियो पृथ्वी सम्मेलन, 2015 का पेरिस समझौता जिसे 196 देशों ने स्वीकार किया, यह महत्वपूर्ण है। पेरिस समझौते में ग्रीन हाउस इफेक्ट को प्रभावित करने वाली छह गैसों को प्रतिबंधित किया गया है। पेरिस सम्मेलन में 21 वीं सदी के अंत तक वैश्विक औसत तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि ही रखने का संकल्प है, लेकिन मौजूदा हालात में जिस तेजी से गर्मी बढ़ती जा रही है, उसमें 2030 से 2050 के मध्य ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि हो जाने के आसार हैं जिसके परिणाम स्वरूप दो मीटर तक समुद्र का जल स्तर बढ़ जाएगा और तटीय क्षेत्र डूबने से संकट में होंगे।

विश्व में पर्यावरण की सबसे बड़ी चिंता हिमालय क्षेत्र में है, क्योंकि हिमालय ही न केवल भारत को, बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया की आर्थिक की एवं भूगोल को नियंत्रित करता है। हिमालय जिसमें आंशिक चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, भारत और भूटान सहित छह देशों में लगभग 2100 किलोमीटर लंबाई व 150 से 400 किलोमीटर तक की चौड़ाई वाला हिमालय शामिल है, जो कि 5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और दुनिया का सबसे बड़ा हिम क्षेत्र है। हिमालय में 110 से अधिक चोटियां जिनकी ऊंचाई 7300 मीटर से अधिक है, मौजूद हैं। इन उच्च हिम शिखरों में अभी मानव की पहुंच नहीं है। हिमालय में 15 हजार से अधिक छोटे-बड़े ग्लेशियर हैं।

हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा संकट गहरा रहा है। एक ग्लेशियरों का तेज पिघलना, जंगलों का कटना, मिट्टी का अधिक तेजी से बहना, इन सब कारणों से गर्मी का बेतहाशा बढ़ना। वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि सदी की शुरुआत से लेकर अब तक हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने की दर दोगुनी हो गई है, पिछले चार दशकों में एक चौथाई से ज्यादा बर्फ पिघल चुकी है। तेजी से बर्फ पिघलने की दर इस क्षेत्र के लिए "विनाशकारी" भविष्य की ओर इशारा करती है, जिस पर एक अरब लोग नियमित पानी के लिए निर्भर हैं।

प्रतिवर्ष 8 लाख घन मीटर बर्फ पिघल रही है जिसकी भरपाई नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष ग्लेशियर की ऊंचाई पांच मीटर कम हो रही है। ग्लेशियरों के पिघलने की जो दर 1975 से 2000 तक 22 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष आंकी गई थी, वह 2000 से 2016 के बीच बढ़कर 43 सेंटीमीटर प्रति वर्ष हो गई है। 2000 से 2016 के मध्य औसत तापमान में भी एक डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि देखी गई। कोलंबिया के एक अध्ययन दल के प्रोफेसर जोर्ग शैफर का अनुमान है कि सामान्य स्थिति में सदी के अंत तक एक तिहाई हिमालय की बर्फ समाप्त हो जाएगी और बर्फ पिघलने की जो मौजूदा रफ्तार है, उस पर यदि कुछ विशेष नियंत्रण नहीं किया गया तो सदी के अंत तक दो तिहाई बर्फ समाप्त हो जाएगी।

हिमालय पर पड़ रहे इस पारिस्थितिकी दबाव के परिणाम स्वरूप हिमालय क्षेत्र में मौजूद 30 लाख झरनों से आधे झरने सूख रहे हैं अथवा मौसमी हो गए हैं जिससे न केवल हिमालय क्षेत्र में, बल्कि संपूर्ण भारत में पेयजल का संकट बढ़ता दिख रहा है। उच्च हिमालय क्षेत्र में बर्फ के पिघलने का सबसे महत्वपूर्ण कारण जंगलों के प्रति हमारी उपेक्षा भी है। वर्ष 2019 में उत्तर-पूर्व के हिमालयी राज्य जिन्हें हम सेवन सिस्टर के नाम से जानते हैं, में 1108 वर्ग किलो मीटर वन क्षेत्र कम हुआ है। वनों के अनियंत्रित दोहन से ग्लेशियरों के साथ ही हिमालय में मिट्टी का क्षरण भी चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। उत्तराखंड हिमालय में 48.3 प्रतिशत भाग में मिट्टी का कटाव औसत 11.2 टन प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष से अधिक है। कुल मिलाकर हिमालय पर पर्यावरण का चौतरफा हमला हो रहा है। हिमालय में खतरा बढ़ने के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया में जिसमें भारत भी शामिल है, सामान्य जनजीवन खतरे में पड़ गया है। इस वर्ष देश के आधा दर्जन शहरों में तापमान 50 डिग्री के पार चला गया और देश की राजधानी दिल्ली भी करीब-करीब 50 डिग्री में ही पहुंचकर मानी।

हिमालय की तलहटी में बसे देहरादून और हल्द्वानी में भी तापमान 43 डिग्री पार कर गया जबकि तराई में यह तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। अकेले में मई माह में देश में 46 लोगों ने लू के कारण अपनी जान गंवाई। पूरे उत्तर भारत में बढ़ रही गर्मी का मुख्य कारण हिमालय क्षेत्र में ऊंची चोटियों से बर्फ का गायब हो जाना ही है जिसने तापमान में अचानक वृद्धि की है। 1990 के बाद तेजी से फैली उपभोक्ता संस्कृति जो अपने एयर कंडीशन होने पर इतराती थी। उसके भी इस वर्ष गर्मी ने होश ठिकाने लगा दिए हैं। कुल मिलाकर हिमालय की बढ़ती पर्यावरण चिंता और इस चिंता की दिशा में पहला बड़ा कदम वृक्षारोपण ही है, जो पर्यावरण की चतुर्दिक चिंताओं का समाधान करने में सक्षम है। इन तमाम निष्कर्षों से यह बात साबित है कि यदि हमें बचना है तो हमें हिमालय को बचाना होगा। आसान उपाय वृक्षारोपण को जीवन पद्धति बना लेना है। इस वर्ष हम चिपको आंदोलन की 50 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उत्तराखंड से जन्मे इस ऐतिहासिक आंदोलन ने पूरे विश्व पटल पर पर्यावरण की चेतना का विस्तार किया। हमें उम्मीद है कि हम इस वर्ष फिर पर्यावरण बचाने की दिशा में हम कुछ बड़े कदम उठाएंगे।

## प्रसंगवश

# भाजपा को भारी पड़ी अपनों की उपेक्षा



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

2024 के परिणाम एक सबक हैं, जो 400 पार का नारा लगा रही थी उस भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। हालांकि एनडीए को बहुमत मिल गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में जो भाजपा का महत्वपूर्ण एवं स्थापित गढ़ माना जाता है। उस घर में मोदी का सिर्फ डेढ़ लाख वोटों से जीतना, कई बड़े चेहरों का हारना एवं भाजपा को आधी सीट भी न मिलना चिंता का विषय है। इसको समझने के लिए समग्र परिदृश्य को समझना होगा।

एक समय अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोध का आंदोलन क्रांति के रूप में पूरे देश ने देखा। उस आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन करके दिल्ली के मुख्यमंत्री की शपथ लेकर अपनी पुरानी शपथ को दरकिनार कर दिया। इस पूरे परिदृश्य में एक तरफ कांग्रेस का पतन हो रहा था तो दूसरी तरफ देश में क्रांति की बयार चल रही थी। इसी बीच गुजरात मॉडल से चर्चित हुए नरेंद्र मोदी देश में लोकप्रिय होने लगे। देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। आते ही मोदी ने अपनी कार्यशैली से लोगों के उत्साह को बढ़ाना शुरू कर दिया। उनके समकक्ष उनके ही दल के राजनेताओं के कद उनके सामने बौने होने लगे। विभिन्न प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनने लगीं। अटल जी की नैतिकता की नीतियों से इतर यह एक नई भाजपा थी, जो नैतिकता नहीं सत्ता को प्राथमिकता दे रही थी।

2019 आते-आते भाजपा से उसके मतदाता की अपेक्षा बढ़ने लगी। इस दौरान भाजपा में बाहर से लोग आने शुरू हो चुके थे। यह वह लोग थे जिनको हराकर या जिनसे संघर्ष करके भाजपा का मूल कार्यकर्ता दल को मजबूत करने का आधार बना था। इनके आने से मूल कार्यकर्ता निराश होने लगा। 2014 में गुजरात के अमित शाह को जब उत्तर प्रदेश की कमान दी गई तो उन्होंने अच्छा समन्वय स्थापित करते हुए 73 सीटें दिलवा दी थीं। बाहर के किसी व्यक्ति को किसी प्रदेश की कमान देने का प्रयोग सफल था। इसी तर्ज पर प्रांत और जिले स्तर पर बाहरी व्यक्ति को प्रभारी बनाया जाने लगा। धीरे-धीरे हर कला में पारंगत और आर्थिक संसाधनों से पूर्ण यह वर्ग मूल संगठन में पैठ बनाने लगा। मोदी के प्रथम कार्यकाल में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अनेक नेता दूसरे कार्यकाल में चर्चित नहीं दिखे। नितिन गडकरी शांत रहकर अपना कार्य करते रहे। राजनाथ सिंह ज्यादा बयानबाजी करते नहीं दिखे। रविशंकर, स्मृति ईरानी, वसुंधरा राजे, शिवराज चौहान सहित अनेक नेता सिर्फ अपने कार्यों तक सीमित रहे। सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, मनोहर पर्रीकर आदि स्वर्ग सिधार गए।

भारत अमेरिकी तर्ज पर पूंजीवाद का बड़ा बाजार बन गया। गूढ़ चिंतन मनन करने वाले लोगों का स्थान सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम पर नाचने गाने वाली पीढ़ी ने ले लिया। मीडिया संस्थानों में कारपोरेट का आर्थिक हस्तक्षेप बढ़ने से निष्पक्षता से ज्यादा पक्ष या विपक्ष के प्रवक्ता होने की होड़ लग गई। यह एक नया भारत था जिसमें अब विमर्श का स्थान नहीं था। इसमें वाद विवाद, आरोप प्रत्यारोप और धार्मिक विषयों को मूल विषयों से प्रतिस्थापित कर दिया गया। एक तरफ देश का नेतृत्व अपने विचार को स्थापित करते चला रहा था तो दूसरी तरफ देश का युवा भविष्य चिंतन-मनन से इतर मनोरंजन और बाजार के हाथों खेलने लगा था। अब बाजार में सब कुछ बिक रहा है। सब कुछ उपलब्ध है। पद, पैसा, प्रतिष्ठा सब कुछ प्राप्त हो जाएगा, बस आपके पास धन होना चाहिए। कितने व्यवस्थित तरीके से पिछले दो-तीन दशक में भारत एक बाजार के रूप में स्थापित कर दिया गया।

अब 2024 में नरेंद्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करते दिख रहे हैं। इस बार भाजपा नहीं एनडीए पूर्ण बहुमत में है। 400 पार का आंकड़ा बहुत दूर रह गया है। इसकी वजह सिर्फ मोदी नहीं है। मोदी की टीम से जुड़े लोगों का वह अहंकार है जिसका आत्मचिंतन उन्हें करना ही होगा। लक्ष्य से कम सीटों पर, जो मुद्दे बौद्धिक गिनवा रहे हैं वह हैं कि हिंदू जातियों में बंट गया, मुसलमान ने वोट नहीं दिया, विदेशी ताकतों ने खेल किया और गर्मी बहुत थी तो मतदाता बाहर नहीं निकला। जबकि कुछ वास्तविक तथ्य जो इन नतीजों का सत्य हैं वह है टिकट वितरण में आलाकमान का अहंकार, जमीनी सूचना तंत्र के स्थान पर लाभार्थी रिपोर्टरों पर ऐतबार, स्थानीय नेताओं का तिरस्कार, सरकार में हर स्तर पर चाटुकार एवं भ्रष्ट नौकरशाही की बेलगाम रफ्तार है। अपने लोगों की उपेक्षा के कारण विचार परिवार का मौन प्रहार भी एक वजह रही।

# बड़े-बड़े दावों की खुली पोल



कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है, यही जनता जनार्दन का फैसला है।

आखिर लोकसभा चुनाव के परिणाम आ गए और देश ने देखा कि एग्जिट पोल और चार सौ पार की पोल खुल गई। बड़े-बड़े नेताओं के बड़े-बड़े बोल धरे के धरे रह गए और जनता ने अपना जनादेश सुना दिया। जिस राम मंदिर में जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा कर कांग्रेस को निमंत्रण ठुकरा देने पर कोसा गया, उसी अयोध्या में हार पचाना कोई आसान नहीं। यह हार हजम नहीं होने वाली। उत्तर प्रदेश में यह बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला। सबसे बड़ी बात कि बसपा प्रमुख मायावती का प्रभाव बिल्कुल जीरो पर पहुंच गया।

एक समय मायावती, जयललिता और ममता बनर्जी तीन देवियां बहुचर्चित थीं, लेकिन जयललिता रही नहीं और मायावती दस साल तक जनता के पक्ष में कहीं दिखी नहीं तो जीरो पर आ गईं। बस, एक ममता बनर्जी ने अपनी साख बरकरार रखी और पश्चिमी बंगाल में अकेली ही डटी रहीं और भाजपा के अश्वमेध घोड़े को थाम लिया। उत्तर प्रदेश में कहा जा रहा है कि बसपा का वोट बैंक कांग्रेस व समाजवादी पार्टी की ओर खिसक गया यानी बहन मायावती के पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। कांशीराम का संघर्ष बेकार कर दिया।

एक समय जो प्रधानमंत्री पद की दावेदार बन गईं थीं, वही मायावती इस तरह कठपुतली मात्र बनतीं दिखीं जिससे इनके समर्थकों का दिल टूट गया। महाराष्ट्र की बात करें तो जिस अघाड़ी सरकार को गिराया था उसी अघाड़ी सरकार के दलों को लोगों ने चुन लिया। इस तरह सरकारें गिराने का जवाब जनता ने वोट से दिया। ऐसा ही जवाब चंडीगढ़ में भी मिला, वहां भी मेयर चुनाव में जो खेला किया गया था, जनता ने उसे नकारते कांग्रेस के मनीष तिवारी को चुनना बेहतर समझा। हिमाचल में भी जो कांग्रेस के छह विधायक भाजपा के साथ हिमाचल सरकार गिराने गए थे और अयोग्य घोषित कर दिए गए थे, वे भी दोबारा चुनाव में उतरे जिनमें से चार चुनाव हार गए यानी उनको लोगों ने दलबदल की सजा दे दी और इस तरह हिमाचल सरकार को जीवनदान मिल गया। आपातकाल की बड़ी महिमा कर भाजपा ने ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया था, जो जेल में रहे थे, लेकिन खुद अघोषित आपातकाल लगाने का खामियाजा भी भुगतना पड़ा इस बार चुनाव में।

यह ईडी, सीबीआई और निर्वाचन आयोग जैसी संस्थाओं को तोते बना देना भी जनता को रास नहीं आया। कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ नारा काम करता दिखा और लोगों ने लोकतंत्र बचाने की कोशिश की, जो चेतावनी जैसा परिणाम आ गया। अब तेलुगु देशम के चंद्रबाबू नायडू और बिहार के सुशासन बाबू यानी नीतीश कुमार के हाथ में सत्ता का संतुलन चला गया है। भाजपा अपने दम पर सरकार नहीं बना रही। अब इसे चंद्रबाबू और नीतीश कुमार के सहारे की कदम-कदम पर जरूरत रहेगी और ये दोनों कभी भी पलटी मारने के लिए जाने जाते हैं यानी एक अनिश्चितता तो सिर पर सवार रहेगी। सबसे बड़ी बात कि वह खुला हाथ नहीं रहेगा शासन में, जो पिछले दस साल तक रहा।

उड़ीसा में भाजपा को सफलता मिली और बीजू पटनायक ज्योति बसु का लंबे समय तक मुख्यमंत्री बनने का कीर्तिमान तोड़ने से वंचित रह गए। पंजाब में अकाली दल और भाजपा को पैर रखने की जगह भी नहीं मिली। दो गज जमीन भी न मिली पंजाब में। दिल्ली ने अरविंद केजरीवाल की हवा भी निकाल दी और भाजपा को सिर आखों पर बिठाया। यही जनता है, यही जनता जनार्दन का फैसला है। कभी आपातकाल के बाद का चुनाव याद कीजिए और सोचिए कि आपातकाल के विरोध में कैसे इंदिरा गांधी और चौ बंसीलाल तक को धरती पर ला दिया था जनता ने, कुछ ऐसा ही अंडर करंट था इस बार, जिसे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भांपने में असफल रहा, वैसे ही जैसे आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी अनुमान नहीं लगा पाई थीं। जनता जनार्दन का फैसला, इसके आगे नतमस्तक चाहे इंदिरा गांधी हों या फिर कोई और इसके आगे नतमस्तक होना पड़ता।

## सोशल फोरम

# देश को एक बड़ी राहत मिली

इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

देश ने चुनाव नतीजों से राहत पाई है, पर स्थानीय लड़ाइयों को भारत की लड़ाई में बदलना अभी बाकी है। यह देश का पहला चुनाव है, जब अभूतपूर्व ढंग से सर्वाधिक लोकसभा सीटें पाने वाले दल का मोरल टूटा हुआ है और अपेक्षाकृत काफी कम सीटें पाने वाले विपक्षी दल का मोरल ऊंचा उठा हुआ है। यह चुनाव फल सांप्रदायिक प्रचार में बह गए हजारों हिंदुओं को यह सोचने के लिए प्रेरित करेगा कि सत्ता के लोभ में धर्म और धार्मिक विद्वेष को राजनीतिक हथियार बनाना। इतिहास पर हमला और गांधी का लगातार अपमान कहां तक उचित है? देश ने एक बड़ी राहत पा ली है, जो जनता में प्रेम, स्वतंत्रता और न्याय की भूख बचे होने का प्रमाण है।

इस चुनाव नतीजे ने भारत के स्वभाव और संविधान में इस देश की जनता की आस्था को एक बार फिर सामने ला दिया है। फिर भी इस चुनाव फल से यह समझ लेना गलत है कि सांप्रदायिक फासीवाद का खतरा टल गया। पिछले 10 सालों में सामाजिक खाइयां पर्याप्त चौड़ी कर दी गई हैं, विद्वेष का जहर कहीं-कहीं खून में शामिल हो चुका है। यह स्वीकार करना चाहिए कि धार्मिक पागलपन का अंत नहीं हुआ है, वह सिर्फ घायल हुआ है। यदि विपक्ष का गठबंधन अपने मतभेदों से उबरकर एक बड़ी वैचारिक समरसता के साथ, कुछ बड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम लेकर और अपने को थोड़ा और सुधार करके सामने नहीं आता तो इस देश की सांस्कृतिक जमीन में पिछले 100 सालों से बोया जा रहा जहर फिर बड़ा असर दिखा सकता है। विपक्ष के गठबंधन को मनबंधन बनना होगा। लोकसभा की 240 सीटों पर जीत को हल्के से नहीं लेना चाहिए। अभी स्थानीय लड़ाइयों को भारत की एक बड़ी लड़ाई में बदलना बाकी है, जो कुछ अधिक दिमागी खुलेपन और अधिक गहरी एकता की मांग करता है।

-फेसबुक वॉल से

## सत्ता की लाठी छीन लेती है आस्था



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

वर्ष 1350 ईसा पूर्व, मिस्त्र देश में फराओ 'अखनातेन' का शासन काल था। इन्होंने अपने नाम के आगे अपने देवता का नाम सजाया था। 'आतेन' देवता को मानते हुए अखनातेन ने पूर्व काल में जनसामान्य में प्रचलित 'अमून' नामक देवता के उपासक द्वितीय दर्जे के नागरिक माने जाने लगे। राजा केवल अतेन उपासकों का राजा बना हुआ था। तकरीबन सत्रह साल के अपने शासन काल में उसने धर्म आधारित राज्य चलाने की जबरदस्त कोशिश की। फिर उसके पुत्र का शासन काल आया, जिसे इतिहास तूतेन खामेन के नाम से जानता है।

तूतेन मिस्त्र के सर्वाधिक प्रसिद्ध फराओ में से एक है। इनकी ममी दुनियाभर में शोध का विषय रही है। तूतेन ने पुराने प्रचलित धर्म की पुनर्स्थापना की। प्रचलित सौर देव एमून अथवा आमेन को पुनः प्रतिष्ठित किया। जनता के मन से धर्म का दबाव हटा दिया। उसे स्वाभाविक जीवन एवं स्वाभाविक परंपरागत अभ्यास करने से न तो रोका गया और न ही राज्य की ओर से प्रेरित किया गया। राज्य अपना काम करता रहा और जनता अपना। तूतेन की कार्यशैली ने उसे आज तक का सबसे महान फराओ बनाया। एक और देश का इतिहास बांच लेते हैं। ब्रिटेन में 1653 से 1658 का काल खंड जब राजा चार्ल्स से दुखी जनता को ओलिवर क्रोमवेल में अपना नेता दिखाई दिया। ये समय इंग्लैंड में प्यूरिटन काल कहलाया। प्यूरिटन जो प्योर अर्थात् शुद्ध माने जाते थे। ये सब विशुद्ध धार्मिक लोग थे। किसी भी साज श्रृंगार, काव्य, रसमय अभिव्यक्ति के पुरजोर विरोधी थे। इनके समय में नाटक और साहित्य अभिव्यक्ति के माध्यम हुआ करते थे, जिन पर राज्य का कठोर अंकुश था। जनता मनोरंजन के साधनों का प्रयोग नहीं कर सकती थी।

ओलिवर की मृत्यु के बाद उनके बेटे रिचर्ड ने शासन संभाला जिन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया। वह भी ओलिवर के पूर्व जनरल मोनक के द्वारा। 1660 में वही सरकार जिससे सब नाखुश थे रोयलिस्ट चार्ल्स की सत्ता आ गई। धर्म की रफ्तार हल्की पड़ गई। मानवीय आकांक्षा ये धर्म पर भारी साबित हुई। ओलिवर के शव को जो सालों पहले हीरो की तरह दफनाया गया था, कब्र से निकाल कर चौराहे पर लटका कर उसके सिर को धड़ से अलग किया गया। धर्म के प्रति ये कैसी अनासक्ति प्रकट हो गई? आज जब राम की नगरी की सीट की खबर सुनी तो बरबस ही बहुत सारे देशों का इतिहास दिमाग में उछलने लगा। आस्था, सत्ता पर हावी होती है पर जब-जब सत्ता आस्था की लकीर पीटती है। आस्था सत्ता की लाठी छीन लेती है। धर्म केवल धर्म के लिए हो सकता है, चुनाव के लिए मुद्दे पुराने ही चलेंगे।

## चुनावों के निहितार्थ



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

राजनीति चंचल होती है। यहां स्थायित्व नहीं होता। हार-जीत चुनावी राजनीति का अहम हिस्सा है। यही लोकतंत्र को प्राणवान और जीवंत बनाता है। सियासी दलों और नेताओं को लोकप्रियता, विश्वसनीयता और स्वीकार्यता घटती- बढ़ती रहती है। एक बार जनता का विश्वास खोने वाला दल अथवा नेता अगली बार पुनः जनता का विश्वास और समर्थन प्राप्त कर सकता है। सियासत में विश्वसनीयता स्थायी भाव नहीं होता है। इसके उलट तटस्थता, निष्पक्षता और जनपक्षधरता पत्रकारिता के बुनियादी तत्व हैं। यदि एक बार पत्रकारिता की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई उसे दुबारा पाना मुश्किल होता है।

2024 के लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए हैं। इन चुनावों में किसी राजनीतिक दल की स्वीकार्यता कुछ बढ़ी, किसी की थोड़ी बहुत घटी। जिन सियासी दलों की घटी, उनकी अगले चुनाव में बढ़ सकती है। जिनकी बढ़ी, संभव है कि अगले चुनाव में कम हो जाए, लेकिन पत्रकारिता के पेशे की विश्वसनीयता को पहुंची क्षति की भरपाई संभव नहीं है। पत्रकारिता के लिहाज से इस चुनाव का परिणाम यह है कि तथाकथित मुख्यधारा के खबरिया चैनलों की विश्वसनीयता रसातल में पहुंच गई। सुखद पक्ष यह है कि मुख्यधारा के खबरिया चैनलों के बरअक्स सोशल मीडिया की विश्वसनीयता एवं लोकप्रियता में कई गुना उछाल आया है। आने वाला वक्त सोशल मीडिया का है।

## नष्ट होते जंगल



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल में उत्तराखंड में जंगलों की आग भारी चिंता का विषय है। अखबारों की खबरों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि जंगल की आग बुझाने का रवैया उदासीन है, जिन अग्निशमन कर्मचारियों को इस काम में लगाना था, उनकी चुनाव में ड्यूटी लगा दी गई सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार के मुख्य राज्य सचिव को तुरंत कोर्ट में हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी जानना चाहा कि चुनाव आयोग की विशिष्ट छूट के बाद भी वन विभाग के कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी कैसे लगा दी गई? उल्लेखनीय है कि अब से दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड में जिम कार्बेट पार्क में पेड़ों के कटान और अवैध खनन मामले में तल्ख टिप्पणी कर चुका है। अब जब 40 प्रतिशत वन क्षेत्र आग की चपेट में है तो इसे बचाने के लिए जिम्मेदार और भविष्य में आग की घटनाओं को रोकने और जंगलों को बचाने के लिए क्या सुप्रीम कोर्ट सख्त कदम उठाने के मूड में है या जंगल यों ही काटे जाते रहेंगे? निरंतर कम होता जा रहा वन क्षेत्र पर्यावरण चिंता का विषय बना हुआ है। पृथ्वी पर मौजूद पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से 46 प्रतिशत पेड़ समाप्त किए जा चुके है, 420 बिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र ही धरती पर शेष हैं। हमारे देश में राष्ट्रीय वन क्षेत्र नीति के अनुसार 33.3 प्रतिशतभी भाग पर वन होने चाहिए, किंतु मात्र 19.5 प्रतिशत भाग पर ही वन रह गए हैं, जो एक गंभीर बात है। वनों की अंधाधुंध कटाई को रोका जाना और उन्हें आग से बचाया जाना बहुत जरूरी है अन्यथा पृथ्वी के बढ़ते तापमान को रोकना, पर्यावरण को और वन जीवों को बचाना नामुमकिन हो जाएगा। पर्यावरण को बचाना भी हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# गुजरात में क्लीन स्वीप नहीं कर पाई भाजपा

## दो सांसदों ने विपक्षियों को सात लाख से अधिक मतों से दी शिकस्त, 2019 में सभी सीटों पर भाजपा ने दर्ज की थी जीत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कम से कम 13 उम्मीदवारों ने तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की। वहीं दो मौजूदा सांसदों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को सात लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया है। साल 2019 के लोकसभा चुनावों में गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। तब इसके 15 उम्मीदवारों ने तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की थी, लेकिन कोई भी उम्मीदवार सात लाख के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था।


गुजरात के वडोदरा के सबसे युवा उम्मीदवार अपने प्रशंसकों के साथ।

मंगलवार को आए लोकसभा चुनाव के परिणाम के अनुसार, मौजूदा सासंदों सीआर पाटिल और अमित शाह ने क्रमशः नवसारी और गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्रों से सात लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की है। कुल मिलाकर भाजपा ने गुजरात की 25 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की। इसमें सूरत भी शामिल है, जहां पार्टी को निर्विरोध जीत हासिल हुई है। हालांकि, भाजपा क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाने से चूक गई, क्योंकि बनासकांठा निर्वाचन क्षेत्र पर कांग्रेस ने अपना कब्जा जमा लिया। जिन निर्वाचन क्षेत्र मे भाजपा ने तीन लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज की, वह अहमदाबाद पूर्व, अमरेली, भावनगर, छोटा उदयपुर, दाहोद, गांधीनगर, राजकोट, वडोदरा, खेड़ा, महसाणा, नवसारी, पंचमहल और पोरबंदर हैं। अमित शाह और सीआर पाटिल ही दो ऐसे उम्मीदवार हैं जिनकी जीत का अंतर 7 लाख के मतों से ज्यादा है।

गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने 7.73 लाख की सर्वाधिक बढ़त के साथ जीत दर्ज की और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के नैषध देसाई को हराकर नवसारी सीट बरकरार रखी है। साल 2019 में भी पाटिल ने दूसरे सबसे ज्यादा अंतर से जीतने का रिकॉर्ड बनाया था और इस बार अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा है। तब वह 6.89 लाख मतों के अंतर से जीते थे। अमित शाह ने गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्र में 7.44 लाख मतों के अंतर से जीत दर्ज की। भाजपा के हेमांग जोशी और राजपालसिंह जाटव दो ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्होंने पांच लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। जोशी और जाटव की जीत का अंतर क्रमशः वडोदरा और पंचमहल निर्वाचन क्षेत्र में 5.82 लाख और 5.09 लाख मतों का है। नौ अन्य भाजपा उम्मीदवारों की जीत का अंतर तीन लाख से पांच लाख मतों के बीच है।

### इन सीटों पर भाजपा तीन लाख वोटों से जीती

| | |
|---|---|
| अहमदाबाद पूर्व | वडोदरा |
| अमरेली | खेड़ा |
| भावनगर | महसाणा |
| छोटा उदयपुर | नवसारी |
| दाहोद | पंचमहल |
| गांधीनगर | पोरबंदर |
| राजकोट | |

| दल | विजयी |
|---|---|
| बीजेपी | 25 |
| कांग्रेस | 1 |
| कुल | 26 |

### रोचक तथ्य

- भाजपा के 13 उम्मीदवार तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से जीते
- 26 सीटों में से 25 पर अटकी कांग्रेस ने इस बार खाता खोला

## भाजपा का मत प्रतिशत 1.25 फीसदी घटा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- कांग्रेस ने कड़ी टक्कर में भाजपा से एक सीट बनासकांठा छीन ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से 25 पर जीत हासिल की, लेकिन 2019 के आम चुनाव की तुलना में उसका मत प्रतिशत 63.11 फीसदी से गिरकर 61.86 फीसदी रह गया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इंडिया गठबंधन के घटक दलों - कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने 25 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ा और दोनों पार्टियों का संयुक्त मत प्रतिशत 33.93 फीसदी रहा। इसमें से कांग्रेस का मत प्रतिशत 31.24 फीसदी और आप का 2.69 फीसदी रहा। कांग्रेस ने कड़ी टक्कर में भाजपा से एक सीट - बनासकांठा - छीन ली, जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य में सभी 26 सीटों पर लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने की भाजपा की कोशिश विफल हो गई। आम आदमी पार्टी (आप) भरूच और भावनगर सीटों पर जीत हासिल नहीं कर सकी, जहां उसने इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में अपने उम्मीदवार उतारे थे। आंकड़ों के अनुसार, 2019 के आम चुनाव में जब कांग्रेस ने बिना किसी गठबंधन के अपने दम पर चुनाव लड़ा था और उसे कोई सीट नहीं मिली थी, तब उसका मत प्रतिशत 32.55 फीसदी था। इसके अलावा, राज्य की सभी 26 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का मत प्रतिशत 0.76 फीसदी रहा।


बांसुरी स्वराज को बधाई देते मनोज तिवारी।

## 73 महिला सांसद चुनीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के आए नतीजों में कुल 73 महिलाएं चुनी गईं, जबकि 2019 के आम चुनाव में संख्या 78 थी। देशभर से निचले सदन के लिए चुनी गईं कुल महिला सांसदों में से पश्चिम बंगाल 11 महिलाओं के साथ आगे है। कुल 797 महिला उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिसमें भाजपा ने सबसे अधिक 69 को और कांग्रेस ने 41 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया था।

संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद यह पहला चुनाव है। इस कानून में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है। यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, इस बार भाजपा की 30 महिला उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव जीता, कांग्रेस की 14, तृणमूल कांग्रेस की 11, समाजवादी पार्टी की चार, द्रमुक की तीन और जनता दल (यू) और लोजपा (आर) की दो-दो महिला उम्मीदवार जीतीं। 17वीं लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या सबसे अधिक 78 थी। भाजपा की हेमा मालिनी, तृणमूल की महुआ मोइत्रा, राकांपा (शरदचंद्र पवार) की सुप्रिया सुले और सपा की डिंपल यादव ने लोस चुनाव में अपनी सीटें बरकरार रखीं जबकि कंगना रनौत और मीसा भारती ने ध्यान अपनी ओर खींचा। मछलीशहर से सपा की 25 वर्षीय उम्मीदवार प्रिया सरोज और कैराना सीट से 29 वर्षीय इकरा चौधरी जीत हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की उम्मीदवारों में शामिल हैं।

**भाजपा ने 69, कांग्रेस ने 41 महिलाओं को बनाया था उम्मीदवार**

## 40 में से 40 की जीत राष्ट्र के नेतृत्व में मददगार : स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को कहा कि इंडी गठबंधन संवैधानिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए देश के नेतृत्व का जिम्मा लेगा। उन्होंने कहा कि 40 में से 40 की जीत राष्ट्र के नेतृत्व में मददगार होगी क्योंकि द्रमुक तथा इसके सहयोगी दलों ने तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटें और पुडुचेरी की एक सीट जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु और राष्ट्रीय स्तर पर इंडी गठबंधन की जीत से निरंकुशता पर लगाम लगी है और अब लोकतंत्र की नई कोंपलें फूटने लगी हैं। द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जहां राम मंदिर का निर्माण हुआ, वहां लोगों ने भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को नकार दिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद पत्र लिखते हुए स्टालिन ने कहा कि जनता ने द्रमुक और सहयोगी दलों को शानदार जीत दिलाई है और कार्यकर्ताओं ने इस शानदार प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत की है। समर्थन के लिए लोगों को धन्यवाद देते हुए द्रमुक प्रमुख ने कहा कि इस सफलता ने भाजपा शासन के सत्ता के दुरुपयोग और अपमानजनक प्रचार को कड़ा जवाब दिया तथा यह सुनिश्चित किया कि सांप्रदायिक ताकतों को तमिलनाडु में कोई मौका नहीं मिले।

### अभिवादन


राष्ट्रपति भवन में निवर्तमान केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए आयोजित रात्रिभोज में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ।

## पूर्व मुख्यमंत्री, फिल्म स्टार सहित 280 पहली बार चुने गए सदस्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**


कंगना रनौत।


अरुण गोविल।


मनोहर लाल खट्टर।

- उत्तर प्रदेश से 45 सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार संसद के निचले सदन में उपस्थिति दर्ज कराएंगे

लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री, फिल्म स्टार, राजनीतिक कार्यकर्ता और उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश सहित 280 ऐसे विजेता हैं जो पहली बार संसद के निचले सदन के सदस्य होंगे।

उत्तर प्रदेश लोकसभा के लिए सबसे अधिक 80 सदस्य को चुनकर भेजता है और 18वीं लोकसभा के लिए राज्य से चुने गए 45 सदस्य ऐसे हैं जो पहली बार संसद के निचले सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इनमें टेलीविजन धारावाहिक रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल (मेरठ), चर्चित अमेठी सीट से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हराने वाले कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा, नगीना सीट से निर्वाचित दलित अधिकार कार्यकर्ता एवं आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद शामिल हैं। महाराष्ट्र से 33 लोकसभा सदस्य पहली बार चुनकर आए हैं, जिनमें स्कूल शिक्षक भास्कर भागरे भी शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने डिंडोरी की आदिवासी सीट से मैदान में उतारा था। भागरे ने भाजपा नेता भारती पवार को हराया। महाराष्ट्र से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों में मुंबई उत्तर से भाजपा के पीयूष गोयल, अमरावती से कांग्रेस नेता बलवंत वानखेड़े, अकोला से पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय धोत्रे के पुत्र एवं भाजपा नेता अनूप धोत्रे अकोला और सांगली से निर्दलीय सदस्य विशाल पाटिल शामिल हैं। पहली बार लोकसभा पहुंचने वाले पूर्व मुख्यमंत्रियों में नारायण राणे (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, महाराष्ट्र), त्रिवेंद्र सिंह रावत (हरिद्वार, उत्तराखंड), मनोहर लाल (करनाल, हरियाणा), बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा पश्चिम, त्रिपुरा), जीतन राम मांझी (गया, बिहार), बसवराज बोम्मई (हावेरी, कर्नाटक), जगदीश शेट्टार (बेलगाम, कर्नाटक), चरणजीत सिंह चन्नी (जालंधर, पंजाब) शामिल हैं।

## दिनेश सिंह ने कांग्रेस पर कसा तंज बोले-सपा के दम पर मिली जीत

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव निर्णय आने के बाद रायबरेली में कांग्रेस के राहुल गांधी ने भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को काफी बड़े अंतराल से पटखनी देकर सांसद की कुर्सी में कब्जा कर लिया है। चुनाव हारने के बाद बुधवार को राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पत्रकार वार्ता की। पत्रकार वार्ता के दौरान राज्यमंत्री ने लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने का दावा किया और जनता का आभार व्यक्त किया।

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा मैं रायबरेलीवासियों का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। उत्तर प्रदेश में सीटें बढ़ने को लेकर कहा कि इंडिया गठबंधन की सीटें बढ़ने में कांग्रेस का कोई रोल नही है अगर मैं मानता हूं। इसमें सिर्फ और सिर्फ अखिलेश यादव का बहुत बड़ा रोल है। राज्यमंत्री ने कहा राहुल गांधी जो कुछ भी है समाजवादी पार्टी के दम पर है। मैं नही मानता कि मैं राहुल गांधी से चुनाव हारा हूं अगर राहुल गांधी के अंदर दम है तो रायबरेली में अकेले मुझसे चुनाव लड़ें और जीतकर दिखाएं।


प्रेसवार्ता को संबोधित करते राज्यमंत्री दिनेश सिंह। अमृत विचार

### एक साल जनता दर्शन नहीं करेंगे राज्यमंत्री

राज्यमंत्री ने कहा मैं एक साल छुट्टी पर रहूंगा। एक साल बाद मैं फिर से अपनी जनता के बीच आकर उनकी सेवा करूंगा और राहुल गांधी को सलाह देते हुए कहा वो सांसद के रूप में रायबरेली की जनता की सेवा करें।

## पंजाब में आठ में से दो दलबदलू जीते


**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब में पिछले कुछ महीनों में दल बदलने वाले आठ उम्मीदवारों में से केवल दो नेता ही लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर पाए। दल बदलने वाले जिन दो नेताओं ने जीत हासिल की है उनमें आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राज कुमार चब्बेवाल और कांग्रेस पार्टी के धर्मवीर गांधी शामिल हैं। विधानसभा में विपक्ष के उपनेता रहे चब्बेवाल इस साल मार्च में आप में शामिल हो गए थे। बाद में उन्हें होशियारपुर सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया। उन्होंने होशियारपुर सीट से कांग्रेस पार्टी की यामिनी गोमर को हराया। आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व सांसद गांधी अप्रैल में कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्होंने पटियाला निर्वाचन क्षेत्र से 'आप' के बलबीर सिंह को 14,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया। गांधी ने 2016 में आप छोड़ने के बाद अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी नवां पंजाब पार्टी बनाई थी, जिसका उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के बाद विलय कर दिया था। चुनाव में दूसरे स्थान पर रहने वाले दल-बदलू नेताओं में भाजपा के सुशील रिंकू, रवनीत सिंह बिट्टू और आप के गुरप्रीत सिंह जीपी शामिल रहे। इसके अलावा पंजाब के 13 सांसदों में से आठ ऐसे हैं, जो पहली बार सांसद चुने गए हैं। इनमें आप के मालविंदर सिंह कंग (आनंदपुर साहिब), राज कुमार चब्बेवाल (होशियारपुर), गुरमीत सिंह मीत हेयर (संगरूर), कांग्रेस पार्टी के सुखजिंदर सिंह रंधावा (गुरदासपुर), चरणजीत सिंह चन्नी (जालंधर), अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग (लुधियाना) और निर्दलीय सरबजीत सिंह खालसा (फरीदकोट) और अमृतपाल सिंह (खडूर साहिब) शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब से केवल एक ही महिला संसद पहुंच सकी।


## हरियाणा में भाजपा को पांच सीटों का नुकसान

**चंडीगढ़।** लोकसभा रिजल्ट में भाजपा को हरियाणा में झटका लगा है। 2019 के चुनाव में सभी 10 सीटें जीतने वाली बीजेपी को इस बार सिर्फ 5 ही सीटें मिलीं। भाजपा का लगातार दूसरी बार क्लीन स्वीप का सपना पूरा न हो सका। भाजपा को करनाल, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद, गुरुग्राम और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से जीत मिली। जबकि कांग्रेस ने अंबाला, सोनीपत, हिसार, सिरसा और रोहतक सीट पर जीत दर्ज की। रोहतक से कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा ने प्रदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

### जीत की शुभकामनाएं


टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।


तेदपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू का स्वागत करते सांसद श्रीकांत लता एकनाथ शिंदे।


शिवगंगा निर्वाचन क्षेत्र से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद कार्ति पी. चिदंबरम प्रमाणपत्र प्राप्त करते हुए।

**विजय की बधाई** | दुनिया भर के नेताओं ने लोकसभा चुनाव एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी शुभकामनाएं

## अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन बोले-भारत से दोस्ती और गहरी होगी

नयी दिल्ली/वाशिंगटन, एजेंसी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली जीत को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की समेत विश्व के 75 से अधिक नेताओं ने निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री सुनक ने मोदी से फोन पर अलग-अलग बातचीत की।


**अमेरिका :** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को उनकी जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई हो। पीएम मोदी और एनडीए के अलावा, बाइडन ने देश के 650 मिलियन मतदाताओं को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती और बढ़ रही है।


**सिंगापुर :** प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में राजग गठबंधन की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि वह अगले वर्ष दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारत के अपने समकक्ष के साथ मिलकर काम करने के आकांक्षी हैं।


**इटली :** प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा चुनाव में जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इटली और भारत की मित्रता को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे तथा विभिन्न मुद्दों पर सहयोग को और मजबूत करेंगे।


**मालदीव :** राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने संदेश में कहा कि वह मोदी के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। मुइज्जू ने एक्स पर कहा प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और भाजपा नीत राजग को 2024 के आम चुनाव में लगातार तीसरी बार सफलता मिलने पर बधाई। उन्होंने कहा कि साथ मिलकर काम करना चाहता हूं।


**ब्रिटेन।** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और उन्हें लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई दी। सुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टैक्स पर एक पोस्ट में कहा यूके और भारत के बीच सबसे गहरी मित्रता है और साथ मिलकर यह आगे भी बढ़ती रहेगी।


**यूक्रेन :** राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने भारत में दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों के सफलतापूर्वक संपन्न होने का स्वागत किया। उन्होंने कहा भारत के संसदीय चुनाव में लगातार तीसरी जीत पर मोदी, भाजपा और भाजपा नीत राजग को बधाई। मैं भारत के लोगों के लिए शांति और समृद्धि की कामना करता हूं।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**आगरा :** जिले में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, आगरा के कमलानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुगल रोड के पास एक नाले से युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान शाहगंज थाना क्षेत्र के शिवनगर निवासी रवि (30) के रूप में हुई है। वह दिल्ली गेट स्थित एक निजी अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में तैनात था।

### गोपनीय स्थानों के वीडियो अपलोड करने पर रिपोर्ट

**बरेली (कैंट), अमृत विचार :** कैंट थाना में सैन्य क्षेत्र के गोपनीय स्थानों के वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड करने पर पूर्व सैनिक के खिलाफ एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। जाट रेजिमेंट सेंटर के सूबेदार धर्मवीर सिंह ने बताया कि रविंदर फौजी पूर्व फौजी के नाम से संचालित यूट्यूब चैनल पर वीडियो अपलोड किए हैं। उसने अपने वीडियो में संवेदनशील सेवा मामलों के बारे में भ्रामक और विकृत जानकारी अपलोड की हैं। इसका उद्देश्य भारतीय सेना के सेवारत कर्मियों के खिलाफ माहौल को भड़काना है।

### मैजिक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**वाराणसी :** जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र के मुनारी गांव के पास बुधवार को मैजिक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं, पत्नी घायल हो गई। जौनपुर के नेवढ़िया गूढ़वन निवासी संदीप कुमार यादव (32) पत्नी सुमन यादव (30) के साथ ससुराल से बाइक से लौट रहे थे। मुनारी गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार मैजिक से टक्कर हो गई। घटनास्थल पर ही संदीप की मौत हो गई। सुमन घायल हो गई।

# देखते ही गोली मार दी जाएगी जैसी भाषा का प्रयोग उचित नहीं : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



▶▶ सैन्य संस्थान में घुसपैठ के आरोपी नेपाली नागरिक को जमानत पर किया रिहा

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भारतीय वायुसेना स्टेशन में घुसपैठ के आरोपी नेपाली नागरिक को जमानत पर रिहा करते हुए अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि सुरक्षा के उद्देश्य से सशस्त्र बलों के परिसर में अतिक्रमणकारियों को प्रवेश की अनुमति नहीं है, लेकिन देखते ही गोली मार दी जाएगी जैसी भाषा का इस्तेमाल कानून की दृष्टि में उचित नहीं है।

विशेषकर जब सशस्त्र बलों की स्थापना सार्वजनिक स्थान पर हो, जहां आमजनता विशेषकर बच्चे आते-जाते रहते हों। इस तरह के शब्दों का बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए केंद्र सरकार को इस तरह के शब्दों को लिखने में सावधानी बरतनी चाहिए। कोर्ट ने इस बात से सहमति जताई कि हर किसी को रक्षा परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन अतिक्रमणकारियों को गोली मार दी जाएगी और देखते ही गोली मार दी जाएगी जैसे संदेशों के बजाय हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने इस साल फरवरी में नशे की हालत में अवैध रूप से वायुसेना स्टेशन में प्रवेश कर गए नेपाली नागरिक एतबीर लिंबू को सशर्त जमानत देते हुए की।

याची के खिलाफ आईपीसी और शासकीय गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धाराओं के तहत थाना पुरामुफ्ती, प्रयागराज में मामला दर्ज कराया गया था। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आवेदक गरीब परिवार से है और नौकरी के उद्देश्य से भारत आया है।

घटना वाले दिन नशे की हालत में वह मनौरी वायुसेना स्टेशन में प्रवेश कर गया। हिंदी का ज्ञान न होने और पहचान पत्र खो जाने के कारण वहां तैनात सैनिकों को अपना ठीक से परिचय नहीं दे पाया। याची के अधिवक्ता ने आगे बताया कि परिसर में प्रवेश करने का उसका कोई गलत इरादा नहीं था। याची के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है, फिर भी सभी पहलुओं पर विचार किए बिना जांच अधिकारी ने याची के खिलाफ आरोप-पत्र जारी कर दिया। इस पर कोर्ट ने सरकार से रक्षा भूमि पर अवैध घुसपैठ, अतिक्रमण और अनाधिकृत पहुंच को रोकने के लिए उठाए गए उपाय की जानकारी मांगी थी, जिसके जवाब में वायुसेना ने अपने हलफनामे में कोर्ट को बताया कि पठानकोट एयरबेस और उरी आर्मी बेस पर आतंकवादी हमले के बाद रक्षा प्रतिष्ठानों/स्टेशनों की भौतिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं। अंत में कोर्ट ने गोली मारने जैसे शब्दों के स्थान पर कड़ी कार्यवाही जैसे वाक्य का प्रयोग करने का सुझाव दिया।



आगरा स्थित ताजमहल का बुधवार को दीदार करने पहुंचे सैलानी सूरज की तपिश से बचने के लिए छाता का प्रयोग करते नजर आए।

# किसान ने मांगी आत्महत्या की अनुमति

**मिलक (रामपुर), अमृत विचार:** भूमि विवाद के चलते किसान ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर आत्महत्या की अनुमति मांगी है। क्षेत्र के मोहम्मद नगर नानकार निवासी लालता प्रसाद गंगवार ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में लिखा है कि क्षेत्र के बिलासपुर रोड स्थित सिमरा मोड़ पर उनकी जमीन है। उसके विवाद से तंग आ चुका है और आत्महत्या करना चाहता है।

क्षेत्र के नरखेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी गाटा संख्या 127 में उसकी गाटा संख्या 124 व सरकारी जमीन की गाटा संख्या 125 में अवैध कब्जा कर दुकानों का निर्माण कर लिया है। जब भी वह निर्माण का विरोध करता है तो झगड़े पर आमादा हो जाता है। झूठे केस में फंसाने की धमकी देता है। शिकायत के बावजूद उसकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को भेजे पत्र में कहा है कि दो दिन में उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह जिलाधिकारी कार्यालय के सामने आत्महत्या कर लेगा।

# हत्या के प्रयास में सुनाई 10 वर्ष की सजा

**बुलन्दशहर :** जिले की एक अदालत ने हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को 10-10 वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक देवेंद्र सिंह माहौर ने बुधवार को बताया कि बुलंदशहर के कस्बा व थाना खुर्जा नगर स्थित मोहल्ला बुर्ज उस्मान ईदगाह रोड निवासी अभियुक्त इमरान उर्फशक्ति एवं वसीम ने 2017 में अपने ही मौहल्ले के रईस को चाकू मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में 26 मई 2017 को धारा 307/34/504/5 तथा धारा 4/25 आर्म एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने छह जुलायी 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया और जोरदार पैरवी की। सुनवाई के दौरान अभियुक्तों के विरुद्ध छह गवाह पेश किये गये। आज जागेशवर सिंह न्यायालय एडीजे-02 ने दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त इमरान उर्फ शक्तिमान व वसीम को 10-10 वर्ष का कारावास व 12-12 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# रूसी महिला से मारपीट के मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

भदोही, एजेंसी

▶▶ कंपनी के मालिक के कहने पर कर्मचारियों ने की थी महिला के साथ मारपीट

जिले में एक रूसी महिला से मारपीट के आरोप में कालीन निर्माता कंपनी के 10 कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. मीनाक्षी कात्यायन ने बुधवार को दर्ज शिकायत के हवाले से बताया कि रूस के मास्को की रहने वाली एन्ना स्टेओर (30) के साथ मंगलवार को एक कालीन निर्माता कंपनी के कर्मचारियों ने मारपीट की थी। उन्होंने बताया कि इस दौरान महिला के हाथ की एक उंगली भी टूट गई। शिकायत पर 10 अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। बताया कि एन्ना ने जनवरी 2024 में कोरियर से एक 'कलर बॉक्स' (कार्पेट में बुनाई के लिए रंगों से मिलान कर उसके इस्तेमाल से ऊन को रंगने में प्रयोग किया जाने वाला उपकरण) शहर कोतवाली में स्थित 'आर्टेक्स कंपनी' के मालिक अहसान अंसारी को भेजा था। उन्होंने बताया कि रूसी महिला ने कलर बॉक्स को बाद में वापस करने या भारत में उसके एजेंट को देने के लिए कहा था। अधिकारी के मुताबिक, महिला ने आरोप लगाया कि अंसारी ने न तो कलर बॉक्स वापस किया और न उसके भारतीय एजेंट को वापस दिया।

अधिकारी ने बताया कि अहसान अंसारी एन्ना को ब्लैकमेल करने लगा तो इसके बाद वह खुद भारत आकर चार जून को कंपनी में पहुंची और जब वह कलर बॉक्स लेकर कार में बैठ रही थी कि तभी अंसारी के कहने पर कंपनी के 10 कर्मचारियों ने उसके साथ कथित रूप से मारपीट की और उसके हाथ की उंगली तोड़ दी। उन्होंने बताया कि महिला ने पुलिस को सूचना दी और कोतवाली थाने में शिकायत के साथ-साथ पूरी घटना का वीडियो भी पुलिस को दिया। कात्यायन ने बताया इस मामले में अहसान अंसारी की कंपनी के दस अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 147 (दंगा), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 352 (उकसा कर हमला करना) के तहत मुकदमा दर्ज कर उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी में हुई इस घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है फिलहाल महिला मास्को रवाना हो गई है।

# आज लगाएंगे पौधे तो कल वृक्ष बनकर देंगे छांव

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अमृत विचार कार्यालय में पौधा रोपते वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार।

▶▶ अमृत विचार की पौधा वितरण मुहिम में वन मंत्री हुए शामिल

**अमृत विचार :** वातावरण में तेजी से बदलाव हो रहा है, रिकॉर्ड तोड़ गर्मी इसका उदाहरण है। पर्यावरण संरक्षित रहेगा, तभी धरती पर मानव का अस्तित्व बना रहेगा। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर अमृत विचार के बरेली स्थित कार्यालय और गांधी उद्यान पर बुधवार को पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार शामिल हुए।

उन्होंने कार्यालय पर लोगों को पौधों का वितरण किया। साथ ही पौधा रोपकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज आप पौधा लगाएंगे तो कल यही वृक्ष बनकर छांव देंगे। इस दौरान अमृत विचार बरेली के संपादकीय प्रभारी नवीन गुप्ता, डीजीएम अनिरुद्ध त्यागी, विपणन प्रबंधक आशीष शर्मा, सिटी प्रभारी विश्वदीपक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री को दी बधाई

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन की बधाई दी है। इसके अलावा केंद्र में दोबारा एनडीए में विश्वास जताने के लिए जनता का उन्होंने आभार भी व्यक्त किया।

# हत्या के दोषी तीन सगे भाइयों समेत पांच को उम्रकैद

बलिया, एजेंसी

▶▶ वर्ष 2020 में बलिया में दिया था घटना को अंजाम

जिले की एक अदालत ने हत्या के चार वर्ष पुराने एक मामले में बुधवार को तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है।

पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बताया कि हल्दी थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव में सात सितम्बर 2020 को शिव जी यादव नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उनके अनुसार घटना के समय शिव अपनी पत्नी के साथ दवा लेने के लिए जा रहा था। उन्होंने बताया कि इस मामले में शिव जी की पत्नी राज मुनी देवी की तहरीर पर तीन सगे भाइयों, लाल जी यादव, छागुर यादव और सरल यादव के साथ-साथ अजय यादव और उसके पिता छोटक यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। वर्मा ने बताया कि विशेष न्यायाधीश/अपर सत्र न्यायाधीश नीलम ढाका ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सभी पांच आरोपियों को हत्या का दोषी करार देते हुए उन्हें उम्रकैद की सजा सुनायी और उनपर 22-22 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# डॉक्टर की जगह ड्राइवर कर रहा बच्चों का इलाज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



▶▶ बच्चों के परिजन ने किया हंगामा तो ओपीडी से भागा ड्राइवर

▶▶ डॉक्टर का एप्रन पहन ओपीडी में बीमार बच्चों को लिख रहा था दवाएं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ की जगह उनका ड्राइवर एप्रन पहनकर बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा था। मरीजों ने हंगामा किया जिसके बाद उक्त ड्राइवर अस्पताल से भाग गया।

बुधवार को जिला महिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी पांच में उनका ड्राइवर एप्रन पहन कर पहुंच गया। ओपीडी में बीमार बच्चों लेकर आए परिजन डॉक्टर का इंतजार कर रहे थे। ड्राइवर डॉक्टर की कुर्सी पर बैठ गया और बच्चों को देखने लगा। कुछ बच्चों को वह देख चुका था। अस्पताल के अन्य स्टाफ को इसकी भनक लगी तो एक-दूसरे को बताने लगे। इसी बीच बच्चों के परिजनों को भी पता चल गया कि यह ड्राइवर है, तो परिजनों ने हंगामा कर दिया।

अस्पताल स्टाफ भी इकटठा हो गया। हंगामा होता देख ड्राइवर वहां से भाग गया। परिजनों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हमारे बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस मामले में कार्यवाही की जानी चाहिए।

> ओपीडी में कोई ड्राइवर बच्चों को देख रहा था इसकी जानकारी नहीं है। किसी ने बताया भी नहीं। अब उक्त चिकित्सक से पता किया जाएगा कि ड्राइवर को ओपीडी में बैठने की इजाजत किसने दी। जांच कराने के बाद उक्त बाल रोग विशेषज्ञ और उनके ड्राइवर पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> -डा. इंदु कांत वर्मा, सीएमएस

### 15 को बंद हो जाएगा पीलीभीत टाइगर रिजर्व

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पीटीआर का पर्यटन सत्र समाप्त होने में मात्र 10 दिन का समय शेष बचा है। छह माह तक चलने वाला पर्यटन सत्र 15 जून का समाप्त हो जाएगा। बाघों की बढ़ती तादाद और खूबसूरती के दम पर विश्व पटल पर अपनी पहचान बना चुके पीटीआर में इस बार सैलानियों की आमद ने पिछले सभी पर्यटन सत्रों के रिकॉर्ड तोड़ डाले। वहीं विदेशी धरती से आए सैलानियों ने भी इस बार पीटीआर में बाघों के खूब दीदार किए। सैलानियों की बढ़ती आमद से पीटीआर प्रशासन गद्गद् है।

## वर्ग पहेली-92

**बाएं से दाएं**

1.1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।

2.1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।

4.1. वह राजकीय अधिकारी जिसे फ़ौजदारी या आपराधिक अभियोगों को सुनने और विचार करने तथा अपराधियों को दंड देने का अधिकार होता है 2. न्यायाधीश, (मजिस्ट्रेट)।

6. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।


7.1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**

2. जिसका संस्कार हुआ हो।

3. गुंडागर्दी, गुंडाराज।

5. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।



### वर्ग पहेली -91 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | दी | खा | ■ | 2 नि | ■ | ■ |
| थि | ■ | ■ | 3 पै | शा | चि | 4 क |
| मा | ■ | ■ | ■ | च | ■ | च |
| 5 स | रे | बा | ज़ा | र | ■ | पें |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दि |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 6 प | नि | या |
| 7 सं | सू | च | क | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | | 4 | | | 3 |
| | 6 | 7 | | | 8 | 4 | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | 5 | | 7 |
| 5 | | | | | | | 4 | |
| | | 1 | | | | 9 | | |
| | 8 | | | | | | | 6 |
| 7 | | 4 | | 5 | | | | 8 |
| | 3 | 9 | 6 | | | 1 | 7 | |
| 1 | | | 3 | | | 2 | 9 | |

### सुडोकू -4 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 4 | 5 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 18.07 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 20.16 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** — आज धन को लेकर संतुष्ट रहेंगे। परिजनों का सहयोग और प्रेम प्राप्त होगा। अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करेंगे। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहने वाली है।

**वृष** — आज विवादित मामलों का समाधान आपको मिल सकता है। यदि नया घर ढूंढना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिलेगी। नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपका मानसिक तनाव दूर होगा। कुछ अच्छी खबर के मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** — आज किसी को भी उधार देने से आपको बचना चाहिए। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दूसरों पर ज्यादा निर्भर होना उचित नहीं है। अनावश्यक कार्यों में धन खर्च होगा।

**कर्क** — आज प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने की विचार बनाएंगे। कार्ययोजना में बदलाव करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप कुछ मनोकामनाओं के पूर्ण होने से बेहद प्रसन्न रहेंगे। नव विवाहित जोड़े कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं।

**सिंह** — आज नौकरी में आपकी सुविधाएं बढ़ सकती है। आप भोग-विलास को काफी महत्व देंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रबंधन कार्य से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में लगे रहेंगे।

**कन्या** — आज गुरुओं का मार्गदर्शन लेने से आपको लाभ होगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। आप कुछ परेशान हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाई होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

**तुला** — आज अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। किसी से कोई वादा करना उचित नहीं होगा। धार्मिक विषयों को लेकर गंभीर रहेंगे। आप काफी प्रसन्न हो सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। विवादित मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें।

**वृश्चिक** — आज यदि आप अपने अधिकारियों से संबंध मजबूत करना चाहते हैं तो दिन उसके लिए अनुकूल है। कार्यक्षेत्र में मित्रों का सहयोग मिलेगा। नई जानकारियों को लेकर आप काफी उत्सुक रहेंगे। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ेगा।

**धनु** — आज शत्रुओं के साथ समझौता करने के अवसर मिल सकते हैं। कृषि कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। आपको किसी मित्र की मदद करने का अवसर मिलेगा। आपकी बातों से लोग नाराज हो सकते हैं। धन अनावश्यक कार्यों में खर्च होगा।

**मकर** — आज यदि आपको किसी तरह की पाचन समस्या है तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बच्चे अपने माता-पिता के साथ चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबारी अपने एकाउंट्स आदि को लेकर कुछ सावधान रहें। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा।

**कुंभ** — आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव रहेगा। गूढ़ विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं। अपने घर की साज-सज्जा में आप काफी रुचि ले सकते हैं।

**मीन** — आज लोग आपसे अपनी बातें शेयर करना पसंद करेंगे। युवा प्रेमियों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसाय में उत्तम लाभ के अवसर मिलेंगे। यदि आप सोशल मीडिया में काफी सक्रियता रखते हैं तो आपको इसके माध्यम से काफी लाभ हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
धड़कन — दोपहर : 12.00
भीष्मा — रात : 09.00

&pictures
बादल — सुबह : 10.30
नाम शबाना — रात : 07.00

Sony Pix
द वॉटर हार्स — सुबह : 11.10
द डॉर्क नाइट — रात : 09.00

Zee Cinema
यह तो कमाल हो गया — सुबह : 11.20
लगान — शाम : 06.00

Colors Cineplex
रघुवीर — सुबह : 09.21
साजन — शाम : 06.39

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी - खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होतीं।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।



## यूपी की जमीनी हकीकत भांप नहीं पाई पार्टी तो बंगाल में मतदाता का मिजाज समझने में फिर कर बैठी चूक

# यूपी, बंगाल, महाराष्ट्र और राजस्थान ने कर दिया भाजपा की उम्मीदों का बंटाधार

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में सपा मुखिया अखिलेश यादव की अगुवाई में इंडिया गठबंधन तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को लोकसभा चुनाव में बहुमत के आंकड़े से रोक दिया। इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम भाजपा के लिए हैरत भरे रहे। यूपी में जहां भाजपा जमीनी हकीकत नहीं भांप पाई तो बंगाल में ममता के जादू की काट खोजने में एक बार फिर विफल रही। इन दो राज्यों के बाद महाराष्ट्र और राजस्थान में मिला झटका भाजपा के सामने तमाम सवाल छोड़ गया है।

भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को प्रदेश में 64 सीटों पर जीत मिली थी। इनमें 62 सीटें भाजपा के खाते में आई थीं। इस बार एनडीए को 36 सीटें मिली हैं, जिनमें भाजपा की संख्या 33 है। इस तरह प्रदेश में भाजपा की सीटें लगभग आधी रह गई हैं। इसके मुकाबले इस बार सपा का वोट शेयर 18 फीसदी से बढ़कर 33.5 फीसदी पर पहुंच गया। उसने प्रदेश में अब तक की सबसे ज्यादा 37 सीटें हासिल कर लीं। यूपी में इंडिया गठबंधन के पास 43 फीसदी वोट शेयर होने से एनडीए जिसके पास भी लगभग इतना ही वोट शेयर था, के साथ कांटे की टक्कर रही। पिछली बार 2019 के चुनाव सपा-बसपा गठबंधन का वोट शेयर 37.3 फीसदी था, जो एनडीए के लगभग 50 प्रतिशत से काफी पीछे था। इंडिया गठबंधन के वोट शेयर में बड़ा उछाल आने का कारण प्रत्याशियों का चयन और युवाओं की नाराजगी माना जा रहा है।

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव और टीएमसी अध्यक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झटका देकर रोक दी बहुमत के आंकड़े की राह**

### उत्तर प्रदेश के आंकड़े

एनडीए : 2019

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| भाजपा | 62 | 49.97 |
| अपना दल | 02 | 1.21 |

एनडीए : 2024


| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| भाजपा | 33 | 41.37 |
| अपना दल | 01 | 0.92 |

### सपा-बसपा : 2019

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| सपा | 05 | 18.11 |
| बसपा | 10 | 19.42 |
| रालोद | 00 | 1.6 |

### इंडिया गठबंधन : 2024

| दल | सीट | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|
| सपा | 37 | 33.59 |
| कांग्रेस | 06 | 9.46 |



### पश्चिम बंगाल में भाजपा के वोट 2 प्रतिशत घटे, टीएमसी के इतने ही बढ़े

- 42 सीटों वाले पश्चिम बंगाल में साल 2019 में 18 सीटें जीतने वाली भाजपा को इस बार 12 सीटों से संतोष करना पड़ा। टीएमसी को 29 सीटों पर जीत मिली। एक सीट कांग्रेस ने जीती। पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया था, भाजपा नेताओं ने 25 से ज्यादा सीटें जीतने की हुंकार भरी थी। इसके लिए संदेशखाली और भ्रष्टाचार के मुद्दे को भाजपा ने पूरे चुनावी अभियान में सबसे बड़ा मुद्दा बनाया। लेकिन परिणामों में यह रणनीति धराशायी नजर आई। संदेशखाली में आने वाली बशीरहाट की सीट टीएमसी ने भारी अंतर से जीत ला। राज्य में मोदी फैक्टर से बड़ा निकला ममता बनर्जी फैक्टर। टीएमसी की भारी सफलता के पीछे महिला और मुस्लिम वोटर ने बड़ा रोल निभाया। राज्य में टीएमसी का मत प्रतिशत इस बार 45.77 रहा, जो 2019 में प्राप्त 43.7 प्रतिशत वोटों से दो फीसदी अधिक है। इसी के चलते पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों की तुलना में सात सीटें और जीत लीं। इससे पहले 2019 के चुनाव में भी टीएमसी का वोट प्रतिशत 4.64 बढ़ा था, तब भाजपा ने 18 सीटें जीती थीं और उसके वोट में 22.2 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गयी थी। लेकिन इस बार भाजपा के मत प्रतिशत में दो फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। भाजपा को इस बार 38.73 प्रतिशत वोट मिले हैं जबकि 2019 में पार्टी को 40.6 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके चलते भाजपा को छह सीटों का नुकसान उठाना पड़ा।

- महिलाएं और मुस्लिम मतदाता बने टीएमसी की बड़ी जीत के आधार, संदेशखाली और भ्रष्टाचार का मुद्दा रहा बेअसर



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।



सचिन पायलट : काम आई रणनीति।

### राजस्थान में हैट्रिक से चूकी भाजपा, 9.16% वोट गंवाए

राजस्थान में जहां पिछली बार एनडीए ने सभी 25 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा को 24 सीटें मिली थीं। एक सीट आरएलपी के खाते में गई थी। लेकिन इस बार भाजपा को राज्य में 14 सीटों पर ही जीत मिली है। इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन के खाते में 11 सीटें चली गईं, जिनमें 8 सीटें कांग्रेस की हैं। कांग्रेस का दस साल बाद राज्य में खाता खुला, पिछले दो चुनाव से भाजपा राजस्थान में क्लीन स्वीप कर रही थी। इस बार | कांग्रेस ने सचिन पायलट को आगे करके प्रत्याशी चयन में जाट, गूर्जर और मीणा वोट बैंक को अपनी तरफ मोड़ने का प्रयास किया था। छह माह पहले विधान सभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाली भाजपा का राज्य में वोट शेयर 9.16 प्रतिशत गिर गया, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 8.22 प्रतिशत बढ़ गया। 2019 के चुनाव में भाजपा ने राज्य में 60 फीसदी वोट हासिल किए थे।



दिल्ली में आयोजित एनडीए की बैठक में शामिल होने पहुंचे एलजेपी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने पूर्व गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।



इंडिया गठबंधन की दिल्ली में आयोजित बैठक में शामिल होने पहुंचे राजद नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने साथी नेताओं का अभिवादन किया।

# वोट शेयर और सीटों के खेल में भाजपा कई राज्यों में हो गई फेल

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** तमिलनाडु में भाजपा का वोट शेयर 2019 के चुनाव में 3.6 प्रतिशत था, जो इस बार बढ़कर इस बार 11.2 प्रतिशत पर पहुंच गया, लेकिन इससे उसकी सीटों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ। पार्टी खाता तक नहीं खोल पाई। इसी तरह पंजाब में भाजपा का पिछली बार वोट शेयर 9.6 फीसदी से बढ़कर इस बार के चुनाव में 18.6 प्रतिशत हो गया, लेकिन किसी दल से गठबंधन नहीं होने की वजह से यह आंकड़ा सीट जीतने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस कारण भाजपा को 2019 में जीती गई अपनी दो सीटें भी गंवानी पड़ीं। बिहार में भाजपा का वोट प्रतिशत पिछली बार के 23.6 प्रतिशत के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत गिरकर 20.5 पर पहुंच गया। इस वजह से उसे 5 सीटें गंवानी पड़ गईं, जबकि पश्चिम बंगाल में महज 1.6 प्रतिशत की गिरावट की वजह से उसकी छह सीटें कम हो गईं। वोट प्रतिशत और सीटों के आंकड़े में सबसे ज्यादा उलझाव महाराष्ट्र में नजर आया। यहां भाजपा की हिस्सेदारी पिछली बार के 27.6 प्रतिशत से सिर्फ 1.4 प्रतिशत गिरकर 26.2 प्रतिशत पर पहुंचने से भाजपा को पिछली बार की आधी से भी कम सीटें ही मिल सकीं।

- तमिलनाडु में 11.2 प्रतिशत वोट पाकर भी खाता नहीं खुला, महाराष्ट्र में डेढ़ फीसदी वोट कम होने से 14 सीटों से पड़ गया हाथ धोना
- पंजाब में 2019 से दोगुने वोट पाकर भी गठबंधन नहीं होने के कारण पार्टी रह गई खाली हाथ, पिछली बार की दो सीटें भी गंवाई

**कर्नाटक में 0.63 % वोट कम रहने से कांग्रेस ने गंवाई 8 सीटें**

भाजपा – 46.06 – 17 सीट

कांग्रेस – 45.43 – 09 सीट

**हरियाणा में 2.44 वोट का अंतर पर सीटें मिलीं बराबर**

भाजपा – 46.11 – 05 सीट

कांग्रेस – 43.67 – 05 सीट

**राजस्थान में 11.33 वोट कम पाकर कांग्रेस ने झटक लीं 8 सीटें**

भाजपा – 49.24 – 14 सीट

कांग्रेस – 37.91 – 08 सीट

# शिवसेना और एनसीपी में टूट की कीमत भाजपा ने चुकाई


48 लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी दो टुकड़ों में बंट गई थी। शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद गुट) इंडिया गठबंधन के साथ था तो शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित गुट) एनडीए के साथ खड़ा था। बहुकोणीय मुकाबले में भाजपा को उम्मीद थी कि वह अपने साथियों के साथ राज्य में धमाकेदार सफलता हासिल कर लेगी। भाजपा को महाराष्ट्र में पिछली बार 23 सीटें मिली थीं, मगर इस बार बदले राजनीतिक हालात में उसे 9 सीटें ही मिल सकीं। उत्तर प्रदेश और बंगाल के बाद भाजपा को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में ही लगा। यहां भाजपा 9 सीटें तो उसके सहयोगी दल शिवसेना (शिंदे गुट) ने 7 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- अजित ने एक सीट जीती। इसके मुकाबले कांग्रेस ने 13 सीटें और उसके साथ गठबंधन में शामिल शिवसेना उद्धव गुट ने 9 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार ने 8 सीटें जीत लीं। इससे राज्य में एनडीए की सीटों की संख्या 17 के सामने इंडिया गठबंधन की सीटों की संख्या 30 पहुंच गई। 2019 में महाराष्ट्र में भाजपा ने अपने दम पर 23 सीटें जीती थीं।

यहां मतदाताओं को 2022 में शिवसेना और 2023 में एनसीपी का अलग-अलग होना रास नहीं आया। इसके साथ ही शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण के लिए मराठा आंदोलन ने भी नतीजों को प्रभावित किया।



इंडिया गठबंधन को मिली जीत के बाद पत्रकारों को संबोधित करते शिवसेना उद्धव गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला और गठबंधन की जीत पर खुशी जताई।

- असली-नकली के फेर में फंसे मतदाता दोनों गठबंधनों की तरफ बंटे, मराठा आंदोलन भी लगा गया चपत



कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेंगलुरू में किया स्वागत।

# बसपा की हुई बुरी गत, पार्टी इस बार चारों खाने चित

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** बसपा इस बार चुनाव में अकेले दम पर उतरी थी। लेकिन पार्टी सुप्रीमो मायावती का यह फैसला आत्मघाती साबित हुआ। साल 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद 2024 में भी बसपा का खाता नहीं खुल पाया। पार्टी के लिए परिणाम विधानसभा चुनाव से भी बदतर रहे। 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा को फिर भी एक सीट मिल गयी थी, लेकिन लोकसभा चुनाव में कोई सीट तो दूर किसी भी लोकसभा क्षेत्र में पार्टी दूसरे नंबर पर नहीं आ सकी। प्रदेश में वोट शेयर भी 10 प्रतिशत से नीचे चला गया।

इंडिया और एनडीए दोनों गठबंधनों से दूरी बनाकर अकेले चुनाव मैदान में उतरना बसपा को बहुत भारी पड़ा। पार्टी अपने सबसे खराब दौर में पहुंच गई है। पिछले चुनाव में सपा से गठबंधन करके 10 लोकसभा सीट जीतने वाली पार्टी ने अपनी सारी साख गंवा दी। यहां तक कि बसपा का ग्राफ वर्ष 1989 से भी नीचे चला गया, जब वह पहला चुनाव लड़ी थी। 1989 में बसपा ने 9.90 फीसदी वोटों के साथ लोकसभा की दो सीटें जीती थीं। इस चुनाव में बसपा का वोट प्रतिशत गिरकर 9.14% रह गया है।

### लोकसभा चुनाव में सीटें

| चुनाव | सीटें |
|---|---|
| 1996 | 06 |
| 1998 | 04 |
| 1999 | 14 |
| 2004 | 10 |
| 2009 | 20 |
| 2014 | 00 |
| 2019 | 10 |
| 2024 | 00 |

### आजाद बन पाएंगे नया दलित चेहरा?

इस बार बसपा के मूल जाटव वोटरों में भी टूट हो गई। वे भाजपा की ओर गए, लेकिन बड़ा हिस्सा सपा और कांग्रेस के खाते में गया। जाटवों के टूटने से अन्य दलित जातियों ने भी बसपा से मुंह मोड़ लिया। नगीना में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद 5 लाख से ज्यादा वोट पाकर जीते। साफ है कि दलित वोटरों ने बसपा का साथ छोड़कर आजाद को वोट दिया है।


### आकाश आनंद को हटाने के बाद बिगड़ गया खेल

लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों के लिए नेशनल कोआर्डिनेटर बनाए गए आकाश आनंद ने प्रचार किया। इन तीन चरणों में प्रदेश 26 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुआ। इनमें 19 सीटों पर बसपा प्रत्याशियों को 50 हजार से अधिक और 6 सीटों पर एक लाख से ज्यादा वोट मिले। लेकिन आकाश आनंद को चुनावी अभियान से हटाए जाने के बाद चार चरणों में 64 सीटों पर मतदान हुआ। इनमें बसपा 25 सीटों पर 50 हजार से ज्यादा और 11 सीटों पर ही एक लाख से अधिक वोट पा सकी। इससे लगता है कि बसपा के वोट बैंक ने आकाश आनंद को हटाए जाने के फैसले का समर्थन नहीं किया और दूसरे दल का रास्ता पकड़ लिया।



- सुप्रीमो मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला पार्टी को ले डूबा
- सीट जीतना तो दूर किसी भी लोकसभा क्षेत्र में पार्टी दूसरे नंबर पर नहीं आ सकी

### लोकसभा चुनाव में वोट शेयर




### हाथ से फिसल गए इस बार कोर वोटर जाटव

- बसपा की इतनी बुरी हालत उसके कोर वोटर जाटव समाज के खिसकने से हुई। दलित आबादी में करीब 55 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला जाटव समाज इसबार उसके हाथ से फिसल गया। संविधान और आरक्षण बचाने के नाम पर इस चुनाव में अधिकतर सीटों पर जाटव वोट बैंक का कहीं आधा तो कहीं तिहाई हिस्सा बसपा से छिटक कर सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ चला गया। इससे पहले 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने सीट भले एक जीती थी, लेकिन वोट शेयर 12.9 फीसदी के साथ जाटव वोट बैंक बचाने में सफल रही थी। इस अंकड़े को इस बात से बल मिलता है कि प्रदेश में दलितों की आबादी 21 फीसदी से कुछ अधिक है, जिसमें जाटव वोट बैंक करीब 13 फीसदी है।
- पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़कर भाजपा के बाद बसपा प्रदेश में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी थी। लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में अकेले उतरी पार्टी के दयनीय प्रदर्शन से तय हो गया था कि बसपा अब भाजपा और सपा से काफी पीछे चली गयी है। इसके बावजूद मायावती को लग रहा था कि लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरणों की इंजीनियरिंग के सहारे वह कम से कम 30 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष बनाकर कुछ सीटें जीतकर अपना आधार मजबूत कर लेंगी। लेकिन इसके विपरीत 80 फीसदी लोकसभा सीटों पर भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीधा मुकाबला होने से बसपा की चुनौती मतदाताओं ने नजरअंदाज कर दी।

### आरक्षण के मुद्दे पर चुप्पी बन गई आत्मघाती

- कांग्रेस और सपा जहां चुनाव अभियान में जोर शोर से यह प्रचार करने में लगी थीं कि भाजपा 400 पार इसलिए चाहती है, ताकि संविधान को बदला और आरक्षण को खत्म किया जा सके। लेकिन आरक्षण और संविधान के मुद्दे पर सबसे आगे रहने वाली बसपा ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी। इससे दलित वोट बैंक में यह संदेश गया कि शायद मायावती अब बहुजन आंदोलन से दूर हो गयी हैं।

### 10 साल में 10 फीसदी घट गया वोट प्रतिशत

- लोकसभा चुनाव 2014 में बसपा खाता नहीं खोल पाई थी। लेकिन उसका वोट शेयर 19.77 फीसदी था। मोदी लहर में प्रदेश की 80 में 73 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी। सपा 5 और कांग्रेस 2 सीटों पर जीती थी। बसपा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीटें जीती थीं और उसे 22.23 फीसदी वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव 2019 में बसपा ने सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा। बसपा को 19.43 फीसदी वोटों के साथ 10 सीटों पर जीत मिली थी। इसके बाद विधानसभा चुनाव 2022 में बसपा केवल एक सीट पर जीत दर्ज कर पाई थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |

**चावल (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |

**दाल दलहन**

| | |
|---|---|
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |

**तेल तिलहन**

| | |
|---|---|
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 5 माह के निचले स्तर पर

## एचएसबीसी इंडिया के मुताबिक कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कड़ी प्रतिस्पर्धा, मूल्य दबाव और भीषण गर्मी के कारण मई में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर आ गई। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से नए ठेकों में एक दशक में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया जो पिछले साल दिसंबर के बाद से सबसे निचला स्तर है। अप्रैल में यह 60.8 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। मई के आंकड़ों से सामने आया कि नए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि ने भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन वृद्धि को बल देना जारी रखा है। सर्वेक्षण के अनुसार, एक और सकारात्मक बात यह रही कि कारोबारी विश्वास में आठ महीनों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। बिक्री में बढ़ोतरी, उत्पादकता में तेजी और मांग में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिला। हालांकि प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबावों के कारण वृद्धि में कुछ बाधा भी आई। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-मई में भारत की सेवा गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, घरेलू नए ठेकों में थोड़ी कमी आई लेकिन वे मजबूत बने रहे। यह मजबूत मांग को दर्शाता है। उन्होंने कहा-कीमतों की बात करें तो मई में कच्चे माल तथा श्रम की लागत में वृद्धि के कारण लागत दबाव बढ़ गया। कंपनियां मूल्य वृद्धि का केवल एक हिस्सा ही ग्राहकों तक पहुंचाने में सक्षम रहीं। मई में जिस क्षेत्र में पर्याप्त सुधार हुआ, वह नए निर्यात ठेके थे...जिसमें वृद्धि सितंबर 2014 में श्रृंखला की शुरुआत के बाद से सबसे तेज रही।

### मांग बढ़ने से कार्यालय की भर्तियों में आया सुधार



**मुंबई।** तेल एवं गैस, बैंकिंग और रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्यालयों में बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में लगातार सुधार होरहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल जैसे क्षेत्रों में अप्रैल की तुलना में मई में नियुक्तियों में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। कार्यालय में बैठकर काम करने वाले पदों पर भर्तियां हालांकि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में दो प्रतिशत कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईटी (शून्य प्रतिशत वार्षिक), बीपीओ (तीन प्रतिशत) और शिक्षा (पांच प्रतिशत) में भर्ती में गिरावट ने समग्र नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक को नीचे कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया, तेल एवं गैस (14 प्रतिशत), बैंकिंग (12 प्रतिशत) और एफएमसीजी (17 प्रतिशत) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल क्षेत्र में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दर पर कल आएगा निर्णय

**मुंबई।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 3 दिन की द्विमासिक मासिक बुधवार को शुरू हुई। माना जा रहा है कि एमपीसी प्रमुख ब्याज दर रेपो को यथावत रखेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की घोषणा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर (रेपो) में कटौती की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। फरवरी, 2023 से रेपो दर 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। अर्थव्यवस्था में तेजी के बीच माना जा रहा है कि एमपीसी ब्याज दरों में कटौती से बचेगी। केंद्रीय बैंक ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था और तब से उसने लगातार सात बार इसे यथावत रखा है।

# सेबी ने सीधे ग्राहकों के खातों में प्रतिभूति भुगतान को किया अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए उठाया गया कदम

बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को ग्राहकों के खाते में प्रतिभूतियों के सीधे भुगतान की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया। परिचालन दक्षता बढ़ाने और ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह 14 अक्टूबर से प्रभावी होगा। वर्तमान में, समाशोधन निगम प्रतिभूतियों के भुगतान को ब्रोकर के खाते में जमा करता है। उसके बाद इसे संबंधित ग्राहक के डीमैट खातों में जमा किया जाता है। सेबी ने शेयर बाजारों, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद फैसला किया है, भुगतान के लिए प्रतिभूतियां समाशोधन निगम सीधे संबंधित ग्राहक के डीमैट खाते में जमा करेगा। इसके अलावा, समाशोधन निगमों को मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा के तहत बिना भुगतान वाली प्रतिभूतियों और वित्तपोषित शेयरों की पहचान करने के लिए कारोबारी सदस्य या समाशोधन सदस्यों (सीएम) के लिए एक व्यवस्था प्रदान करनी चाहिए। सेबी ने सुझाव दिया है कि 'पोजिशन' के स्तर पर अगर कोई कमी रहती है तो कारोबारी सदस्य या समाशोधन सदस्यों को नीलामी की प्रक्रिया के माध्यम से इसका निपटान करना चाहिए। इसके अलावा, ऐसे मामलों में ब्रोकर को समाशोधन निगम की तरफ से लगाए गए शुल्क के अलावा ग्राहक पर कोई शुल्क नहीं लगाना चाहिए।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,050-55,250 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

# शुल्क वापसी राशि सीधे निर्यातकों के बैंक खातों में भेज रहा सीबीआईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से होगा भुगतान

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बुधवार को कहा कि उसने सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) मंच के जरिए इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शुल्क वापसी की राशि सीधे निर्यातकों के बैंक खाते में भेजना शुरू कर दिया है।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि निर्यातकों के खातों में शुल्क वापसी राशि का भुगतान सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से स्वचालित रूप से किया जाएगा। यह कागज रहित सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में सीबीआईसी की एक और पहल है। इस नई सुविधा से शुल्क वापसी की राशि के भुगतान में कम समय लगेगा और पारदर्शिता भी बढ़ने की उम्मीद है। लेखा महानियंत्रक ने पीएफएमएस को तैयार और क्रियान्वित किया है। इसने सरकार के वित्तीय प्रशासन में व्यापक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएफएमएस का उपयोग प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के लिए भी किया जाता है।

## सोने की कीमत में 80 रुपये और चांदी में 1,200 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये की गिरावट के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये घटकर 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# राजग की जीत से नीतिगत स्थिरता का उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- मूडीज के अनुसार सीट घटने से धीमा पड़ सकता है सुधार




वैश्विक वित्तीय साख प्रमाणन एजेंसी मूडीज का कहना है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी सरकार बनने से देश की आर्थिक नीतियों में निरंतरता बनी रहने की उम्मीद है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन का बहुमत इस बार हल्का होने से सुधारों की गति पर असर पड़ सकता है।

मूडीज ने लोकसभा के मंगलवार को जारी नतीजों पर निवेशकों के लिए जारी एक सामान्य परचे में बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का बहुमत पहले से हल्का होने के दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों को लागू करने में देरी हो सकती है। नोट में कहा गया है कि सुधारों में देरी से राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने के सरकार की योजना की प्रगति बाधित हो सकती है। मूडीज ने इन परिणामों पर परचे में कहा है, हमें उम्मीद है कि खास तौर पर बुनियादी ढांचे पर खर्च और देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने पर बजटीय जोर के संबंध में लागू नीतियों की निरंतरता, मजबूत आर्थिक वृद्धि में सहायक होगी। वहीं मूडीज का यह भी सोचना है कि राजग की जीत का अपेक्षाकृत कम अंतर, साथ ही संसद में भाजपा को पूर्ण बहुमत से पीछे रह जाने से अधिक दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों की प्रगति में देरी हो सकती है जो राजकोषीय मजबूती की राह पर प्रगति में बाधाएं उत्पन्न कर सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की शक्ति के बारे में मूडीज का अनुमान है, भारत की आर्थिक शक्ति के बारे में हमारा आकलन है कि 2023-24 से 2025-26 के तीन साल के दौरान वास्तविक आर्थिक वृद्धि में लगभग सात प्रतिशत रह सकती है।



## एक नजर

### बच्चे का मिला शव शरीर पर कुत्ते के काटने के निशान

**हैदराबाद।** हैदराबाद में बुधवार को कचरे के ढेर के पास छह साल के एक बच्चे का शव मिला जिस पर कुत्ते के काटने के निशान थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि बच्चे की मौत के कारण का पता नहीं चला है और अभी यह नहीं कहा जा सकता कि बच्चे की मौत आवारा कुत्ते के हमले से हुई है। शव फूला हुआ है, जिसको देखकर संदेह होता है कि बच्चा कचरे के ढेर के पास बने जलाशय में गिर गया होगा। अधिकारी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कुत्ते ने बच्चे को कब काटा।

### जम्मू-कश्मीर के वन क्षेत्रों में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के दो वन क्षेत्रों में बुधवार को आग लग गई, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ के मेंढर इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भटादुरियन में आग लगी और यह आस-पास के इलाकों में फैल गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन, वन अधिकारी, सेना और स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के नौशेरा वन में भी आग लग गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने अग्निशमन अभियान शुरू किया।

### गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति झुलसा

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा शहर के इंद्रपुरी मोहल्ले में बुधवार को एक घर में गैस सिलेंडर के फटने से मालिक बुरी तरह से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी राजेंद्र कुमार ने एजेंसी से दो गैस सिलेंडर मंगवाये थे। बुधवार को एजेंसी का डिलीवरी ब्वॉय सिलेंडर देने पहुंचा। राजेंद्र कुमार दो सिलेंडर लेकर रसोई में गया और गैस चूल्हे में एक सिलेंडर की सील निकालकर उसे फिट करने लगा तो अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिससे राजेंद्र बुरी तरह से झुलस गया, उसे उपचार के लिये सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची थी।

# आप कार्यालय की जमीन पर 6 सप्ताह में फैसला ले केंद्र : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी को अन्य राजनीतिक दलों की तरह यहां पार्टी कार्यालय के लिए जगह लेने का अधिकार है। साथ ही उच्च न्यायालय ने केंद्र से इस मुद्दे पर 6 सप्ताह के भीतर फैसला लेने को कहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को दिल्ली में जनरल पूल (आवासीय आवंटन प्रणाली) से दिल्ली में लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई का अधिकार है और यह तब तक के लिए है जब तक उन्हें अपना दफ्तर बनाने के लिए जमीन नहीं मिल जाती। न्यायाधीश ने कहा कि दबाव या जनरल पूल की अनुपलब्धता अनुरोध को अस्वीकार करने का कारण नहीं हो सकती है। अदालत ने कहा-प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आज से 6 सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता के अनुरोध पर विचार करें और एक विस्तृत आदेश पारित करके तत्काल निर्णय लें।

### उच्च न्यायालय ने कहा-आवंटन के अधिकार से नहीं किया जा सकता है वंचित




अदालत ने यह भी कहा कि भले ही जमीन के आवंटन को लेकर पक्षों के बीच विवाद हो, लेकिन यह दल को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को जनरल पूल से सरकारी आवास के आवंटन के लिए समेकित निर्देशों के अनुसार, अस्थायी तौर पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई के आवंटन के अधिकार से वंचित किए जाने का कारण नहीं हो सकता है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी ने अदालत में कहा कि चूंकि प्राधिकारियों ने नई दिल्ली में प्रमुख स्थानों पर सभी अन्य राष्ट्रीय दलों को कार्यालय परिसरों के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है इसलिए यह सुनिश्चित करना भी उनकी जिम्मेदारी है कि उसे भी ऐसा ही आवंटन किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में आप को यहां राउज एवेन्यू स्थित उसके कार्यालयों को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था।

## मां बनीं महिलाओं को एकांत स्थान पर भेजने पर कर्नाटक को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक खबर को लेकर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी किया है, जिसमें तुमकुरु जिले के बिसाडीहल्ली क्षेत्र में हाल में मां बनीं और मासिक धर्म से गुजर रहीं महिलाओं को दूर और एकांत झोपड़ियों में छोड़े जाने का आरोप लगाया गया है। बुधवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि यदि खबर में दी गई जानकारी सही है, तो यह निर्दोष महिलाओं और नवजात शिशुओं के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। बयान में कहा गया है कि एनएचआरसी ने एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया है कि तुमकुरु जिले में हाल में सिजेरियन ऑपरेशन कराने वाली 19 वर्षीय को महिला एक दूर और निर्जन इलाके में स्थित झोपड़ी में छोड़ दिया गया है।

# दिल्ली में आंखों के अस्पताल में लगी भीषण आग

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली के लाजपत नगर में एक नेत्र अस्पताल में शार्ट सर्किट से लगी आग को बुझाते अग्निशमन कर्मी। ● एजेंसी

- शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग कोई हताहत नहीं

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में बुधवार को बच्चों के लिए आंखों के एक निजी अस्पताल में भीषण आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि ऐसा संदेह है कि दो मंजिला इमारत के भूतल पर शॉर्ट सर्किट के कारण एक एयर कंडीशनर में आग लगी। अस्पताल में आग लगने के बारे में सोशल मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। एक वीडियो में अस्पताल की इमारत से आग की लपटें निकलते हुए और आसमान में काले धुएं का गुबार उठते हुए देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि 'आई7 चौधरी आई सेंटर' में आग लगने के बारे में सूचना सुबह करीब साढ़े 11 बजे मिली और घटनास्थल पर दमकल की 12 गाड़ियों को भेजा गया है। आग पर काबू पाने के लिए बाद में और गाड़ियों को भेजा गया। अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के तुरंत बाद अस्पताल में मौजूद लोगों को बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि आग लगते ही अस्पताल के अंदर मौजूद करीब सात कर्मचारी बाहर निकल आए। उप मुख्य दमकल अधिकारी एस के दुआ ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 20 गाड़ियों को भेजा गया और अपराह्न एक बजे आग पर काबू पा लिया गया था।

## केजरीवाल से तिहाड़ जेल में पत्नी सुनीता व आप सांसद राघव चड्ढा ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को यहां तिहाड़ जेल में मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जेल नियमों के अनुसार दोनों को दोपहर एक बजे आधे घंटे के लिए आगंतुक कक्ष में 'आप' प्रमुख से मिलने की अनुमति दी गई। नियमों के अनुसार, जेल में एक कैदी से दो आगंतुक हफ्ते में दो बार मिल सकते हैं। कैदी को अपने परिवार के सदस्यों से प्रतिदिन पांच मिनट तक फोन पर बात करने की भी अनुमति है। जेल के एक सूत्र ने यह भी बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मंगलवार को अपनी कोठरी में टेलीविजन पर लोकसभा चुनाव के नतीजे देखे।

## गढ़चिरौली में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

गढ़चिरौली, एजेंसी

- पुलिस ने विस्फोटकों का जखीरा किया बरामद

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई और बाद में विस्फोटकों का एक जखीरा बरामद किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

गढ़चिरौली जिले के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि मंगलवार को खुफिया सूचना मिली थी कि नक्सलियों के अहेरी 'एलओएस' (स्थानीय अभियान दस्ता) के कुछ सशस्त्र कार्यकर्ता स्थानीय तेंदू पत्ता ठेकेदारों से धन उगाही करने के लिए जिले में घुसे हैं। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम रमेश के नेतृत्व में गढ़चिरौली पुलिस की विशेष नक्सल विरोधी इकाई सी-60 की एक टीम तुरंत महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर इंद्रावती नदी के तट पर स्थित क्षेत्र के लिए रवाना हुई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बुधवार सुबह ग्यारेवाड़ा गांव के पास नक्सलियों ने पुलिस की टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद जवाबी गोलीबारी की गई। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक, तार, बैटरियां, नक्सली साहित्य और नक्सलियों किट बैग बरामद किए गए।

## नकली नोट चलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अजमेर : राजस्थान में अजमेर की कोतवाली थाना क्षेत्र में नकली भारतीय मुद्रा चलाने वाले आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को बैंगलोर (कर्नाटक) में गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनों अजमेर में मदारगेट चौकी के नजदीक 500-500 के नकली नोटों से खिलौने खरीदने के मामले पकड़े गये आरोपियों से जानकारी मिली कि वे लोग पश्चिम बंगाल से नकली भारतीय मुद्रा लाकर अलग-अलग राज्यों में घूम घूमकर नोटों की सप्लाई करते है। पुलिस ने जानकारी मिलने पर गिरोह के अन्य दो सदस्यों प्रेम उर्फ मिथकड़ा अशरफ (34) निवासी चिक्कबिदर कल्लू नार्थ, नागासान्द्रा, बैंगलोर (कर्नाटक) एवं अबिन एम.एस. उर्फ कार्तिक (32) निवासी नरसिमानाईकिन पलायन, कोयम्बटूर (तमिलनाडु) को पकड़ा है। अजमेर कोतवाली थानाप्रभारी वीरेंद्र सिंह गिरफ्त में आये आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस को आरोपियों से बड़ा राज खुलने की उम्मीद है।

## सीबीएसई को लिखित और प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में मिली विसंगति

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोर्ड ने विद्यालयों को समीक्षा करने का दिया परामर्श

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 500 विद्यालयों के करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थियों के कुछ विषयों में लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंकों में महत्वपूर्ण विसंगति का पता लगाया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने विद्यालयों को उनकी आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा करने का परामर्श दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों को सलाह दी गई है कि वे प्रायोगिक परीक्षा का मूल्यांकन करते समय निष्पक्षता और सटीकता को प्राथमिकता दें और सुनिश्चित करें कि प्रक्रिया उचित और विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली हो। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा-केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से सीबीएसई से संबद्ध 500 विद्यालयों में कुछ विषयों के 50 प्रतिशत या इससे अधिक विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा और प्रायोगिक परीक्षा में मिले अंकों में कई महत्वपूर्ण विसंगित मिली है।


## छत्तीसगढ़ में एक इनामी समेत नौ नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक पर पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरसेगढ़ और मद्देड़ थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाई कर नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में मद्देड़ एरिया कमेटी का सदस्य लच्छु पूनेम (35) भी शामिल है जिसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत मद्देड़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी की गई है।

# विदेश यात्रा मौलिक अधिकार: हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने विदेश जाने की अनुमति देते हुए की टिप्पणी



बॉम्बे बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक मामले में कहा है कि विदेश यात्रा के अधिकार को देश के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के एक मामले में गवाह को थोड़े समय के लिए अमेरिका और ब्रिटेन जाने की अनुमति देते हुए अपने आदेश में यह बात कही। कोर्ट ने कहा कि विदेश यात्रा पर जाना किसी भारतीय व्यक्ति का उसका मौलिक अधिकार है।

न्यायमूर्ति कमल खाता और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की अवकाश पीठ ने गवाह संजय डांगी को 06 जून से 23 जून तक अमेरिका और ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति दी। एनडीएसआई गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रमोटर डांगी को सीबीआई ने वधावन प्रवर्तित दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) से जुड़े कथित घोटाले की जांच में गवाह के रूप में बुलाया था। ऑथम इन्वेस्टमेंट भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ पंजीकृत है और इसकी कुल संपत्ति 9,500 करोड़ रुपये है। पीठ ने अनुमति देते हुए डांगी के खिलाफ सीबीआई द्वारा जारी लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को भी 24 जून तक निलंबित कर दिया।

डांगी की ओर से पेश समक्ष याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता का नाम सीबीआई मामले में दायर आरोपपत्र में नहीं है और वास्तव में उसे गवाह के रूप में साक्ष्य देने के लिए एजेंसी द्वारा बुलाया गया था। इसके अलावा उन्हें पांच मौकों पर विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी और उन्होंने कभी भी अपने ऊपर लगाई गई शर्तों का उल्लंघन नहीं किया है।

## नवीन पटनायक का ओडिशा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा

**भुवनेश्वर।** बीजद के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने ओडिशा में अपने 24 साल के शासन का अंत करते हुए राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने बताया कि पटनायक ने राज भवन में राज्यपाल रघुबर दास को अपना इस्तीफा पत्र सौंपा। पटनायक के आवास पर बीजद के कई नेता एकत्रित हुए थे लेकिन वह अपना इस्तीफा देने अकेले ही राज्यपाल के आवास गए। बीजद अध्यक्ष ने बाहर इंतजार कर रहे पत्रकारों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया और अपना इस्तीफा पत्र सौंपने के बाद राज भवन से निकल गए।



# विश्व कप

लखनऊ, गुरुवार, 6 जून 2024
www.amritvichar.com

## खेल डायरी



### सिंधू इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में हारी

**जकार्ता।** भारत की शीर्ष शटलर पी वी सिंधू बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में चीनी ताइपे की सू वेन-ची से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला एकल स्पर्धा में 15-21, 21-15, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह वेन-ची के खिलाफ उनकी पहली हार है। ताइवान की खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराने में एक घंटे 10 मिनट का समय लगा। महिला युगल के अंतिम 32 दौर में रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो येओंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 12-21, 9-21 से हार गईं।

### चेन्नईयिन एफसी ने एल्सिन्हो से करार किया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को ब्राजील के रक्षापंक्ति के खिलाड़ी एलसन जोस डायस जूनियर (एल्सिन्हो) के साथ दो साल का करार किया, जिससे वह 2026 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में मिडफील्डर जितेंद्र सिंह की सेवाएं हासिल करने के बाद एल्सिन्हो इस टीम से 2024-25 सत्र से पहले जुड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने कहा एल्सिन्हो एक बहुमुखी, मजबूत और तकनीकी फुटबॉलर है जो मिडफील्ड और सेंटर बैक में अपनी सेवाएं दे सकता है। इससे हमें रक्षापंक्ति में बेहतर विकल्प मिलेगा। हमारी टीम में ब्राजील के खिलाड़ियों का बड़ा विकल्प होता है। एल्सिन्हो ने 2014 में क्लब एस्पोर्टिवो नविरैएन्से के साथ अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की। उन्होंने अपने करियर में अब तक 214 मैच खेले हैं। उन्होंने 15 गोल किए हैं और दो गोल करने में मदद की है।

### दाम्बुला फ्रेंचाइजी को मिला नया मालिक

**दाम्बुला।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को कहा कि लॉस एंजिल्स स्थित एक सिविल इंजीनियरिंग परामर्श फर्म लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) की दाम्बुला फ्रेंचाइजी की नई मालिक होगी जिसे 'दाम्बुला सिक्सर्स' नाम दिया है। इस फ्रेंचाइजी को दाम्बुला थंडर्स के नाम से जाना जाता था। इसका मालिक तमीम रहमान नाम का बांग्लादेश मूल का ब्रिटिश नागरिक था। मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण फ्रेंचाइजी के अनुबंध को समाप्त करने के साथ रहमान को गिरफ्तार कर लिया था। एसएलसी ने कहा लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया स्थित एक अग्रणी सिविल इंजीनियरिंग परामर्श कंपनी सिकोइया कंसल्टेंट्स एलपीएल टीम दाम्बुला का भविष्य संभालने के लिए आगे आई है। इस कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी प्रियंगा डी सिल्वा की है जो पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर हैं। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र एक जुलाई से शुरू होने वाला है। यह तीन शहरों कैंडी, दाम्बुला और कोलंबो में खेला जाएगा।

# जीत के साथ शुरू हुआ भारत का सफर

## आयरलैंड को आठ विकेट से हराया, रोहित ने जड़ा अर्धशतक, हार्दिक ने झटके तीन विकेट

न्यूयॉर्क, एजेंसी

हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की घातक गेंदबाजी के कप्तान रोहित शर्मा की (52) रनों की अर्धशतकीय तथा ऋषभ पंत के नाबाद (36) की पारियों के दम पर भारत ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के आठवें मुकाबले में आयरलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है।

रोहित शर्मा और विराट कोहली की सलामी जोड़ी ने 97 रनों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तेज शुरुआत की, इसी दौरान तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर विराट कोहली (1) मार्क ऐडेयर ने आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने अच्छी साझेदारी करते हुए टीम के स्कोर 76 रन तक पहुंचा था कि 10वें ओवर में रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। रोहित ने 37 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए 52 रनों की पारी खोली। सूर्यकुमार यादव दो रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत ने 26 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 36 रन बनाये। भारत ने 12.2 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से मार्क ऐडेयर और बेन व्हाइट ने एक-एक विकेट लिए।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड की पूरी टीम को 96 के स्कोर समेट दिया था। आज नैसो काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे ग्रुप ए के मुकाबले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर की पहली गेंदबाज पर अर्शदीप सिंह ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (2) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर में अर्शदीप ने एंडी बैलबर्नी (5) को बोल्ड कर अपने खाते में एक और विकेट का इजाफा कर लिया। सातवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने लोर्कान टकर (10) को बोल्ड कर दिया। हैरी टेक्टर (4) जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। कर्टिस कैमफर (12), जॉर्ज डॉकरेल (3), मार्क ऐडेयर (3), जॉश लिटिल (14) और गैरेथ डेलेनी 14 गेंद पर (26) रन बनाकर रनआउट हुये। आयरलैंड की पूरी टीम 16 ओवर में 96 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



हैरी टेक्टोर का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी




36 रनों की पारी के दौरान शॉट लगाने ऋषभ पंत ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

| आयरलैंड 96/10 (16 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| एंड्रयू बालबिरनी बो अर्शदीप | 5 | 10 | 1/0 |
| पॉल स्टर्लिंग कैच पंत बो अर्शदीप | 2 | 6 | 0/0 |
| लोरकन टकर कैच पंज बो हार्दिक | 10 | 13 | 2/0 |
| हैरी टेक्टोर कैच कोहली बो बुमराह | 4 | 16 | 0/0 |
| कर्टिस कैम्फर कैच पंत बोल्ड हार्दिक | 12 | 8 | 1/1 |
| जॉर्ज डॉकरेल कैच बुमराह बो सिराज | 3 | 5 | 0/0 |
| गैरेथ डेलानी रन आउट (सिराज/पंत) | 26 | 14 | 2/2 |
| मार्क एडेयर कैच शिवम दुबे बो हार्दिक | 3 | 2 | 0/0 |
| बैरी मैक्कार्थी और बोल्ड अक्षर | 0 | 6 | 0/0 |
| जोशुआ लिटिलब बुमराह | 14 | 13 | 2/0 |
| बेंजामिन व्हाइट नॉटआउट | 2 | 4 | 0/0 |

**अतिरिक्त रन: 15, गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-35-2, सिराज 3-0-13-1, बुमराह 3-0-6-2, हार्दिक 4-1-27-3, अक्षर 1-0-3-1, जडेजा 1-0-7-0

| भारत 97/2 (12.2 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा रिटायर हर्ट | 52 | 37 | 4/3 |
| विराट कोहली कैच व्हाइट बो एडेयर | 1 | 5 | 0/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 36 | 26 | 3/2 |
| सूर्यकुमार कैच डॉकरेल बो व्हाइट | 2 | 4 | 0/0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**अतिरिक्त रन: 6, गेंदबाजी:** मार्क एडेयर 4-0-27-1, जोशुआ लिटिल 4-0-42-0, बैरी मैक्कार्थी 2.2-0-18-0, कर्टिस कैम्फर 1-0-4-0, बेंजामिन व्हाइट-1-0-6-1

## मैंने द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर वह नहीं माने: रोहित



**न्यूयार्क।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वर्तमान कोच राहुल द्रविड़ से उन्होंने पद के लिए आवेदन करने का आग्रह किया था लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हुआ। टी-20 विश्वकप 2024 में आयरलैंड के साथ होने वाले मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में रोहित ने कहा मैंने उन्हें मनाने की बहुत प्रयास किया लेकिन कई और चीजे हैं, जिनका उनको ख्याल रखना है। मैंने व्यक्तिगत रूप से उनके कार्यकाल को बहुत पसंद किया है। मुझे पता है कि टीम के अन्य सदस्य भी यही बात कहेगा।

टूर्नामेंट जीतने के सवाल पर कहा, हमने इस बारे में नहीं सोचा है। जब मैंने आयरलैंड में पर्दापण किया था, वह मेरे पहले अंतर्राष्ट्रीय कप्तान थे तो मेरा और उनका संबंध बहुत लंबा है। वह हम सबके लिए एक रोल मॉडल हैं। हम उनको खेलते देख ही बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, हम जानते है कि उन्होंने एक खिलाड़ी के रूप में उन्हें क्या मिला है। वह कई बार टीम को मुश्किल परिस्थितियों से निकालकर ले गए हैं। वह इसी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने करियर के दौरान दृढ़ निश्चय दिखाया है। एक कोच के रूप में जब वह टीम में आए, तो मैं उनसे यही सब सीखना चाहता था। तो ट्रॉफी जीतने से अधिक यह सब जरूरी था।

वैसे हमने कई बड़ी सीरीज और टूर्नामेंट भी इस दौरान जीते। मैंने उनके साथ काम करने के हर एक क्षण आनंद लिया। एक टीम के रूप में हम यही चाहते थे। मैंने इन सबके बारे में बहुत सोचा है। अब मैं केवल अपने खेल और टीम की मदद के लिए जा रहा हूं। मेरा ध्यान अब बस यही है।

# ऑस्ट्रेलिया की नजरें इतिहास रचने पर अमेरिका के खिलाफ उतरेगा पाकिस्तान

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

विश्व टेस्ट चैंपियन मेस (गदा) और 50 ओवर के विश्व कप का खिताब पहले ही जीत चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप में जब ओमान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी नजरें एक ही समय में तीनों विश्व खिताब अपने काम करने वाली पहली टीम बनने पर टिकी होंगी। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपने अनुभवी खिलाड़ियों हैं। टी-20 विश्व कप खिताब लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया से दूर रहा लेकिन 2021 में टीम ने पहली बार इस प्रारूप में विश्व कप जीता।

ऑस्ट्रेलियाई टीम में मैच विजेताओं की कोई कमी नहीं है। ऑलराउंडर और नवनियुक्त कप्तान मिचेल मार्श तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में हैं और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तथा एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में भारत के खिलाफ टीम की जीत में अहम भूमिका निभा चुके हैं। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा। वहीं दिन के दूसरे मैच में पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता पाकिस्तान की भिड़ंत अमेरिका से होगी। कागजों पर बाबर आजम की टीम जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन हालिया फॉर्म को देखते हुए टीम की राह आसान नहीं होने वाली। कनाडा के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में सात विकेट की जीत के बाद अमेरिका की टीम आत्मविश्वास से भरी है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।



### चोट के कारण अमेरिका के खिलाफ नहीं खेलेंगे इमाद वसीम

**डलास।** ऑलराउंडर इमाद वसीम मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गुरुवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। कप्तान बाबर आजम ने कहा कि वसीम मांसपेशियों में खिंचाव से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं और बाएं हाथ के इस स्पिनर की प्रगति पर नजर रखी जा रही है। बाबर ने यहां मीडिया से कहा मेडिकल स्टाफ उस पर नजर रखे हुए है और वह विश्व कप के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध रहेगा। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस अनुभवी टी-20 विशेषज्ञ खिलाड़ी को संन्यास से वापसी कराई गई। वसीम के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को भी टी-20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में चुना गया है।

## कार्लसन से हारे प्रज्ञानानंदा वैशाली ने मुजिचुक को हराया

स्टावेंगर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि उनकी बड़ी बहन आर वैशाली ने सातवें दौर के बाद शीर्ष पर चल रही यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया। इस जीत के साथ कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अमेरिका के फाबियानो करूआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब जब सिर्फ दो दौर का खेल बाकी है तब कार्लसन 14.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि अलीरेजा उनसे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर हैं। करूआना नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि लिरेन सिर्फ 4.5 अंक के साथ अंतिम पायदान पर हैं। महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने स्वीडन की पिया क्रेमलिंग के खिलाफ जीत से 14.5 अंक के साथ बढ़त बना ली है। उन्हें वैशाली के खिलाफ मुजिचुक की हार से भी फायदा मिला। यूक्रेन की मुजिचुक 13 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनसे 1.5 अंक पीछे वैशाली 11.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।

नॉर्वे शतरंज



## अफरीदी बोले भारत-पाकिस्तान सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी

**न्यूयॉर्क।** पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय सुपर बाउल के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी-20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी।

दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी। क्रिकेट का यह सबसे बड़ा मुकाबला पहली बार अमेरिका की सरजमीं पर हो रहा है और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी दर्शकों के बीच बैठकर इसके गवाह बनेंगे। टी20 विश्व कप के दूत अफरीदी ने आईसीसी से कहा, वे अमेरिकी जो टूर्नामेंट के बारे में जानना चाह रहे हैं। मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है।

## टीम अपनी खामियों को सुधारेगी: नवनीत कौर

लंदन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग के यूरोपीय दौरे के दूसरे चरण में लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा टीम एकजुटता के साथ अपनी खामियों को दूर करने के लिए काम कर रही है।

उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, हमारा ध्यान अब आवश्यक समायोजन और रणनीति बनाने पर है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम अपने शेष मैचों में मजबूती से आगे बढ़ें। हमारा मानना है कि आने वाले मैचों का महत्व न केवल टूर्नामेंट के लिए है, बल्कि एक टीम के रूप में उभरकर आगे बढ़ने का समय है, इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपनी खामियों को दूर करने के साथ टीम को मजबूत बनाने के लिए एकजुट हैं। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में हमें कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन प्रत्येक मैच हमारे लिए एक मूल्यवान सीख रही। बेल्जियम और ब्रिटेन के साथ करीबी मुकाबलों में असफलताओं के बावजूद टीम ने लचीलापन और सुधार दिखा। जैसा कि हम अपने शेष दो मैचों में फिर से जर्मनी और ब्रिटेन का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं, हम अपने पिछले प्रदर्शन का विश्लेषण करने और सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य अपनी कड़ी मेहनत को सकारात्मक परिणामों में बदलना है।



# यह सिर्फ मेरे आखिरी मैच के बारे में नहीं : छेत्री

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने बुधवार को अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को लेकर चल रही सुर्खियों को कम महत्व देते हुए यहां कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा विश्व कप क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की।

भारत अगर गुरुवार को खेले जाने वाले इस मैच को जीत जाता है तो फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में उसकी जगह लगभग पक्की हो जाएगी। फीफा विश्व कप का आयोजन 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होना है। इस में भाग लेने वाली एशिया की टीम का फैसला तीसरे चरण के क्वालीफायर के बाद होगा। छेत्री ने पिछले महीने घोषणा की थी कि कुवैत के खिलाफ फीफा क्वालीफायर का दूसरे चरण का मैच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका आखिरी मैच होगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 19 साल तक भारतीय फुटबॉल का चेहरा रहे इस खिलाड़ी ने कुवैत के खिलाफ कहा, मुझे लगता है कि हममें से ज्यादातर लोग 20 दिन पहले ही मिल चुके हैं और हमने मेरे करियर की आखिरी मैच की बात कर ली है। यह हो चुका है। हम यहां केवल और केवल कुवैत और भारत के बारे में बात करने के लिए आए हैं।

भावुक छेत्री ने अनुरोध किया कि वे उनसे बार-बार उनके संन्यास के बारे में न पूछें ताकि वह खुले दिमाग से खेल सकें। यह मेरे और मेरे अंतिम मैच के बारे में नहीं है, यह हमारे और कुवैत के बारे में है। और मैं अपने अंदर एक छोटे से संघर्ष से गुजर रहा हूं। कृपया बार-बार आप कैसा महसूस कर रहे हैं पूछकर इसे बदतर न बनाएं। केवल आप ही लोग हैं जो यह सवाल पूछ रहे हैं। हम ड्रेसिंग रूम में इसके बारे में बात नहीं करते हैं। हम वास्तव में यह मुकाबला जीतना चाहते हैं।



### इटली ने तुर्की से खेला गोल रहित ड्रॉ, पुर्तगाल ने फिनलैंड को हराया



**मिलान।** इटली ने अगले महीने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा का अभियान शुरू करने से पहले अभ्यास मैच में तुर्की के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला। इटली के खिलाफ मैच के दौरान तुर्की के डिफेंडर ओजान केबाक को गंभीर चोट लीग और उनके जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 से बाहर होने की आशंका है। इटली को अपना दूसरा मैत्री मैच रविवार को बोस्निया-हर्जेगोविना के खिलाफ खेलना है जिसके बाद टीम यूरो 2024 में 15 जून को अल्बानिया के खिलाफ खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत करेगी। दूसरी तरफ स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे पुर्तगाल ने फिनलैंड को 4-2 से हराया। फिनलैंड के खिलाफ पुर्तगाल के लिए ब्रूनो फर्नांडिज ने दो जबकि रूबेन डियाज और डिएगो जोटा ने एक-एक गोल किया। फिनलैंड के लिए दोनों गोल तेमु पुकी ने दागे। ऑस्ट्रिया ने सर्बिया को 2-1 से हराया जबकि आयरलैंड ने हंगरी को हराकर उसके अजेय अभियान को थाम दिया।

## एमएलसी से जुड़े कमिंस, सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स से करार

**मेलबर्न।** तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने सेन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ चार साल का करार किया है जिससे वह मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) से जुड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं।

अमेरिका की इस फ्रेंचाइजी टी-20 लीग को आईसीसी से लिस्ट ए का दर्जा मिला है और इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र छह से 29 जुलाई तक खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कमिंस ने कहा एमएलसी काफी तेजी से प्रगति कर रहा है और क्रिकेट के लिए अमेरिका के बाजार में काफी क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया को अगले साल जून-जुलाई में पूर्ण श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करना है और यह देखना होगा कि यह शीर्ष तेज गेंदबाज तब इस टी-20 लीग के लिए उपलब्ध रहता है या नहीं। सेन फ्रांसिस्को की टीम में ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क कमिंस के साथी होंगे।

# घुटने की सर्जरी के कारण जोकोविच फ्रेंच ओपन और विंबलडन से बाहर

पेरिस, एजेंसी

दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच घुटने की सर्जरी के कारण फ्रेंच ओपन और एक जुलाई से शुरू होने वाले विंबलडन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पेरिस में जोकोविच के घुटने की सर्जरी होनी है इस प्रक्रिया को लेकर उन्होंने फ्रेंच ओपन से अपना नाम वापस ले लिया था और अब एक जुलाई से शुरु होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सर्जरी के बाद स्वस्थ्य होने में लगने वाले समय के कारण सात सप्ताह बाद शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक में भी उनके भाग लेने पर संशय बन गया है।

रोलैंड गैरोस में कोर्ट की स्थितियों और जोकोविच की चोट के बीच संबंध एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है। जिसने खिलाड़ियों की सुरक्षा और टूर्नामेंट प्रबंधन पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया हैं। इससे पहले साइबेरिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने सोशल मीडिया पर कहा मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे रोलैंड गैरोस से हटना पड़ रहा है, मैंने कल के मैच में पूरे दिल से खेला और अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और दुर्भाग्य से, मेरे दाहिने घुटने में एक मेनिस्कस टियर के कारण मेरी टीम और मैंने सावधानीपूर्वक विचार किया, जिसके बाद एक कठिन निर्णय लेना पड़ा। मैं इस सप्ताह फ्रेंच ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और अपने प्रशंसकों को उनके प्यार और निरंतर समर्थन के लिए ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं।



### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी सेमीफाइनल में

**पेरिस।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी बेल्जियम के सैंडर जिले और जोरान वी को हराकर फ्रेंच ओपन पुरूष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दोनों ने 7-6, 5-7, 6-1 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन को जीतने में एक घंटा और चार मिनट लगे। उन्होंने पहला सेट कड़े मुकाबले में जीता लेकिन दूसरे में प्रतिद्वंद्वी टीम ने वापसी की। तीसरे सेट में मुकाबला बिल्कुल एकतरफा रहा और बोपन्ना तथा एबडेन ने बेल्जियम की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बोपन्ना और एबडेन ने पहले और तीसरे दौर में भी तीन सेट के मुकाबले खेलने पड़े थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

